

वेस्टर्न कोलफील्ड्स लिमिटेड

(कोल इण्डिया लिमिटेड की एक अनुषंगी कंपनी)

एक मिनिरत्न (कैट-I) कंपनी

www.westerncoal.in

वार्षिक प्रतिवेदन एवं लेखा

2019-20

लक्ष्य

कोल इण्डिया लिमिटेड का लक्ष्य सुरक्षा, संरक्षण एवं गुणवत्ता को सम्यक प्रतिष्ठा प्रदान करते हुए दक्षतापूर्वक और मितव्ययिता के साथ पर्यावरण के अनुकुल योजनाबद्ध परिमाण में कोयला एवं कोयला उत्पाद का उत्पादन एवं विपणन करना है।

संकल्पना

खदान से बाजार तक सर्वोत्तम प्रथाओं के माध्यम से पर्यावरण और सामाजिक रूप से टिकाऊ विकास को प्राप्त करते हुए देश को ऊर्जा सुरक्षा प्रदान करने की प्रतिबद्धता के साथ प्राथमिक ऊर्जा क्षेत्र में वैश्विक कंपनी के रूप में उभरना।

सूचीपत्र

विषयवस्तु	पृष्ठ क्रमांक
कंपनी अवलोकन	
कॉर्पोरेट संबंधित जानकारी----------	01-02
निदेशक मण्डल----------	03-08
वार्षिक आमसभा की सूचना----------	09-13
अध्यक्षीय कथन----------	14-20
की ट्रेंड्स----------	21-21
प्रचालन के आंकड़े----------	22-37
सांविधिक रिपोर्ट	
निदेशकों की रिपोर्ट तथा प्रबंधकीय चर्चा और विश्लेषण----------	38-97
निदेशकों की रिपोर्ट के अनुबंध----------	98-113
निदेशकों की रिपोर्ट के परिशिष्ट----------	114-140
वित्तीय विवरण	
तुलनपत्र----------	141-142
लाभ एवं हानि लेखा----------	143-144
कैस्फ्लो स्टेटमेंट----------	145-146
इक्विटी में परिवर्तन का विवरण----------	147-148
वित्तीय विवरण के नोट्स----------	149-231

वेस्टर्न कोलफील्ड्स लिमिटेड
वार्षिक प्रतिवेदन एवं लेखा
www.westerncoal.in पर उपलब्ध

कार्पोरेट जानकारी

पंजीकृत कार्यालय
कोल इस्टेट, सिविल लाइन्स,
नागपुर- 440001

सांविधिक लेखा परीक्षक
मेसर्स लक्ष्मी तृप्ति एंड असोशीएट्स
चार्टड अकाऊटंटस्, दुर्ग

शाखा लेखा परीक्षक

मेसर्स रोडी दाबीर एण्ड कंपनी चार्टड अकाऊटंटस्, नागपुर	मेसर्स रतन चांडक एण्ड कंपनी चार्टड अकाऊटंटस्, नागपुर

लागत लेखा परीक्षक

मेसर्स आर. एम. बंसल एण्ड कंपनी लागत लेखाकार कानपुर	मेसर्स जोशी आप्टे एंड असोशीएट्स, लागत लेखाकार पूना	मेसर्स एस.सी. मोहंती एंड असोशीएट्स, लागत लेखाकार भुवनेश्वर	मेसर्स मूर्ति एंड कंपनी एलएलपी, लागत लेखाकार बेंगलुरु

सचिवीय लेखा परीक्षक
श्री रामानुज सत्यनारायण असावा,
कंपनी सचिव,
नागपुर

अमानतदार
मेसर्स नेशनल सिक्योरिटीज डिपाजिटरी लिमिटेड

रजिस्ट्रार एवं शेयर ट्रान्सफर एजेंट (आरटीए)
मेसर्स एनएसडीएल डेटाबेस मैनेजमेंट लिमिटेड, मुंबई

अंतर्राष्ट्रीय सिक्योरिटीज पहचान क्रमांक (आईएसआईएन)
INE03XF01014

बैंकर्स

इलाहाबाद बैंक	आंध्रा बैंक	एक्सिस बैंक
बैंक ऑफ बरोडा	बैंक ऑफ इंडिया	बैंक ऑफ महाराष्ट्र
केनरा बैंक	सेंट्रल बैंक ऑफ इंडिया	कारपोरेशन बैंक
एचडीएफसी बैंक	आयसीआयसीआय बैंक	इंडियन बैंक
ओरिएंटल बैंक ऑफ कॉमर्स	पंजाब नेशनल बैंक	स्टेट बैंक ऑफ इंडिया
सिंडिकेट बैंक	यूको बैंक	यूनियन बैंक ऑफ इंडिया
यूनाइटेड बैंक		

इकाइयों की स्थिति

वेस्टर्न कोलफील्ड्स लिमिटेड की खदानें महाराष्ट्र और मध्य प्रदेश राज्य में स्थित हैं। प्रभावी प्रशासनिक नियंत्रण और संचालन के लिए, खदानों को निम्नानुसार 10 (दस) क्षेत्रों में समूहीकृत किया गया है। खदानों का जिला / राज्यवार वितरण इस प्रकार है:

क्षेत्र	जिला	राज्य	31.03.2020 को खदानों की स्थिति		
			भूमिगत	ओपन कास्ट	मिश्रित
नागपुर , उमरेड चंद्रपुर, बल्लारपुर, माजरी, वणी एवं वणी नार्थ	नागपुर, चंद्रपुर एवं यवतमाल	महाराष्ट्र	15	37	00
पेंच, कन्हान, पाथाखेड़ा	छिंदवाड़ा, बैतूल	मध्यप्रदेश	13	06	02
कुल खदानों की संख्या - 73			28	43	02

वेस्टर्न कोलफील्ड्स लिमिटेड
(कोल इंडिया लिमिटेड की अनुषंगी कंपनी)
निदेशक मंडल
(वर्ष 2019-20)

अध्यक्ष-सह-प्रबंध निदेशक

श्री राजीव आर. मिश्र	11.10.2014 से

कार्यकारी निदेशकगण

डॉ. संजय कुमार	कार्मिक (23.07.2015 से)
श्री एस.एम. चौधरी	वित्त (02.03.2016 से 12.10.2019 एवं 17.10.2019 से)
श्री मनोज कुमार	तकनीकी (29.11.2018 से)
श्री अजीत कुमार चौधरी	तकनीकी (14.12.2018 से)

सरकारी निदेशकगण (अंशकालिक)

श्री भबानी प्रसाद पति	संयुक्त सचिव , कोयला मंत्रालय, नई दिल्ली (17.03.2020 से)
श्री आर.पी. श्रीवास्तव	निदेशक (कार्मिक और औ.सं.), कोल इंडिया लिमिटेड, कोलकाता (19.02.2018 से)
श्री अनिमेष भारती	आर्थिक सलाहकार, कोयला मंत्रालय, नई दिल्ली (16.03.2020 तक)

गैर-कार्यकारी निदेशकगण (अंशकालिक)

डॉ. दर्शना सी. देशमुख	(25.07.2019 से)
श्री किरिट एन. शेलॅट	(16.11.2019 तक)
श्री एन. रामाराव	(16.11.2019 तक)
श्री इंद्र घोष	(16.11.2019 तक)
श्री महेंद्रकुमार भट्ट	(16.11.2019 तक)

स्थायी आमंत्रिथि

श्री डी.के. सिंह	प्रधान मुख्य संचालन प्रबंधक, मध्य रेलवे, मुम्बई (07.05.2018 से)

कंपनी सचिव

श्री रामेहर	(01.02.2008 से)

वेस्टर्न कोलफील्ड्स लिमिटेड

(कोल इंडिया लिमिटेड की अनुषंगी कंपनी)

निदेशक मंडल

(12 अगस्त 2020 को)

अध्यक्ष-सह-प्रबंध निदेशक

श्री राजीव आर. मिश्र

कार्यकारी निदेशकगण

डॉ. संजय कुमार	कार्मिक
श्री मनोज कुमार	तकनीकी
श्री अजीत कुमार चौधरी	तकनीकी
श्री राजेंद्र प्रसाद शुक्ला	वित्त

सरकारी निदेशकगण (अंशकालिक)

श्री भबानी प्रसाद पति	संयुक्त सचिव , कोयला मंत्रालय, नई दिल्ली
श्री आर.पी. श्रीवास्तव	निदेशक (कार्मिक और औ.सं.), कोल इंडिया लिमिटेड, कोलकाता

गैर-कार्यकारी निदेशकगण (अंशकालिक)

डॉ. दर्शना सी. देशमुख

स्थायी आमंत्रिथि

श्री डी.के. सिंह	प्रधान मुख्य संचालन प्रबंधक, मध्य रेलवे, मुम्बई

कंपनी सचिव

श्री रामेहर

निदेशकों का संक्षिप्त पर्शिवका

श्री राजीव रंजन मिश्र (59), कंपनी के अध्यक्ष-सह-प्रबंध निदेशक हैं। उन्होंने भूविज्ञान में मास्टर डिग्री और कार्मिक प्रबंधन तथा औद्योगिक संबंधों में स्नातकोत्तर डिप्लोमा प्राप्त किया है। श्री मिश्र ने तीन दशक पहले अपने कैरियर की शुरुआत सीएमपीडीआईएल से की थी। इस लंबी यात्रा के दौरान, श्री मिश्र ने सीएमडी, वेस्टर्न कोलफील्ड्स लिमिटेड के रूप में जिम्मेदारी संभालने लेने से पहले कोल इंडिया लिमिटेड, सीएमपीडीआईएल, नॉर्दर्न कोलफील्ड्स लिमिटेड, सेंट्रल कोलफील्ड्स लिमिटेड और ईस्टर्न कोलफील्ड्स लिमिटेड में कार्मिक, मानव संसाधन विकास आदि क्षेत्रों में अलग-अलग पदों पर अपनी सेवाएं दीं।

श्री मिश्र अपनी टीम बिल्डिंग कैपेसिटी और रणनीतिक प्रबंधन कौशल के लिए जाने जाते हैं। उन्हें भू अधिग्रहण एवं भूमि के भौतिक अधिपत्य, परियोजना योजना और उसका क्रियान्वयन, आउट ऑफ बॉक्स एप्रोच, व्यवसाय विविधता के क्षेत्र में विभिन्न उपलब्धियों के साथ आखिरकार बिज़नेस मॉडल के पुनरुद्धार और जीवनाधार के लिए श्रेय दिया जाता है। व्यवसाय से परे, वे दिल से एक सच्चे परोपकारी इंसान हैं। वह हमेशा सामाजिक कल्याण के कार्यो को प्रमुखता देते हैं। उन्हें भूमि प्रभावितों को रोजगार देने, भूमि प्रभावित परिवारों के पुनर्वास, कर्मचारियों और उनके परिवारों के जीवन स्तर और गुणवत्ता, ट्रस्ट बिल्डिंग के उपाय, कौशल विकास, खदानों से निकलने वाले पानी के लाभकारी उपयोग, इको पर्यटन सतत और समावेशी विकास में अपने व्यक्तिगत प्रयासों के लिए पहचाना जाता है। श्री मिश्र को मानव संसाधन प्रबंधन, प्रशासन, अभिशासन, प्रदर्शन आदि क्षेत्रों में उत्कृष्टता पुरस्कारों से नवाजा गया है।

वर्तमान कार्यभार से पहले, आप सेंट्रल कोलफील्ड्स लिमिटेड में निदेशक (कार्मिक) के पद पर आसीन थे। आपके पास सिंगरैनी कॉलियरी कंपनी लिमिटेड की डायरेक्टरशीप है तथा आप सीआईएल बोर्ड के स्थायी आमंत्रित सदस्य हैं। श्री मिश्र विभिन्न क्षमताओं के रूप में अनेक व्यावसायिक निकायों से जुड़े हैं। सीएमडी, डब्ल्यूसीएल के रूप में अपने कार्यकाल के दौरान, उन्हें 23/11/2016 से 14/06/2017 तक सीएमडी, ईस्टर्न कोलफील्ड्स लिमिटेड तथा 19/06/2017 से 18/02/2018 तक निदेशक (पी एंड आईआर), कोल इंडिया लिमिटेड का अतिरिक्त प्रभार सौंपा गया था। उन्होंने 25/09/2018 से 14/06/2019 तक महानदी कोलफील्ड्स लिमिटेड के अध्यक्ष-सह-प्रबंध निदेशक का अतिरिक्त प्रभार भी संभाला है।

डॉ. संजय कुमार (57) 23 जुलाई, 2015 से हमारी कंपनी के निदेशक (कार्मिक) हैं। डॉ.कुमार ने राजस्थान विश्वविद्यालय से विज्ञान में स्नातक की डिग्री हासिल की एवं लखनऊ विश्वविद्यालय से एचआर में एमबीए किया है और राजस्थान विश्वविद्यालय से प्रबंधन में डॉक्टर की उपाधि प्राप्त की। डॉ. कुमार ने डब्लूसीएल में उस समय अपना कार्यभार ग्रहण किया, जब वेस्टर्न कोलफील्ड्स लिमिटेड ने अपनी अभूतपूर्व बदलाव की पटकथा लिखना प्रारंभ किया था। अपनी बहुमुखी प्रतिभा के साथ डॉ.कुमार ने वेकोलि में एक असाधारण परिवर्तन लाने में एक पथप्रदर्शक का कार्य किया। मार्केटिंग और सेल्स के अतिरिक्त प्रभार के साथ निदेशक (कार्मिक) के रूप में डॉ.कुमार ने अन्य क्षेत्रों के अलावा कर्मचारियों एवं भू-प्रभावितों के कल्याण, औद्योगिक संबंध, निगमित सामाजिक उत्तरदायित्व, सुरक्षा, भूराजस्व हेतु नीति प्रतिपादित करने में अपना योगदान दिया। आप अपनी टीम के साथ कुछ नया सीखने का वातावरण निर्माण करने में कार्यशील रहें, जिसका न केवल कर्मचारियों बल्कि पणधारियों (स्टेक होल्डरों) को भी महत्व दिया गया। निदेशक(कार्मिक) के रूप में उत्थान के पूर्व डॉ. कुमार कर्मचारी संबंध, निष्पादन प्रबंधन एवं जीविका उन्नति से संबंधित कार्यान्वयन नीतिगत मामलों को देख रहे थे। कोल इंडिया में कार्यभार ग्रहण करने के पूर्व इन्होंने तेल और गैस सेक्टर के अग्रणी सार्वजनिक उपक्रमों में विभिन्न पदों पर कार्य किया।

श्री एस. एम. चौधरी (58) हमारी कंपनी में 17/10/2019 से निदेशक (वित्त) के रूप में कार्यरत हैं। इससे पहले, श्री चौधरी 03/03/2016 से 12/10/2019 तक हमारी कंपनी के निदेशक थे और साउथ ईस्टर्न कोलफील्ड्स लिमिटेड के बोर्ड में निदेशक (वित्त) के रूप में नियुक्ति पर उन्होंने 12/10/2019 को प्रभार वापस कर दिया था और 17/10/2019 से उन्हें कंपनी के निदेशक (वित्त) का अतिरिक्त प्रभार सौंपा गया है।श्री चौधरी एक योग्य सनदी लेखाकार (सीए), लागत एवं प्रबंधन लेखाकार एवं कंपनी सचिव है। आपने इंस्टिटयूट ऑफ चार्टर्ड एकाउंटेंटस आफ इंडिया से आईएफआरएस एवं इन्डायरेक्ट टैक्स में सर्टिफाइड कोर्स भी किया है। आपने अपना व्यावसायिक जीवन सेंट्रल कोलफील्डस लिमिटेड से प्रारंभ किया एवं वहां विभिन्न पदों पर कार्य किया। आप कोयला उद्योग में करीब 3 दशकों से अधिक समय से अपनी सेवाएं दे रहे हैं। इसके पूर्व आप कोल इंडिया लिमिटेड के महाप्रबंधक (वित्त) प्रभारी थे। उन्होंने 28/12/2018 से 04/04/2019 तक साउथ ईस्टर्न कोलफील्ड्स लिमिटेड के निदेशक (वित्त) का अतिरिक्त प्रभार भी संभाला। श्री चौधरी को कोल इंडिया द्वारा माइन क्लोजर प्लान से संबंधित अद्धितीय वित्तीय योजना की औपचारिकताओं के लिए विशेष पुरूस्कार प्रदान किया गया है।आप विभिन्न व्यावसायिक निकायों में विभिन्न पदों पर आसीन रहे हैं। मुंबई में 19 जनवरी, 2018 को इंस्टीट्यूट ऑफ चार्टर्ड अकाउंटेंट्स ऑफ इंडिया द्वारा अपने 11वें आईसीएआई अवार्ड 2017 की पीएसयू श्रेणी में उन्हें सर्वश्रेष्ठ सीएफओ पुरस्कार से सम्मानित किया गया। उन्हें वर्ष 2019-20 के लिए नई दिल्ली के इंस्टीट्यूट ऑफ चार्टर्ड अकाउंटेंट्स ऑफ इंडिया के सेंट्रल कमेटी फॉर एंटरप्रेन्योरशिप एंड पब्लिक सर्विसेज (सीएमईपीएस) में सदस्य के रूप में नामित किया गया है।

श्री मनोज कुमार (56) ने 29 नवंबर, 2018 को हमारी कंपनी के निदेशक (तकनीकी) का पदभार संभाला। श्री कुमार इंडियन स्कूल ऑफ माइंस, धनबाद से 1985 बैच के डिस्टिंक्शन के साथ माइनिंग इंजीनियर हैं। उन्होंने वर्ष 1989 में प्रथम श्रेणी खान प्रबंधक का प्रमाण पत्र प्राप्त किया। उन्होंने 1993-94 में आईएसएम, धनबाद से रॉक उत्खनन इंजीनियरिंग में एम.टेक किया है और वे उसमें गोल्ड मेडलिस्ट हैं।
उन्होंने डब्ल्यूसीएल/ एसईसीएल से खनन उद्योग में अपना कैरियर शुरू किया। वे तीन दशकों से अधिक समय से कोयला उद्योग में सेवाएँ दे रहे हैं। उस अवधि के दौरान उन्होंने विभिन्न पदों पर डब्ल्यूसीएल, एसईसीएल और ईसीएल में कार्य किया। वे कठिन भूमिगत खनन विधियों और सतत खान प्रौद्योगिकी में अपनी विशेषज्ञता के लिए जाने जाते हैं। भूमिगत और ओपनकास्ट कोयला खनन के अपने व्यावहारिक अनुभव के साथ योजना और कुशल संविदा प्रबंधन में समृद्ध हैं । उन्होंने जिन स्थानों पर काम किया है, वहां वृद्धि और उत्पादन की स्थिरता में महत्वपूर्ण भूमिका निभाई है। नई पहल करने में गहरी रुचि है। उन्होंने परियोजना प्रबंधन और कोयला खनन पर विभिन्न कार्यक्रमों में भाग लेने के लिए यूएसए, दक्षिण अफ्रीका, ऑस्ट्रेलिया और जिनेवा का दौरा किया है।

श्री अजीत कुमार चौधरी (58), 14 दिसंबर 2018 से हमारी कंपनी के निदेशक (तकनीकी) हैं। श्री चौधरी 1984 बैच के आईआईटी - इंडियन स्कूल ऑफ माइंस, धनबाद से माइनिंग इंजीनियर हैं। उन्होंने 1989 में आईआईटी -आईएसएम, धनबाद से "ओपनकास्ट माइनिंग" में स्नातकोत्तर किया। इसके बाद, उन्होंने 1990-92 में फ्लाई ऐश मैनेजमेंट में मास्टर ऑफ साइंस की डिग्री प्राप्त करने के लिए साउथ इलिनोइस यूनिवर्सिटी, कार्बोंडेल, यूएसए में प्रवेश लिया।
उन्हें कोयला उद्योग में तीन दशकों से अधिक का अनुभव है। अपने कार्यकाल के दौरान उन्होंने विभिन्न पदों पर ईसीएल, एसईसीएल, सीएमपीडीआईएल, सीसीएल और एनसीएल में काम किया है। उन्होंने विभिन्न तकनीकी परियोजनाएं जैसे उच्च शक्ति एप्लीकेशन और संक्षारण प्रतिरोध रूफ बोल्ट, शार्ट वाल माइनिंग

प्रौद्योगिकी, फ्लाई ऐश प्रबंधन में महत्वपूर्ण भूमिका निभाई है। तकनीकी क्षेत्रों में अपनी विशेषज्ञता से उन्होनें री-इंजीनियरिंग की प्रक्रिया सीसीएल के राजरप्पा ओसीपी और एनसीएल के अमलोहरी, जयंत और निघाही ओसीपी में अपनाई है।

उन्होंने उन्नत प्रबंधन विकास कार्यक्रम और अपने शोध कार्य के लिए स्वीडन, जर्मनी और यूएसए का दौरा किया है। उन्होंने विभिन्न राष्ट्रीय और अंतर्राष्ट्रीय कार्यक्रमों में तकनीकी संबंधी दस्ताबेज प्रस्तुत किए हैं। वे विभिन्न तकनीकी संस्थानों से भी जुड़े हुए हैं।

श्री भबानी प्रसाद पति (49), संयुक्त सचिव, कोयला मंत्रालय, 17 मार्च, 2020 से वेस्टर्न कोलफील्ड्स लिमिटेड के बोर्ड में सरकारी नामित निदेशक हैं। श्री पति 03.10.2018 से भारत कोकिंग कोल लिमिटेड के बोर्ड में पार्ट टाइम सरकारी निदेशक भी हैं। श्री पति गुजरात कैडर से भारतीय वन सेवा के अधिकारी हैं। उन्होंने उत्कल विश्वविद्यालय से वनस्पति विज्ञान में एम.एस.सी की है। संयुक्त सचिव, कोयला मंत्रालय के रूप में अपनी पदस्थापना से पहले उन्होंने मुख्य वन संरक्षक (वी एंड पी), गुजरात वन विभाग के रूप में काम किया और गुजरात खनिज विकास निगम में मुख्य महाप्रबंधक भी थे।

श्री आर. पी. श्रीवास्तव (59) ने कोल इंडिया लिमिटेड के निदेशक (कार्मिक एवं औद्योगिक संबंध) का कार्यभार दिनांक 31.01.2018 को ग्रहण किया। इससे पूर्व वे राष्ट्रीय इस्पात निगम लिमिटेड, विशाखापट्टनम के कार्मिक निदेशालय में कार्यकारी निदेशक (निगमित सेवाएं) के पद पर कार्यरत थे। इन्होंने भारत के विशिष्ट संस्थानों में से एक एमडीआई, गुडगांव से प्रबंधन में स्नातकोत्तर डिप्लोमा किया है। स्टील अथॉरिटी ऑफ इंडिया लिमिटेड (सेल) द्वारा आयोजित अखिल भारतीय स्तर की प्रतियोगी परीक्षा के माध्यम से चयनित होने के बाद श्री आर.पी. श्रीवास्तव ने राष्ट्रीय इस्पात निगम लिमिटेड के विशाखापट्टनम इस्पात संयंत्र में करीब 35 वर्ष पूर्व प्रबंधन प्रशिक्षु (प्रशासन) के रूप में मानव संसाधन के क्षेत्र में अपने व्यावसायिक कैरियर की शुरूआत की।

राष्ट्रीय इस्पात निगम लिमिटेड में विभिन्न पदों पर कार्य करने के दौरान इन्होंने मानव संसाधन के क्षेत्र में विभिन्न नवाचार का सफलतापूर्वक कार्यान्वयन किया है। इन्होंने संगठन के मानव संसाधन प्रबंधन के सुचारू प्रशासन के लिए संगठनात्मक आवश्यकताओं तथा कर्मचारियों की अपेक्षाओं को ध्यान में रखते हुए विभिन्न नीतियों, दिशा निर्देशों तथा कार्य पद्धतियों को बनाने में अपना योगदान दिया है। श्री श्रीवास्तव ने कार्मिक नीतियों को बनाकर तथा उसे अद्यतन कर एवं संगठन के हित को बरकरार रखते हुए राष्ट्रीय इस्पात निगम लिमिटेड के कर्मचारियों की प्रगति के लिए अनुकूल वातावरण तथा उनके विकास के अवसर पैदा करने के लिए सदैव प्रयास किया है।

इन्हें "लर्निंग एवं डेवलपमेंट" में विशेषज्ञता प्राप्त है और इन्होंने राष्ट्रीय इस्पात निगम लिमिटेड, विशाखापट्टनम में नॉलेज मैनेजमेंट एंड टीक्यूएम की अवधारणा को प्रोत्साहित किया है। इन्होंने मानव संसाधन का नियोजन, भर्ती एवं चयन, कर्मचारियों का प्रशिक्षण एवं विकास, राजभाषा कार्यान्वयन, औद्योगिक संबंध, मजदूरी एवं वेतन प्रशासन में महत्वपूर्ण भूमिका निभाई है। इन्होंने कंपनी के सर्वांगीण विकास के लिए विभिन्न गतिविधियों जैसे संवाद अभ्यास तथा विश्वास निर्माण के उपायों/सत्रों के माध्यम से कर्मचारियों की मानसिकता विकसित करने में भी अपना योगदान दिया है।

इन्होंने निगमित सामाजिक दायित्व, स्वच्छ भारत गतिविधियों, रणनीतिक प्रबंधकीय विषयों, नगर प्रबंधन भूमि एवं संपदा मामले, विस्थापित व्यक्तियों (परियोजना प्रभावित व्यक्तियों) के कल्याण, महामहिम राष्ट्रपति के निदेशों तथा अत्यन्त महत्वपूर्ण अन्य क्षेत्रों के साथ अन्य सांविधिक आवश्यकताओं की पूर्ति के संबंध में अहम भूमिका निभाई है।

डॉ. दर्शना चंदूभाई देशमुख (52), हमारी कंपनी के बोर्ड में 25/07/2019 से स्वतंत्र निदेशक हैं। उन्होंने एम. एस यूनिवर्सिटी, गुजरात से एम.बी.बी.एस. और एम.डी. (GYNEC) किया। डॉ देशमुख एक चिकित्सक के अलावा आदिवासी छात्रों को शिक्षा के लिए सहायता प्रदान करने, रक्तदान के लिए चिकित्सा शिविरों की व्यवस्था, गर्भवती महिलाओं और ग्रामीण क्षेत्रों में बच्चों में कुपोषण की रोकथाम, शिक्षा के लिए गरीब प्रतिभाशाली बच्चों को गोद लेकर समाज सेवा करने में लगी हुई हैं। उन्होंने ग्रामीण और जनजातीय क्षेत्रों में महिला सशक्तीकरण, शिक्षा और स्वास्थ्य के लिए भी काम किया। वे ग्रामीण और आदिवासी लोगों के उत्थान के लिए कई गैर-सरकारी संगठनों से भी जुड़ी हैं। डॉ देशमुख ने अपने सामाजिक कार्यों के लिए कई पुरस्कार जीते हैं, जैसे कि प्रधानमन्त्री सुरक्षित मातृवत अभियान पुरस्कार 2018, गर्भवती माताओं के लिए सामाजिक कार्य जारी रखने के लिए अनुकरणीय पुरस्कार, नर्मदा जिला कलेक्टर द्वारा सामाजिक कार्य 2018 के लिए प्रमाण-पत्र आदि।

श्री दिलीप कुमार सिंह (59), मध्य रेल, मुम्बई के प्रधान मुख्य संचालन प्रबंधक, कंपनी के बोर्ड में स्थायी आमंत्रित सदस्य हैं। श्री सिंह 1986 बैच के भारतीय रेलवे यातायात सेवा (आईआरटीएस) के अधिकारी हैं। टेक्नालाजी स्नातक श्री सिंह ने एलएलबी उपाधि तथा प्रबंधन में स्नातकोत्तर किया है। उन्हें विभिन्न पदों पर कार्य करने का व्यापक प्रशासकीय अनुभव है जैसे- मुख्य महाप्रबंधक, सीआर आईएस, मुंबई, मुख्य वाणिज्यिक प्रबंधन (यात्री विपणन) पश्चिम रेलवे और मुख्य मालभाड़ा परिवहन प्रबंधक, मध्य रेलवे। इन्होंने सरकारी कार्य के संबंध में मलेशिया, सिंगापुर और संयुक्त राज्य अमेरिका की यात्रा की है।

वेस्टर्न कोलफील्ड्स लिमिटेड,
सीआईएन : यू10100एमएच1975जीओआई018626
पंजीकृत कार्यालय : कोल ईस्टेट, सिविल लाइन्स, नागपुर- 440 001
दूरभाष क्र. : 0712-2511216, फैक्स : 0712-2511216
ई-मेल : ramehar@westerncoal.gov.in वेबसाईड : westerncoal.in

संदर्भ : WCL/OFFICE OF CS/AGM-45/2020-21/281 दिनांक : 08.08.2020

सूचना
45 वीं वार्षिक आमसभा

एतद् द्वारा सूचना दी जाती है कि वेस्टर्न कोलफील्ड्स लिमिटेड की 45 वीं वार्षिक आमसभा निम्नलिखित कार्यों के संपादन के लिए दिन बुधवार दिनांक 12 अगस्त, 2020 को प्रात: 10.30 बजे कंपनी के पंजीकृत कार्यालय, कोल इस्टेट, सिविल लाइन्स, नागपुर में वीडियो कांफ्रेंसिंग/अन्य ऑडियो विसुअल के माध्यम से होगी।

I. सामान्य कार्य:

1. 31 मार्च, 2020 को समाप्त हुए वर्ष के लिए परीक्षण किए गए लेखाओं, 31 मार्च, 2020 तक परीक्षण किए गए तुलन पत्र तथा लाभ हानि लेखा के प्रतिवेदन एवं उन पर निदेशक मंडल की रिपोर्ट, सांविधिक लेखा परीक्षकों तथा भारत के नियंत्रक एवं महालेखा परीक्षक के प्रतिवेदन को प्राप्त करना, उन पर विचार करना तथा मान्य करना।
2. श्री मनोज कुमार (डीआईएन 08298541) के स्थान पर निदेशक नियुक्त करना जो कंपनी अधि- -नियम, 2013 की धारा 152(6) के तहत रोटेशन से सेवानिवृत हो रहे हैं और पुनर्नियुक्ति के पात्र हैं, ने पुनर्नियुक्ति हेतु प्रस्तावित किया है।
3. श्री अजित कुमार चौधरी (डीआईएन 08319103) के स्थान पर निदेशक नियुक्त करना जो कंपनी अधि- -नियम, 2013 की धारा 152(6) के तहत रोटेशन से सेवानिवृत हो रहे हैं और पुनर्नियुक्ति के पात्र हैं, ने पुनर्नियुक्ति हेतु प्रस्तावित किया है।

II. विशेष कार्य:

<u>मद संख्या I</u>

विषय : वित्तीय वर्ष 2019-20 के लिए कम्पनी के लागत परीक्षक के पारिश्रमिक की अभिपुष्टि।

सामान्य संकल्प :

नीचे दर्शाए संकल्पों को पारित करने के लिए उपयुक्त पाए जाने पर संशोधन के साथ या उसके बिना सामान्य संकल्पों के रूप में विचार करते हुए पारित करना।

निर्धारित किया गया कि कम्पनी एक्ट 2013 की धारा- 148(3) तथा कंपनी (ऑडिट एवं ऑडिटर्स) नियम, 2014 के रूल 14 में पास तथा अन्य प्रावधानों के अनुसार नीचे दर्शाए गए ऑडिट फर्मों को लागत लेखा परीक्षकों के रूप में नियुक्त किया गया है। उन्हें वेकोलि के लिए 2019-20 के लागत अंकक्षण हेतु नीचे दर्शाए गए विवरण अनुसार अंकेक्षण शुल्क का भुगतान किया जाएगा।

क्र.	फर्म का नाम एवं पता	रजि. नं.	आवंटित जोन	लेखा परीक्षा शुल्क*
1	मेसर्स आर. एम. बंसल एण्ड कंपनी ,ए-201, ट्विन टावर , लखनपुर , कानपुर, उत्तरप्रदेश-208024	000022	जोन-I वेकोलि मुख्यालय तथा नागपुर क्षेत्र (लीड लेखा परीक्षक)	6,00,000/- रूपए
2	मेसर्स जोशी आप्टे एंड असोशीएट्स, सीएमए प्राइड , पहली मंजिल,प्लाट नंबर 6 , SR नंबर 16/6, इरानदवाना, पुणे -411004	000240	जोन- II वणी, माजरी, वणी नार्थ क्षेत्र तथा केन्द्रीय कर्मशाला, तडाली	3,21,000/- रूपए
3	मेसर्स एस.सी. मोहंती एंड असोशीएट्स नंबर 370/1861/2157, शक्ति भवन-पतिया, पीओ- केआईआईटी, भुवनेश्वर, उड़ीसा - 751024	000114	जोन-III पेंच, कन्हान, पाथाखेड़ा क्षेत्र तथा नंदन वॉशरी	3,21,000/- रूपए
4	मेसर्स मूर्ति एंड कंपनी एलएलपी, पहली मंजिल, 4 मेन रोड़ , बोस्को माने रोड़ , छमाराजपेट, बेंगलुरु, कर्नाटक - 560018	000648	जोन-IV उमरेड, चंद्रपुर तथा बल्लारपुर क्षेत्र	2,51,000/- रूपए
	कुल फीस (ए)			14,93,000/-
	जीएसटी @ 18 % (बी)			2,68,740/-
	यात्रा व्यय और आउट ऑफ पॉकेट खर्च , लेखा परीक्षा शुल्क का 50% तक (सी)			7,46,500/-
	जीएसटी @ 18 % , यात्रा व्यय और आउट ऑफ पॉकेट खर्च सहित कुल फीस (ए+बी+सी)			25,08,240/-

*(क)जीएसटी उपयुक्त अधिकारी के समक्ष रजिस्ट्रशन नं. आदि प्रस्तुत करने पर जैसा की लागू हो भुगतान किया जाएगा।

#(ख)शुल्क के अतिरिक्त यात्रा तथा आउट ऑफ पाकेट खर्च लेखा परीक्षा शुल्क का 50% अर्थात 7,46,500 रूपये दस्तावेज प्रस्तुत करने पर दिया जाएगा।

"इस मामले में आंतरिक अंकेक्षण प्रमुख तथा कम्पनी सचिव आवश्यक कार्यवाही करेंगे।"

द्वारा निदेशक मंडल
वेस्टर्न कोलफील्ड्स लिमिटेड के लिए
(रामेहर)
कम्पनी सचिव

टिप्पणी :

1. वर्तमान कोविड -19 महामारी को देखते हुए, कॉरपोरेट मामलों के मंत्रालय (एमसीए) ने दिनांक 05 मई, 2020 के परिपत्र को दिनांक 08 अप्रैल, 2020 और 13 अप्रैल, 2020 के परिपत्रों के साथ पढ़ा है (सामूहिक रूप से एमसीए परिपत्र के रूप में संदर्भित किया गया है) ने एक आम स्थल पर सदस्यों की भौतिक उपस्थिति के बिना, वीडियो कॉन्फ्रेंसिंग (वीसी) या अन्य ऑडियो विजुअल मीन्स (ओएवीएम) के माध्यम से वार्षिक आमसभा (एजीएम / बैठक) की अनुमति दी है। कंपनी अधिनियम, 2013 () अधिनियम) के एमसीए परिपत्रों और प्रावधानों के अनुसार, कंपनी का एजीएम वीसी / ओएवीएम के माध्यम से आयोजित किया जा रहा है। एजीएम के लिए डीम्ड स्थल कंपनी का पंजीकृत कार्यालय होगा।
2. अधिनियम के धारा 102 (1) के अनुसार विवरण, विशेष कार्य से संबंधित जो वार्षिक आमसभा में लेन-देन किया जाता है, उसे "अनुलग्नक ए" के रूप में संलग्न किया जाता है।
3. बैठक में उपस्थित तथा मतदान में भाग लेने के हकदार सदस्य, बैठक में उपस्थित रहने और उनकी ओर से मतदान करने के लिए अपना प्रतिनिधि नियुक्त करने के भी हकदार होंगे तथा इस प्रतिनिधि को कम्पनी का सदस्य होना आवश्यक नहीं है। चूंकि, यह वार्षिक आमसभा वीसी / ओएवीएम के माध्यम से एमसीए परिपत्रों के अनुसार आयोजित किया जा रहा है, सदस्यों की भौतिक उपस्थिति को विमुक्त किया गया है। तदनुसार, सदस्यों द्वारा प्रॉक्सी की नियुक्ति की सुविधा वार्षिक आमसभा के लिए उपलब्ध नहीं होगी और इसलिए प्रॉक्सी फॉर्म और अटेंडेंस स्लिप को संलग्न नहीं किया गया है।
4. चूंकि वार्षिक आमसभा को वीसी / ओएवीएम के माध्यम से आयोजित किया जाएगा, इसलिए बैठक के स्थल का रूट मैप संलग्न नहीं किया गया है।
5. सदस्यों से यह भी अनुरोध है कि कम्पनी अधिनियम, 2013 / एसोसिएशन ऑफ कंपनी के लेखों की की धारा- 101(1) के तहत अल्प सूचना पर बैठक आयोजित करने हेतु अपनी सहमति देने का कष्ट करें।
6. कंपनी अधिनियम, 2013 की धारा 171 (1) (बी) और 189 (4) के प्रावधान के अनुसार, कंपनी के प्रत्येक वार्षिक आमसभा में निरीक्षण के लिए रखे जाने वाले रजिस्टर,बैठक में शामिल होने का अधिकार रखने वाले किसी भी व्यक्ति को बैठक की निरंतरता के दौरान सुलभ हो सकता है।
7. इस बैठक में रोटेशन से निवृत / नियुक्ति / पुन : नियुक्ति होने वाले निदेशकों की संक्षिप्त प्रोफ़ाइल “अनुलग्नक बी” में प्रदान की गई है।

प्रति,

कोल इंडिया लिमिटेड (द्वारा अध्यक्ष, सीआईएल), कोलकाता
श्री प्रमोद अग्रवाल , अध्यक्ष सीआईएल, कोलकाता
श्री आर.पी. श्रीवास्तव, निदेशक (कार्मिक एवं औ.सं.), सीआईएल, कोलकाता
श्री राजीव आर मिश्र, अध्यक्ष-सह-प्रबंध निदेशक, डब्ल्यूसीएल, नागपुर
मेसर्स लक्ष्मी तृप्ति एंड असोशीएट्स, सांविधिक लेखा परीक्षक, डब्ल्यूसीएल
श्री रामानुज असावा, सचिवीय लेखा परीक्षक, डब्ल्यूसीएल
डॉ. दर्शना सी. देशमुख, चेयरमेन, ऑडिट कमेटी, डब्ल्यूसीएल

वेस्टर्न कोलफील्ड्स लिमिटेड की वार्षिक आमसभा के नोटिस का अनुलग्नक
कंपनी अधिनियम, 2013 की धारा - 102 (1) के अधीन व्याख्यात्मक विवरण

विशेष कार्य : **अनुलग्नक-ए**
मद संख्या 1 :

विषय : वर्ष 2019-20 के लिए लागत संबंधी लेखा परीक्षा करने के लिए लागत लेखा परीक्षकों को देय पारिश्रमिक का अनुमोदन ।

वेकोलि के निदेशक मंडल ने दिनांक 27.09.2019 को आयोजित अपनी 315 वीं बैठक में वित्तीय वर्ष 2019-20 के लिए लागत संबंधी लेखा परीक्षा करने के लिए लागत लेखा परीक्षकों की नियुक्ति संबंधी प्रस्ताव पारित किया है । इन लागत लेखा परीक्षकों को कुल 25,08,240/- रूपये की लेखा परीक्षा फीस, जीएसटी 18% ,यात्रा व्यय तथा जेब खर्च के लिए अनुमोदन प्रदान किया गया ।

निदेशक मंडल द्वारा अनुमोदित उक्त फीस, कंपनी अधिनियम, 2013 की धारा- 148 की उपधारा- (3) तथा लेखा परीक्षकों के पारिश्रमिक पर कंपनी (लेख परीक्षा एवं लेखा परीक्षक) नियमों, 2014 के नियम- 14 का अनुपालन करने के लिए आमसभा में कंपनी के सदस्यों द्वारा अनुमोदन के अधीन होगी।

उपरोक्त उल्लिखित प्रावधान को ध्यान में रखते हुए यह आवश्यक है कि वर्ष 2019-20 के लिए लागत संबंधी लेखा परीक्षा करने के लिए लेखा परीक्षा समिति के द्वारा अनुशंसित और निदेशक मंडल द्वारा अनुमोदित पारिश्रमिक आगामी आमसभा में अनुमोदन हेतु अंशधारकों द्वारा रखा जायेगा।

तद्नुसार वर्ष 2019-20 के लिए लागत संबंधी लेखा परीक्षा करने के लिए लागत लेखा परीक्षकों को देय फीस के अनुमोदन संबंधी प्रस्ताव विचार एवं अनुमोदन हेतु वार्षिक आमसभा में रखा जाता है।

किसी भी निदेशक, प्रमुख प्रबंधकीय अधिकारी या उनके संबंधी या संबंधित व्यक्ति का इस प्रस्ताव में कोई हित नहीं है।

इस बैठक में रोटेशन से निवृत / नियुक्ति / पुन : नियुक्ति होने वाले निदेशकों की संक्षिप्त प्रोफ़ाइल

अनुलग्नक-बी

श्री मनोज कुमार (56) ने 29 नवंबर, 2018 को हमारी कंपनी के निदेशक (तकनीकी) का पदभार संभाला। श्री कुमार इंडियन स्कूल ऑफ माइंस, धनबाद से 1985 बैच के डिस्टिंक्शन के साथ माइनिंग इंजीनियर हैं। उन्होंने वर्ष 1989 में प्रथम श्रेणी खान प्रबंधक का प्रमाण पत्र प्राप्त किया। उन्होंने 1993-94 में आईएसएम, धनबाद से रॉक उत्खनन इंजीनियरिंग में एम.टेक किया है और वे उसमें गोल्ड मेडलिस्ट हैं।
उन्होंने डब्ल्यूसीएल/ एसईसीएल से खनन उद्योग में अपना कैरियर शुरू किया। वे तीन दशकों से अधिक समय से कोयला उद्योग में सेवाएँ दे रहे हैं। उस अवधि के दौरान उन्होंने विभिन्न पदों पर डब्ल्यूसीएल, एसईसीएल और ईसीएल में कार्य किया। वे कठिन भूमिगत खनन विधियों और सतत खान प्रौद्योगिकी में अपनी विशेषज्ञता के लिए जाने जाते हैं। भूमिगत और ओपनकास्ट कोयला खनन के अपने व्यावहारिक अनुभव के साथ योजना और कुशल संविदा प्रबंधन में समृद्ध हैं । उन्होंने जिन स्थानों पर काम किया है, वहां वृद्धि और उत्पादन की स्थिरता में महत्वपूर्ण भूमिका निभाई है। नई पहल करने में गहरी रुचि है। उन्होंने परियोजना प्रबंधन और कोयला खनन पर विभिन्न कार्यक्रमों में भाग लेने के लिए यूएसए, दक्षिण अफ्रीका, ऑस्ट्रेलिया और जिनेवा का दौरा किया है।

श्री अजीत कुमार चौधरी (58), 14 दिसंबर 2018 से हमारी कंपनी के निदेशक (तकनीकी) हैं। श्री चौधरी 1984 बैच के आईआईटी - इंडियन स्कूल ऑफ माइंस, धनबाद से माइनिंग इंजीनियर हैं। उन्होंने 1989 में आईआईटी -आईएसएम, धनबाद से "ओपनकास्ट माइनिंग" में स्नातकोत्तर किया। इसके बाद, उन्होंने 1990-92 में फ्लाई ऐश मैनेजमेंट में मास्टर ऑफ साइंस की डिग्री प्राप्त करने के लिए साउथ इलिनोइस यूनिवर्सिटी, कार्बोंडेल, यूएसए में प्रवेश लिया।
उन्हें कोयला उद्योग में तीन दशकों से अधिक का अनुभव है। अपने कार्यकाल के दौरान उन्होंने विभिन्न पदों पर ईसीएल, एसईसीएल, सीएमपीडीआईएल, सीसीएल और एनसीएल में काम किया है। उन्होंने विभिन्न तकनीकी परियोजनाएं जैसे उच्च शक्ति एप्लीकेशन और संक्षारण प्रतिरोध रूफ बोल्ट, शार्ट वाल माइनिंग प्रौद्योगिकी, फ्लाई ऐश प्रबंधन में महत्वपूर्ण भूमिका निभाई है। तकनीकी क्षेत्रों में अपनी विशेषज्ञता से उन्होनें री-इंजीनियरिंग की प्रक्रिया सीसीएल के राजरप्पा ओसीपी और एनसीएल के अमलोहरी, जयंत और निघाही ओसीपी में अपनाई है।
उन्होंने उन्नत प्रबंधन विकास कार्यक्रम और अपने शोध कार्य के लिए स्वीडन, जर्मनी और यूएसए का दौरा किया है। उन्होंने विभिन्न राष्ट्रीय और अंतर्राष्ट्रीय कार्यक्रमों में तकनीकी संबंधी दस्ताबेज प्रस्तुत किए हैं। वे विभिन्न तकनीकी संस्थानों से भी जुड़े हुए हैं।

अध्यक्षीय कथन

मित्रों,

मैं वेस्टर्न कोलफील्ड्स लिमिटेड के निदेशक मंडल की ओर से कंपनी की 45 वीं वार्षिक आमसभा में आपका स्वागत करता हूं। आपकी कंपनी ने वित्तीय वर्ष 2019-20 में 13465.97 करोड़ रुपये परिचालन से राजस्व अर्जित कर अपना प्रदर्शन बनाए रखा है और इस दौरान सबसे अधिक कोयला उत्पादन और ओवर वर्डन रिमूवल को विशिष्ट रूप से हासिल किया है। पिछला वित्त वर्ष ऐतिहासिक रहा है, आपकी कंपनी कोयले के उत्पादन में 55 मिलियन टन की सीमा को पार कर गई है।

मुझे बताते हुए अत्यधिक प्रसन्नता हो रही है कि प्रतिकूल भौगोलिक खनन स्थितियां, बड़ी परियोजना के अधीन रिजर्व की कमी, सीआईएल की सभी अनुषंगी कंपनियों में उच्चतम स्ट्रिपिंग अनुपात, भूमिगत खदानों में प्रतिकूल भू टेक्टोनिक पैरामीटरों से स्ट्राटा नियंत्रण समस्याओं को पार कर साल-दर-साल उत्कृष्ट कार्य निष्पादन के बल पर देश में कोयला उत्पादन करने वाली कंपनियों में हम बहुत अच्छी स्थिति में हैं।

दृष्टि:

देश की प्रगति को आगे बढ़ाने में ऊर्जा का महत्वपूर्ण स्थान है और कोयला भारत के ऊर्जा परिदृश्य में सबसे प्रमुख स्रोत है। भारत की करीब 70 प्रतिशत ऊर्जा उत्पत्ति कोयला/ लिग्नाईट आधारित है जिसमें कोल इंडिया लिमिटेड द्वारा उत्पादित कोयले से देश में 58% बिजली की खपत होती है। वर्तमान परिदृश्य में, अगले 3 दशकों तक कोयला भारत का प्रमुख ऊर्जा स्त्रोत रहेगा। यद्यपि इसका हिस्सा उतरोत्तर 2047 तक कम होकर 42 - 48 प्रतिशत तक होगा, क्योंकि पेरिस अनुबंध की प्रतिबद्धताओं के अनुसार देश नवीकरणीय ऊर्जा की ओर बढ़ रहा है।

भारतीय कोयला उद्योग को सीआईएल के 1 बिलीयन टन के हिस्से सहित वर्ष 2023-24 तक 1.5 बिलीयन टन के नियोजित स्तर तक पहुंचने के लिए अभूतपूर्व दर से कोयला उत्पादन बढ़ाने की आवश्यकता है। आपकी कंपनी ने पूर्व के अपने दीर्घावधि प्रोजेक्शन का पुनः अनुमान भी लगाया है और वर्ष 2023-24 तक कोयला उत्पादन का लक्ष्य 75 मिलीयन टन निर्धारित किया है।

कंपनी ने खदान से बाजार तक बेस्ट प्रैक्टिस के जरिए पर्यावरणीय एवं सामाजिक रूप से अनुकूल विकास कर देश को ऊर्जा के मामले में सुरक्षा प्रदान करने के प्रति वचनबद्ध रहकर प्राथमिक ऊर्जा सेक्टर में प्रमुख कोयला आपूर्ति ऊर्जा के रूप में उभरने का विजन निर्धारित किया है।

वर्ष 2019-20 कार्य निष्पादनः

वित्तीय वर्ष 2019-20 पूर्ण चुनौतियों और उपलब्धियों से परिपूर्ण रहा है। टीम के तालमेल के प्रयासों के साथ, कंपनी ने पिछले साल के 53.18 मिलियन टन के मुकाबले 57.64 मिलियन टन का सर्वाधिक कोयला उत्पादन हासिल किया। आपकी कंपनी ने कोल इंडिया की सभी सहायक कंपनियों में कोयले के

उत्पादन में उच्चतम वृद्धि दर्ज की है, जिसमें पिछले साल की तुलना में 8.4% की वृद्धि दर्ज की गई है।

यह लगातार छठवा वर्ष है, जिसमें आपकी कंपनी ने कोयला उत्पादन में वृद्धि दर्ज की है। इसका कारण यह है कि पिछले 5 वर्षों के दौरान 20 परियोजनाओं को खोला गया है, जिससे वर्ष 2019-20 में 41.24 मिलियन टन से अधिक कोयला उत्पादन हुआ है।

वर्ष के दौरान सर्वाधिक 210.66 मिलियन क्यूबिक मीटर ओवर बर्डन रिमूवल हुआ है, जो कि पिछले वर्ष की तुलना में करीब 9.7 प्रतिशत अधिक है।

आपकी कंपनी ने गत वित्तीय वर्ष में 52.58 मिलियन टन का कोयला ऑफ-टेक किया। मॉनसून के दौरान भारी और लगातार बारिश के कारण बंद से काम प्रभावित हुआ, जो माह अक्टूबर अंत तक बढ़ा था। साथ ही कॉस्ट-प्लस स्रोतो यानी माजरी और वणी नार्थ क्षेत्रों से महाजेनको द्वारा कोयला उठाने में कमी और मार्च 2020 के महीने में कोविड -19 का प्रभाव भी रहा।

कंपनी ने एचईएमएम का ज्यादा से ज्यादा उपयोग करना जारी रखा है, डब्ल्यूसीएल की सिस्टम क्षमता का उपयोग 82 % था, जो सीआईएल की सभी सहायक कंपनियों में दूसरा सबसे अधिक रहा है। कंपनी ने सर्वेड ऑफ उपकरण के विरुद्ध 86 नए उपकरण खरीदे हैं, जिनमें 60 टी डंपरों, हाइड्रोलिक एक्सकवेटर, ड्रिलस, ग्रेडर्स, क्रेन, टायर हैंडलर एवं वाटर स्प्रिंकलर का समावेश है।

वित्तीय कार्य निष्पादनः

पिछले वर्ष की कुल बिक्री 9022.33 करोड़ रुपये की तुलना में वित्त वर्ष के दौरान शुद्ध बिक्री 9139.22 करोड़ रुपये की थी, जो पिछले वर्ष की तुलना में 116.89 करोड़ रुपये अधिक है।

भौतिक मापदंडों में अनुकरणीय प्रदर्शन बनाएं रखने के लिए आपकी कंपनी ने 12.12 करोड़ रुपये कर पूर्व लाभ दर्ज करते हुए अपने वित्तीय परिणाम को ग्रीन कलर में बनाए रखा है। इस बिंदु पर उल्लेख करना महत्वपूर्ण है कि वित्तीय प्रदर्शन की रूपरेखा ऑपरेटिंग वित्तीय मापदंडों में 34% से अधिक सुधार के कारण हुई है।

परिसंपत्तियों का निर्माणः

कंपनी ने पुरानी परिसंपत्तियों को बदलते हुए वित्तीय वर्ष 2019-20 के दौरान नई खदानों तथा बुनियादी ढांचे के विकास पर पूरी तरह से अपने आंतरिक संसाधनों से 470.13 करोड़ रुपए का निवेश किया है।

योजना की तैयारीः

आपकी कंपनी 69.213 मिलीयन टन प्रतिवर्ष स्वीकृत क्षमता तथा 9875.27 करोड़ रुपए की स्वीकृत पूंजी की मौजूदा 34 परियोजनाएं कार्यान्वित कर रही हैं। इनमें से 23 परियोजनाएं वर्ष 2019-20 की अवधि में कोयला उत्पादन के रूप में 41.34 मिलीयन टन का अपना योगदान दे रही है।

गवेषण तथा रिजर्व में वृद्धिः

वित्तीय वर्ष के दौरान सीआईएल ब्लॉकों में सीएमपीडीआईएल द्वारा 62547.31 मीटर की गवेषण ड्रिलींग की गई। सीआईएल और अतिरिक्त सीआईएल ब्लाकों में वर्ष के दौरान 76.7 मिलियन टन के सिद्ध भंडार स्थापित किए गए ।

भूमिगत खदानों में प्रौद्योगिकी समावेशनः

वर्तमान उत्पादन स्तर को बनाए रखने और आने वाले वर्षों में लक्ष्य के अनुसार वृद्धि हासिल करने के लिए भूमिगत खदानों से उत्पादन में वृद्धि करने की आवश्यकता है। वेकोलि ने भूमिगत खदानों में व्यापक उत्पादन के लिए सतत खनन प्रौदयोगिकी अंगीकार की है, जिससे उत्पादन और उत्पादकता में वृद्धि हो सके।

कन्टीन्यूअस माइनरः

तवा II यूजी में काम करने के लिए कन्टीन्यूअस माइनर (सीएम) कार्य आवंटित कर दिया गया है और वर्तमान वित्तीय वर्ष में प्रारंभ होने की संभावना है। छतरपुर अंडर ग्राउंड में कंटीन्यूअस माइनर लगाने का भी प्रस्ताव है।

मैन राइडिंग सिस्टम स्थापित करनाः

भूमिगत खदानों में लंबा चलने से आने वाली थकान को दूर करने तथा कामगारों की कार्यक्षमता बढ़ाने के लिए वर्ष 2019-20 के दौरान छतरपुर I और तवा II भूमिगत खदान में स्थापित की गई 2 मैन राइडिंग सिस्टम सहित कुल 16 भूमिगत खदानों में 17 मैन राइडिंग सिस्टम स्थापित किए गए। मुरपार भूमिगत खदान में 1 और मैन राइडिंग सिस्टम की जल्द स्थापना हो जाएगी।

भूमि अधिग्रहण एवं भूमि का कब्जाः

विवादास्पद मुद्दों का समाधान करने के लिए विभिन्न उपायों तथा विश्वास निर्माण के उपायों के द्वारा आपकी कंपनी ने वर्ष 2019-20 के दौरान खनन तथा संबद्ध गतिविधियों के लिए 1023.98 हेक्टेयर भूमि का प्रत्यक्ष कब्जा करने में उल्लेखनीय सफलता प्राप्त की है।

वित्तीय वर्ष के दौरान कुल 762 परियोजना प्रभावित परिवारों का पुनर्वास किया गया, जिन्हें सीआईएल की आरएंडआर नीति के प्रावधानों के अनुसार भूविस्थापितों द्वारा दिए गए विकल्प के अनुसार पुनर्वास अनुदान दिया गया। 1035 भूमि विस्थापितों को नौकरी तथा 72 भूविस्थापितों को नौकरी के बदले आर्थिक मुआवजा देने हेतु कंपनी बोर्ड द्वारा प्रशासनिक अनुमोदन दिया गया।

निगमित सामाजिक उत्तरदायित्वः

हमारे सबसे महत्वपूर्ण हितधारकों विशेष रूप से हमारे कमांड क्षेत्र में रहने वाले आबादी और समाज के जीवन में सार्थक बदलाव लाने की दृष्टि से आपकी कंपनी ने वर्ष 2019-20 के दौरान व्यापक सीएसआर कार्य किए। समाज की सामाजिक, आर्थिक और पर्यावरणीय आवश्यकताओं को ध्यान में रखते हुए समावेशी विकास के साथ सतत विकास पर हमेशा ध्यान केंद्रित किया गया है और हमने राष्ट्रीय प्राथमिकताओं के साथ तालमेल रखने के लिए अपनी सीएसआर रणनीति को बनाये रखा है।

वित्त वर्ष 2019-20 में डब्लूसीएल ने हेल्थकेयर, स्वच्छता, पेयजल, स्कूल शिक्षा, कौशल विकास, पर्यावरण स्थिरता, ग्रामीण विकास, खेल को बढ़ावा जैसे विभिन्न विषयों पर सीएसआर कवरिंग परियोजनाओं के तहत 9.59 करोड़ रुपये (वित्त वर्ष 2018-19 की तुलना में 125% की वृद्धि) खर्च किए। हमारी फ्लैगशिप सीएसआर पहल "पंख" स्वच्छता को बढ़ावा देने और समाज में महिलाओं की स्वछता से जुड़ी वर्जनाओं को मिटाने के लिए एक परियोजना है, जिसे 30 व 31 जनवरी, 2020 को आईपीई, हैदराबाद में आयोजित 6 वें अंतर्राष्ट्रीय सम्मेलन में 'सीएसआर में सर्वश्रेष्ठ अभ्यास' पुरस्कार मिला।

आपकी कंपनी ने स्थानीय स्वसहायता समूहों के माध्यम से अपने 'कोल नीर' ब्रांड के बोतलबंद पानी की आपूर्ति का एक पायलट प्रोजेक्ट भी शुरू किया है। इस तरह डब्ल्यूसीएल ग्रामीणों को शुद्ध पेयजल उपलब्ध करवा रहा है और पानी के वितरण के माध्यम से आजीविका कमाने वाले नए युग के जल उद्यमी भी बना सकता है।

कल्याणः

वर्ष 2019-20 के दौरान कंपनी ने अपने कर्मचारियों एवं उनके बच्चों के लिए उनके जीवन की गुणवत्ता, चिकित्सा एवं स्वास्थ्य देखभाल सेवाओं तथा शैक्षिक सुविधाओं को उन्नत बनाने के लिए 112.88 करोड़ रुपए का व्यय किया है।

इस वर्ष कई महत्वपूर्ण कल्याणकारी घटनाओं के बीच डब्लूसीएल ने कोयला उत्पादन, डिस्पैच और ओवर बर्डन रिमूवल में रिकॉर्ड परिणाम प्राप्त करने में टीम डब्लूसीएल के सभी सदस्यों की कड़ी मेहनत को मनाने के लिए एक अनूठा आयोजन 'श्रमोत्सव' मनाने की एक नई परंपरा शुरू की है।

इसके अलावा, डब्लूसीएल ने मुख्यालय में सीआईएल इंटर-कंपनी कबड्डी टूर्नामेंट और चंद्रपुर क्षेत्र में सीआईएल इंटर-कंपनी बॉडी बिल्डिंग, पावर एंड वेटलिफ्टिंग की मेजबानी की। महिला कर्मचारियों को सशक्त बनाने के लिए डब्ल्यूसीएल ने क्षेत्र के महाप्रबंधकों के साथ "चाय पे चर्चा", आउटडोर खेल गतिविधियों का संचालन, शारीरिक कल्याण पर केंद्रित करने के लिए ध्यान योग सत्र एवं मार्शल आर्ट कार्यक्रम का आयोजन सहित 15 विशेष पहल की।

ऊर्जा कार्यक्षमता के उपायः

इस तथ्य को स्वीकार करते हुए कि प्रचालनों को तर्कसंगत बना कर ऊर्जा बचत की जा सकती है, आपकी कंपनी ने विभिन्न उपाय किए हैं।

नई खदानों के लिए बिजली का भार बढ़ने के बावजूद क्रियान्वित किए गए विभिन्न ऊर्जा संरक्षण के उपायों के कारण वर्ष के दौरान बिजली की खपत पिछले वर्ष की तुलना में 1.02 प्रतिशत घटी है।

सामग्री प्रबंधन:

कंपनी में ई-प्राइस बिड के साथ ई-टेंडरिंग के माध्यम से 2 लाख मूल्य से ऊपर के सामग्रियों की खरीदी के मामलों को अंतिम रूप दिया गया। उसी प्रकार कंपनी ने 1 करोड़ रूपयों से अधिक मूल्य के टेंडर के लिए ई-रिवर्स ऑक्शन अपनाया है।

कंपनी ने स्क्रैप निपटान के मामले में अपनी स्थिति बरकरार रखी है। 28.56 करोड़ रूपये की स्क्रैप नीलामी राशि रूप में दर्ज की है और वर्ष के दौरान 17.75 करोड़ रुपये की कुल बिक्री वसूली हुई है।

लघु एवं मध्यम उद्योगों के विकास के लिए अपनी प्रतिबद्धता को पूरा करते हुए वित्तीय वर्ष 2019-20 के दौरान कुल खरीदी मूल्य के (एचईएमएम), एसडीएल, एलएचडी, पीओएल तथा आयरन एवं स्टील इत्यादि को छोड़कर) 45.76 प्रतिशत से अधिक के लिए आर्डर एमएसई फर्मों को दिया है।
इसी तरह, जीईएम पोर्टल से खरीद में 328.68% वृद्धि हुई है।

पर्यावरण प्रबंधन:

कोयला खनन पर्यावरणीय दृष्टि से संवेदनशील गतिविधि है और सतत विकास के लिए इसके विपरीत प्रभाव को कम करना अनिवार्य है। आपकी कंपनी अपनी इस जिम्मेदारी के प्रति सचेत है और सभी प्रचालन खदानों में पर्यावरण संरक्षण तथा प्रदषण नियंत्रण के लिए उपाय किए गए हैं।

वित्तीय वर्ष के दौरान पर्यावरण, वन तथा जलवायु परिवर्तन मंत्रालय से 6 परियोजनाओं के 4.735 एमपीटीए विस्तार के लिए नई पर्यावरणीय मंजूरी (ईसी) प्राप्त की गई।

आपकी कंपनी पुनर्वितरण, वनीकरण और ग्रीन बेल्ट विकास के माध्यम से डीग्रेडेड भूमि को बहाल करने के लिए प्रतिबद्ध है। वर्ष 2019-20 में 1.35 लाख पौधे लगाने के साथ, 6855.75 हैक्टेयर क्षेत्र में उत्तरोतर 188.44 लाख पौधों का रोपण किया है।

सुरक्षा:

मुझे यह बताते हुए गर्व की अनुभूति हो रही है कि आपकी कंपनी ने 16 दिसंबर, 2019 को नई दिल्ली में आयोजित एक प्रतिष्ठित समारोह में भारत के उपराष्ट्रपति से देश में सुरक्षा के लिए सर्वोच्च मान्यता प्राप्त 07 राष्ट्रीय सुरक्षा पुरस्कार प्राप्त किए हैं। यह किसी भी सीआईएल सहायक कंपनी द्वारा प्राप्त की जाने वाली सबसे अधिक संख्या है। आपकी बचाव टीम ने देश की 12 कोयला कंपनियों की 26 टीमों के बीच उत्कृष्ट प्रदर्शन किया है, “डब्लूसीएल - बी” टीम सर्वश्रेष्ठ सदस्य और सर्वश्रेष्ठ कप्तान और अन्य पुरस्कारों के लिए व्यक्तिगत सर्वश्रेष्ठ पुरस्कार जीतने के अलावा पहले स्थान पर रही।

औद्योगिक संबंधः

वित्तीय वर्ष 2019-20 के दौरान कंपनी में औद्योगिक संबंध शांतिपूर्ण, मैत्रीपूर्ण एवं सद्भावपूर्ण रहा है।

नवीन पहल:

आपकी कंपनी ने कार्य में विविधता लाते हुए तथा व्यवसाय को बढ़ाने के लिए "ओवर-बर्डन से रेत परियोजना" को बढ़ावा दिया। 2000 क्यूविक मीटर की क्षमता वाला नया वाणिज्यिक संयंत्र गोंडेगांव माइंस में स्थापित किया गया है और कार्य करने के लिए तैयार है। मुझे यह घोषणा करते हुए बहुत खुशी हो रही है कि इस परियोजना के संचालन से राजस्व करोड़ों में दर्ज किया गया है जो वास्तव में इस पहल की भविष्य की संभावना को दर्शाता है। हमारी अवधारणा को आगे बढ़ाते हुए, हमारी कंपनी कोल इंडिया लिमिटेड की सभी सहायक कंपनियों में से एक है, जो महाराष्ट्र राज्य में डब्ल्यूसीएल की

ओपन कास्ट खानों से 266 रुपये प्रति क्यूबिक मीटर में स्पैरेबल ओवरबर्डन की बिक्री की अनुमति के लिए सुरक्षित है। यह न केवल अतिरिक्त राजस्व उत्पन्न करेगा, बल्कि ओबी डंपिंग के लिए भविष्य की भूमि की आवश्यकता को भी कम करेगा।

खदान के पानी की हर बूंद के सदुपयोग के जुनून ने राष्ट्रीय मंच पर सराहना दिलाई है और इससे ना केवल अलग पहचान मिली बल्कि अन्य खनन कंपनियों के लिए रोल मॉडल साबित हुआ।

कार्पोरेट गवर्नेंसः

लोक उद्यम विभाग द्वारा आपकी कंपनी को 2018-19 के लिए कारपोरेट गवर्नेंस के क्षेत्र में "उत्कृष्ट" रेटिंग प्रदान की गई है। इस वर्ष 2019-20 में भी स्व मूल्यांकन के अनुसार आपकी कंपनी को कारपोरेट गवर्नेंस के अनुपालन में 95.12 प्रतिशत (उत्कृष्ट रेटिंग) प्राप्त हुई है।

पुरस्कार एवं सम्मानः

मुझे आपको बताते हुए खुशी हो रही है कि वर्ष 2019-20 के दौरान आपकी कंपनी को निम्नलिखित पुरस्कार प्राप्त हुए हैः-

- 16.12.2019को नई दिल्ली में आयोजित राष्ट्रीय सुरक्षा पुरस्कार समारोह के दौरान भारत के माननीय उपराष्ट्रपति द्वारा विभिन्न श्रेणियों में सात पुरस्कार दिए गये।
- 01.11.2019को सीआईएल के 45 वें स्थापना दिवस समारोह के दौरान" पुनर्वास और पुन स्थापन "के लिए प्रथम पुरस्कार।
- सीआईएल के 45 वें स्थापना दिवस समारोह के दौरान “उत्पादन, ऑफ टेक एवं ओबीआर में उच्चतम वृद्धि के लिए कॉर्पोरेट पुरस्कार” के लिए दूसरा पुरस्कार।
- जनवरी 2020 में इंडियन माइन मैनेजर्स एसोसिएशन (IMMA) की ओर से IMMA एक्सीलेंस अवार्ड 2020।
- 30 और 31 जनवरी 2020 को हैदराबाद में सीएसआर पर 6 वें अंतर्राष्ट्रीय सम्मेलन के दौरान सीएसआर श्रेणी में सर्वश्रेष्ठ अवार्ड ।

कोविड -19 से निपटान

आपकी कंपनी हमेशा समाज से जुड़ी रही है और जरूरतमंद तबके की मदद के लिए ऐसा करती रहती है। महामारी "कोविड-19" के संक्रमण से उत्पन्न इन कठिन समय में, आपकी कंपनी बीमारी से लड़ने और हितधारकों को सहायता प्रदान करने में सबसे आगे रही है। महामारी के कारण उत्पन्न स्थिति से संयुक्त रूप से लड़ने के लिए स्थानीय प्रशासन को जरूरतमंदों के लिए आर्थिक मदद, भोजन और अनाज प्रदान करने से लेकर बचाव के उपायों के बारे में बताया गया। समाज के सभी वर्गों की जरूरतों पर विचार किया गया। नीलामी में कोयले की कीमत पर प्रीमियम कम करने के माध्यम से व्यापार करने में आसानी को भी ध्यान रखा, ताकि कठिन समय में हितधारकों की मदद करने के लिए अन्य उपायों के साथ मानदंडों को उदार बनाया जा सके।

अंतिम किंतु महत्वपूर्णः

हम सुरक्षा, कार्पोरेट गवर्नेंस, पर्यावरण तथा निगमित सामाजिक उत्तरदायित्व को सर्वोच्च प्राथमिकता देते हुए मौजूदा दौर के विकास के लिए मौजूदा वर्ष के लिए निर्धारित लक्ष्यों को प्राप्त करने और उन्हें पार करने के लिए प्रतिबद्ध हैं।

मुझे पूर्ण विश्वास है कि हम कंपनी के प्रमुख स्टेक होल्डर्स, शेयर होल्डर, उपभोक्ताओं, कर्मचारियों तथा स्थानीय लोगों के लाभों को बढ़ाने के लिए निरंतर प्रयास करते रहेंगे।

मैं वेकोलि परिवार से अपील करता हूं कि वित्तीय वर्ष 2020-21 के दौरान कोयला उत्पादन एवं ढुलाई के लक्ष्यों को प्राप्त करने के लिए निरंतर अथक प्रयास करें जिससे हम देश को ऊर्जा प्रदान करने तथा देश की प्रगति में योगदान करने के अपने कर्तव्य को पूरा कर सकेंगे।

शुभकामनाओं सहित,

(राजीव आर.मिश्र)

अध्यक्ष-सह-प्रबंध निदेशक

मुख्य ट्रेंड्स

कोयला उत्पादन
(मिलियन टन)



ऑफ टेक
(मिलियन टन)



टर्नओवर
(रू करोड़ मे)



उत्पादकता
(ओ एम एस)



कर्मचारियों की संख्या



एक्सचेक़र को भुगतान
(रू करोड़ में)



प्रचालन सांख्यिकी-वेस्टर्न कोलफील्ड्स लिमिटेड

वित्तीय स्थिति

(रुपये करोड़ में)

31 मार्च तक	**31.03.2020**	**31.03.2019**	**31.03.2018**	**31.03.2017**	**31.03.2016**
ए .स्वयं का क्या है					
गैर चालू परिसंपत्तियां					
संपत्ति, संयंत्र एवं उपकरण	5,838.62	5,428.36	4,843.56	4,334.83	3,462.46
(-): मूल्य-ह्रास एवं क्षति	1,655.40	1,253.35	1,041.72	793.73	389.55
संपत्ति, संयंत्र एवं उपकरणों का निवल कैरिंग मूल्य	4,183.22	4,175.01	3,801.84	3,541.10	3,072.91
कैपिटल वर्क इन प्रोग्रेस	291.76	339.31	360.67	372.75	237.40
गवेषण एवं मूल्यांकन परिसंपत्तियां	892.05	866.91	841.75	300.41	259.99
अन्य अमूर्त परिसंपत्ति	10.23	10.01	10.02	10.03	9.99
वित्तीय परिसंपत्तियां					
i) ऋण	3.40	3.54	3.52	3.80	5.18
ii) अन्य वित्तीय परिसंपत्तियां	2,029.82	2,235.86	1,946.03	1,675.96	1,244.41
आस्थगित कर परिसंपत्तियां)निवल(	1,449.61	1,913.22	1,830.53	806.24	520.88
अन्य गैर-चालू परिसंपत्तियां	76.58	72.72	72.05	80.03	87.75
1. **कुल गैर-चालू परिसंपत्तियां**	**8,936.67**	**9,616.58**	**8,866.41**	**6,790.32**	**5,438.51**
चालू परिसंपत्तियां					
क .वस्तुसूचियां					
(i) कोयले की वस्तुसूची	1,342.12	791.22	1,240.12	1,681.66	957.52
(ii)स्टोर्स एवं पुर्जों की वस्तुसूची	72.51	70.80	70.56	63.67	61.09
(iii)अन्य वस्तुसूचियां	22.78	21.02	18.87	19.88	16.03
ख .वित्तीय परिसंपत्तियां					
i.निवेश	-	5.11	0.09	0.10	114.36
ii. ट्रेड प्राप्य	1,349.94	360.17	608.76	1,092.91	832.13
iii.नकद एवं नकद समकक्ष	229.04	76.65	24.05	57.15	402.06
iv.अन्य बैंक शेष	740.21	907.26	950.11	791.01	2,262.01
v.अन्य वित्तीय परिसंपत्तियां	117.89	170.02	135.84	605.29	188.85
ग .चालू कर परिसंपत्तियां) निवल(	204.27	242.65	951.95	926.56	871.90
घ् .अन्य चालू परिसंपत्तियां	772.13	586.16	399.55	215.72	269.14

2. 2. कुल चालू परिसंपत्तियां	**4,850.89**	**3,231.06**	**4,399.90**	**5,453.95**	**5,975.09**
चालू देयताएं क .चालू वित्तीय देयताएं					
i.उधारी	-	-	326.54	-	-
ii.ट्रेड देय	1,333.20	1,193.49	1,253.40	584.33	418.89
iii.अन्य वित्तीय देयताएं	483.81	344.67	302.12	476.14	144.04
ख .अन्य चालू देयताएं	1,872.29	2,042.83	1,861.72	1,947.15	1,648.09
ग .प्रावधान	1,133.60	1,186.24	1,876.11	1,547.84	1,027.12
3. कुल चालू देयताएं व प्रावधान	**4,822.90**	**4,767.23**	**5,619.89**	**4,555.46**	**3,238.14**
4. निवल चालू परिसंपत्तियां(3-2)	**27.99**	**(1,536.17)**	**(1,219.99)**	**898.49**	**2,736.95**
कुल) ए(4+1)=	**8,964.66**	**8,080.41**	**7,646.42**	**7,688.81**	**8,175.46**
बी .स्वयं का क्या है					
शेयर पूंजी	297.10	297.10	297.10	297.10	297.10
संचय एवं अतिरिक्त	84.19	827.79	571.65	2,247.13	3 0 2 4 . 5 0
अंशधारकों की निधि	381.29	1,124.89	868.75	2,544.23	3,321.60
दीर्घावधि उधारी					
अन्य दीर्घावधि देयताएं	3.96	3.56	5.10	6.42	6.54
दीर्घावधि प्रावधान	8,579.41	6,951.96	6,772.57	5,138.16	4,847.32
कुल (बी)	**8,964.66**	**8,080.41**	**7,646.42**	**7,688.81**	**8,175.46**

प्रचालन सांख्यिकी-वेस्टर्न कोलफील्ड्स लिमिटेड
वित्तीय स्थिति (भारतीय जीएएपी के अनुसार)

(रुपए करोड़ में)

31 मार्च तक	2015	2014	2013	2012	2011
ए. स्वयं का क्या है					
कुल स्थायी परिसंपत्तियां (मूर्त एवं अमूर्त)	4,909.70	4,625.57	4,515.33	4,511.05	4,313.05
(-): मूल्य-ह्रास, क्षति एवं प्रावधान	3,188.07	3,017.29	2,956.57	2,989.41	2,871.37
स्थायी परिसंपत्तियों का निवल कैरिंग मूल्य	1,721.63	1,608.28	1,558.76	1,521.64	1,441.68
कैपिटल डब्ल्यूआईपी एवं विकास के तहत अमूर्त परिसंपत्तियां	419.11	335.88	293.19	269.50	274.53
गैर-चालू निवेश	-	48.14	80.23	96.27	128.36
आस्थगित कर परिसंपत्तियां (निवल)	464.13	439.04	578.44	455.72	350.13
दीर्घावधि ऋण एवं अग्रिम	88.18	59.90	56.12	59.32	58.21
अन्य गैर-चालू परिसंपत्तियां	968.30	684.94	-	-	-
चालू परिसंपत्तियां					
i चालू निवेश	137.31	312.20	450.14	32.09	32.09
ii (क) कोयले की वस्तुसूची	668.48	663.47	584.54	488.14	360.37
ii (ख) स्टोर्स एवं पुर्जों की वस्तुसूची	64.46	58.04	64.76	70.38	65.83
ii (ग) अन्य वस्तुसूची	24.17	21.56	18.03	12.08	10.89
iii ट्रेड प्राप्य	672.92	468.93	471.27	13.97	25.20
iv नकद एवं बैंक शेष	4,170.31	3,941.87	4,243.83	5,503.40	4,063.78
v अल्पावधि ऋण एवं अग्रिम	988.19	991.40	1,104.50	864.83	704.54
vi अन्य चालू परिसंपत्तियां	372.24	320.14	427.52	430.60	351.20
कुल चालू परिसंपत्तियां	**7,098.08**	**6,777.61**	**7,364.59**	**7,415.49**	**5,613.90**
चालू देयताएं एवं प्रावधान					
i अल्पावधि उधारी	-	-	-	-	-

ii ट्रेड देय	106.60	84.14	82.01	91.32	66.60
iii अन्य चालू देयताएं	1,859.86	1,704.19	1,734.51	2,106.58	1,547.32
iv अल्पावधि प्रावधान	1,295.86	850.92	1,139.88	897.70	737.53
कुल चालू देयताएं एवं प्रावधान	**3,262.32**	**2,639.25**	**2,956.40**	**3,095.60**	**2,351.45**
9 निवल चालू परिसंपतियां (7-8)	3,835.76	4,138.36	4,408.19	4,319.89	3,262.45
कुल (ए)	**7,497.11**	**7,314.54**	**6,974.93**	**6,722.34**	**5,515.36**
बी. स्वयं का क्या है					
शेयर पूंजी	297.10	297.10	297.10	297.10	297.10
संचय एवं अतिरिक्त	3,264.19	3,229.39	3,162.92	3,066.29	2,973.48
1 अंशधारकों की निधि	3,561.29	3,526.49	3,460.02	3,363.39	3,270.58
2 दीर्घावधि उधारी	-	-	68.31	85.91	88.89
3 अन्य दीर्घावधि देयताएं	6.45	4.16	1.70	0.25	0.11
4 दीर्घावधि प्रावधान	3,929.37	3,783.89	3,444.90	3,272.79	2,155.78
कुल (बी)	**7,497.11**	**7,314.54**	**6,974.93**	**6,722.34**	**5,515.36**

प्रचालन सांख्यिकी-वेस्टर्न कोलफील्ड्स लिमिटेड
आय एवं व्यय विवरण

(रुपए करोड़ में)

31 मार्च को समाप्त वर्ष के लिए	31.03.2020	31.03.2019	31.03.2018	31.03.2017	31.03.2016
ए. निम्न से अर्जित					
1 कोयले की बिक्री (कुल)	13,465.97	13,514.24	11,880.72	10,413.39	10,349.54
(-): लेवी	4,326.75	4,491.91	3,977.23	3,256.10	2,394.56
कुल बिक्री (उत्पाद शुल्क सहित)	9,139.22	9,022.33	7,903.49	7,157.29	7,954.98
2.i सैंड स्टोविंग एंड प्रोटेक्टिव कार्यों के लिए सबसिडी	-	-	5.40	21.88	24.02
2.ii लदान एवं अतिरिक्त परिवहन प्रभार (निवल)	348.54	369.87	351.97	286.07	257.25
2.iii इवेक्यूशन सुविधा प्रभार	261.51	277.86	77.29	-	-
2 अन्य प्रचालन राजस्व (निवल)	610.05	647.73	434.66	307.95	281.27
3.i जमा राशि एवं निवेश पर ब्याज	68.70	75.43	51.97	139.95	295.73
3.ii म्युच्युअल फंड से लाभांश	1.38	9.26	6.72	4.24	17.31
3.iii अन्य गैर प्रचालन आय	808.69	1,433.15	481.64	174.56	193.40
3 अन्य आय	878.77	1,517.84	540.33	318.75	506.44
कुल (ए)	**10,628.04**	**11,187.90**	**8,878.48**	**7,783.99**	**8,742.69**
बी. निम्न के लिए भुगतान किया गया					
1.i वेतन, मजदूरी, भत्ते एवं लाभ	3,897.43	3,863.19	3,526.52	3,319.12	3,368.67
1.ii भविष्य निधि एवं अन्य फंड में अंशदान	675.30	680.53	400.93	382.39	392.62
1.iii ग्रेच्यूटी	146.74	237.82	1,452.66	141.81	161.38
1.iv छुट्टी का नकदीकरण	161.05	142.57	38.30	168.18	104.05
1.v अन्य	758.53	660.29	1,242.53	994.63	556.96
1 कर्मचारी लाभ व्यय	5,639.05	5,584.40	6,660.94	5,006.13	4,583.68
2 खपत की गई सामग्री की लागत	1,005.47	1,012.63	968.49	1,020.96	1,056.70
11- सभी खदानों के लिए सेफ्टी ऑडिट 01.08.2019 से 30.09.2019 के बीच अंतर क्षेत्रीय बहु अनुषासनिक टीम द्वारा वर्ष 2019.20 के लिए आयोजित किया गया। खदानवार बडी कमियों का ऑडिट टीम द्वारा अवलोकन कर उनके सुधार की अनुपालन रिपोर्ट 31.01.2020 के पहले एसआर डिविजन, सीआईएल को प्रस्तुत की गई।

12- एक स्लोप स्थिरता रडार (एसएसआर) सस्ती ओसी बल्लारपुर खेत्र में कार्यरत है, स्लोप स्थिरता की मॉनिटरिंग के लिए, पहले चरण में 7 (एसएसआर) की खरीद सीआईएल हेडक्वाटर में की जा रही है। इसके साथ ही संषोधित बोर होल एक्सटेंषन मीटर घर में ही विकसित किया गया और नीलजय ओसी, मंगोली ओसी और उमरेर ओसी में स्थापित किया गया 24ग7 बेंच/डम्प की मॉनिटरिंग के लिए।

13- डम्प में बेहतर पर्यवेक्षण के लिए रोषनी मानकों को बढाया गया, जिसकी सराहना डिप्टी डीजीएमएस, वेस्टर्न जोन द्वारा की गई।

14- डब्ल्यूसीएल के ओपनकास्ट खदानों का वैज्ञानिक अध्ययनः सीएमआर 2017 के रेगुलेषन नं. 106 के अनुसार डब्ल्यूसीएल की सभी ओपनकास्ट खदानों का वैज्ञानिक अध्ययन पूर्ण कर लिया गया है। वैज्ञानिक अध्ययन अलग–अलग वैज्ञानिक एजेंसियों द्वारा कराया गया, मुख्य रूप से आईआईटी खडगपुर ओर आईआईटी बीएचयू वैज्ञानिक अध्ययनों की षिफारिषों का अनुपालन सभी ओपनकास्ट खदानों में कर लिया गया।

15- फायर सेलः डब्ल्यूसीएल हेडक्वाटर के एस एंड सी विभाग में फायर सेल स्थापित किया गया। हाईपावर टीम द्वारा सभी खदानों का निरीक्षण और अध्ययनों से उपचारात्मक उपायों का खानों में आग से रोकथाम किया जा सका।

16- इमरजेंसी रिस्पोंस सिस्टम का परीक्षण सभी भूमिगत खदानों में किया गया, समय–समय पर यूजी और ओसी खदानों में मॉक अभ्यास आयोजित किए जाते है। मॉक अभ्यासो की विडियोग्राफी की गई चंद्रपुर, वणी, उमरेर, वल्लारपुर और पाथाखेडा क्षेत्र में। अगले अभ्यासो में देखी गई मामूली कमियों का सुधार किया गया।

17- ऑनलाइन सेफ्टीपोर्टल सीआईएल द्वारा शुरू किया गया सीएसआईएस के नाम से, डब्ल्यूसीएल की खदानें इसमें सुरक्षा संबंधी जानकारी, डाटा, रिपोर्ट आदि इस पोर्टल पर भेजते है जिसमें निरीक्षण रिपोर्ट पीएससी की बैठकों के सारवृत्त, स्टेट्यूरी मेनपावर, मषीनरी, दुर्घटनाओं/घायलों आदि की जानकारी डाली जाती है।

18- स्टेट्यूरी मेनपावर, की कमी पर काबू पाने के लिए वर्ष 2019 में विभागीय चयन से 9 और 333 माइनिंग सरदारों का चयन भर्ती द्वारा किया गया। 30 माइनिंग सरदारों का चयन प्रक्रियाधीन है। ओवरमैन की कमी पर काबू पाने के लिए योग्य माइनिंग सरदारों को ओवरमैन के लिए पदोन्नत किया गया ।

19- **विशेष सुरक्षा जागरूकता कैम्पेनः** सुरक्षा संबंधी जागरूकता लाने प्रत्येक क्षेत्र द्वारा किए गए स्किट/नाटक को खदानों मे कामगार, उनके परिवारों तथा आवासीय कालोनियों में दिखाया गया। प्रत्येक क्षेत्र द्वारा किए गए इन सुरक्षा संबंधी जागरूकता स्किट/नाटक के विडियों को उनसे संबंधित क्षेत्रों मे प्रदर्षन के लिए अन्य सभी क्षेत्रों में किया गया।

20- 7 एनीमेषन फिल्म तात्कालीक प्राण घातक घटनाओं पर आईएसओ डब्ल्यूसीएल द्वारा बनाई और कामगारों को उनके क्षेत्रों मे दिखाई गई जिससे एक ही तरह की दुर्घटनाओं की पुनर्रावृत्ति को रोका जा सके।

21- डब्ल्यूसीएल में रॉक मेकेनिक लेबोरेट्रीक की स्थापना की गई, रॉक मास रेटिंग (आरएमआर) सभी डिस्ट्रीको का समय पता लगाने और स्टाटा कंट्रोल एण्ड मॉनिटरिंग प्लान आरएमआर के अनुसार तैयार किया गया। एससीएएमपी के अनुसार सभी खदानों का ग्रीन रूप सपोर्ट किया गया, 2019 के दौरान 22 डिस्ट्रीको के आरएमआर का पता लगाया गया और अब तक वर्ष 2020 में 02 डिस्ट्रिक्ट का पता लगाया गया।

22- **सुरक्षा समिति को खदान स्तर पर मजबूत बनाने के लिएः** सभी खदानों में सुरक्षा समिति को मजबूत बनाने के लिए इसमें ठेकेदार के श्रमिकों के प्रतिनिधि को विषेष स्थाई सदस्य के रूप में जोडते हुए समावेष किया गया। सुरक्षा समिति द्वारा माह के दौरान बैठकों में सभी गंभीर दुर्घटनाओं और जरा सी चूक की घटनाओं की जॉच पडताल और उस पर चर्चा और विष्लेषण किया जाता है, प्रत्येक बैठक में एसएमपी पर भी चर्चा की जाती है। आइएसओ अधिकारियों को कमेटी की मजबूती के लिए नियमित अंतराल पर पीएससी की बैठक शमिल किया जाता है।

23- आईएसओ अधिकारियों द्वारा सभी संचालित खदानों की सुरक्षित संचालन प्रक्रिया/कोड ऑफ सेफ पेक्टिस के निर्माण और कार्यान्वयन की जांच की जाती है। एसओपी की चर्चा सभी जमीन स्तर पर काम करने वाले कर्मियों और फ्रंटलाइन पर्यवेक्षकों की जागरूकता को बढाया और प्रोत्साहित करते हुए सख्ती से कार्यान्वयन किया गया।

24- कामगारों और सुपरवाइजरों को खदान में कार्य करने से पहले सुरक्षा शपथ दिलाई जाती है और सभी खदानों में सुरक्षा वार्ता की जाती है। वही हर दिन खदान अधिकारियों द्वारा वाट्सएप ग्रुप में फोटोग्राफ पोस्ट किए जाते है।

25- विशेष सुरक्षा ड्राइव कार्यक्रम के अनुसार आयोजित किए गए, मानसून प्रिप्रेषन, रूफ सपोर्ट, एसडीएल/एलएचडी, हॉलेज और बेल्ट, डम्प और हाइवॉल, एसओपी और संविदा कर्मी की सुरक्षा जागरूकता, प्रषिक्षण, वेन्टीलेषन, डस्ट सप्रेषन, एक्सप्लोसिव, स्टेट्यूरी प्लान, रिकार्डो पर।

26- मान्ना इंक्लाइन द्वारा 30.8.2019 को घटित गंभीर दुर्घटना और मूंगोली ओसी द्वारा 11.06.2019 को घटित प्राणघातक दुर्घटनाओं पर इनहाउस डॉक्यूमेंट्री फिल्म तैयार की गई।

27- गहन सुरक्षा जागरूकता और सुरक्षा प्रचार–प्रसार को बढाने के लिए विभिन्न माध्यमों का उपयोग किया गया जैसे पिट सुरक्षा वार्ता, विषेष सुरक्षा प्रषिक्षण ठेकेदार के षिविरो में, सुरक्षा जागरूकता कार्यक्रम, पोस्टर्स, सुरक्षा संचालन प्रक्रियाओं के पेम्पलेट आदि, क्षेत्रों द्वारा सभी ठेका श्रमिकों को सुरक्षा के मद्दो पर संवेदनषील बनाने के लिए सुरक्षा कार्यषाला का उनके स्तर पर आयोजन किया गया।

28- **संविदा कर्मियों को प्रषिक्षण और सुरक्षा जागरूकताः** संविदा कर्मियों को शुरू में एमवीटी रूल्स और वीटीसी के मॉड्यूल्स के अनुसार बुनियादी प्रषिक्षण दिया जाता है सुरक्षा जागरूकता बढाने के लिए ठेकेदार श्रमिकों को उनके षिविरों में नियमित रूप से सुरक्षा वार्ता दी जाती है। संबंधित एसओपी के कार्यान्वयन पर भी सुरक्षा वार्ता के दौरान चर्चा की जाती है। ठेकेदार मषीनरी के लिए ओ.ई.एम इंजीनियर, ठेकेदार श्रमिको के लिए सुरक्षा कार्यषालाएं और सुरक्षा वार्ता आयोजित करते है। ठेकेदार श्रमिको को उनके षिविर में उचित और सुरक्षित संचालन प्रक्रियाओं के बारे में बताया जाता है।

29- द्विपक्षीय सुरक्षा समीक्षा की बैठकों का आयोजन 16 जनवरी 2019, 22 फरवरी 2019, 20 मार्च 2019 और 7 मई 2019 को डीडीजी और निदेशक (तकनीकी) की अध्यक्षता में डीजीएमएस अधिकारी, वेस्ट जोन के साथ सभी क्षेत्रीय महाप्रबंधक, मुख्यालय के विभागाध्यक्षों और आईएसओ अधिकारियों के साथ किया गया।

30- डीडीजी, वेस्ट जोन, नागपुर द्वारा एक अनोखी पहल डिजीटल एप्प तैयार करके की गई, जिसका उद्देष्य कोयला सेक्टर और गैर कोयला सेक्टर के कर्मचारियों को जो कि लगभग 1 लाख मेनफोर्स है, वे इसके माध्यम से सुरक्षा उपायों और अच्छे अभ्यासों को एक दूसरे से आदान–प्रदान कर सके। डब्ल्यूसीएल इस विकसित एप्प पर सक्रिय रूप से प्रतिभागिता करता है, इस एप्प को 'खनन मित्र' कहा जाता है जिसका शुभारंभ 19 जुलाई 2019 को हुआ था। 'खनन मित्र' पर व्यक्तियों की प्रतिभागिता का प्रति–परीक्षण आईएसओ अधिकारियों के द्वारा वार्षिक सुरक्षा पखवाडा 2019 में किया गया।

9. बचाव

आपातकाल में शीघ्र सेवा एवं फिर से संचालन शुरू करना :–

वर्ष 2019.20 के दौरान निम्नलिखित आपरेषन (संचालन) बचाव कवर के तहत किए जाए ।

क्र.	दिनांक		कालरी / क्षेत्र	विवरण
	कब से	कब तक		
1	21.04.19	21.04.19	माथनी / पेंच	पुनः खोलना (बंद सीम ट.। की 18सै)
2	14.07.19	14.07.19	चांदामेटा / पेंच	छोड़े गए क्षेत्र में संदिग्ध मिसिंग व्यक्ति की तलाष की गई एवं चांदामेटा नं .6 इनक्लाइन को सील किया।
3	18.07.19	18.07.19	खुभांरखानी / वणी नार्थ	फंसे व्यक्तिय को बाहर लाया (आक्सिजन की कमी वाले वातावरण से) खुभांरखानी की नं.1 बंद इनक्लाइन ।
4	04.08.19	05.08.19	माथनी / पेंच	सीलिंग आपरेषन स्पोंटनियस हिंटिंग सील–सीम वी–ए की एलएस–18
5	18.11.19	19.11.19	पाटनसांवगी / नागपुर	सीलिंग आपरेषन स्पोंटनियस हिंटिंग सीम.11 के पेनल सी–2 में

इन–हाउस में गैस डिटेक्टरों का केलिब्रेषन एवं परिणामी लागत बचत :–

विभिन्न प्रकार के गैस डिटेक्टरों के मेंटेनेंस और केलिब्रेषन के लिए इन–हाउस विशेषज्ञता हासिल करने के लिए की गई पहल से न केवल खदानों में गैस डिटेक्टरों की विश्वसनीयता, उपलब्धता और दक्षता बढ़ी है, बल्कि रू. 37ण्05 लाख की परिणामी बचत भी हुई है, 2019.20 में वर्ष के दौरान जो बाहरी एजेंन्सीयों को भुगतान किया गया होता । वर्ष 2019.20 में कुल 910 उपकरणों का केलिब्रेषन किया गया ।

एम.आर.एस. पर गैस डिटेक्टरों से लागत बचत



वेकोलि के बाहर के व्यक्तियों को बचाव प्रषिक्षण प्रदान करने के कारण रेवेन्यू जनरेषन

माइंस रेस्क्यूस्टेषन, नागपुर द्वारा भुगतान के आधार पर निम्नलिखित कम्पनियों के कर्मचारियों को बचाव एवं स्वास्थलाभ में प्रषिक्षण प्रदान किया ।

(i) मे. सनफ्लेग आयरन एवं स्टील कम्पनी
(ii) मे. सीलगोरी कोल माइन (आरसीसीचीएल)
(iii) एमओआईएल लिमिटेड
(iv) हिन्दुस्तान कॉपर लिमिटेड

इससे 2019–20 के दौरान रू. 20.21 लाख की आय अर्जित की ।



अन्य खदानों को बचाव कवर प्रदान करना :–

बचाव एवं रिकवरी कार्यों में प्रषिक्षण प्रदान करने के अलावा निजी खानों को बचाव कवर (माइन रेस्क्यू साल 1985 के अनुसार) सक्षम प्राधिकारी के अनुमोदन प्राप्त करने के प्यचात् शुरू किया गया । वर्तमान में दो खदान की

सिआल गोगरी कोल माईन (1 अप्रेल 2019 से) और सनफ्लेग आयरन और स्टील की बेलगाम कोल माईन (1 फरवरी 2019 से) को रेस्क्यू कवर, माइन रेस्क्यू स्टेषन नागपुर द्वारा प्रदान किया गया ।

बचाव कवर प्रदान करने के लिए एमआरएस नागपुर प्रतिटन कोयले का 3 रू. तथा 2019-20 में वेकोलि के खाते में 13.34 लाख रू. का भुगतान किया गया ।

बचाव सेवा में प्रतियोगिता/ड्राइव

(1) अंतर क्षेत्रीय बचाव कक्ष प्रतियोगिता– 2019.20 माह फरवरी 2020 में आयोजित किया गया था । प्रतियोगिता के विजेता इस प्रकार हैः–

प्रथम पुरस्कार– आरआरआरटी समूह– परासिया,

आरआर समूह के प्रथम पुरस्कार– आरआर माथनी

(2) जोनल/अंतर क्षेत्रीय बचाव प्रतियोगिता– 2019

जेनल बचाव प्रतियोगिता पेंच क्षेत्र की महादेवपुरी खान में 23 व 24 अक्टूबर 2019 को आयोजित की गई। प्रतियोगिता एआईएमआरसी की शर्तों के अनुसार भूमिगत खदान में आयोजित की गई थी ।

अंतर क्षेत्रीय बचाव प्रतियोगिता के वितेजा इस प्रकार थे :–

कुल मिलाकर प्रथम पुरस्कार–	माजरी–वणी क्षेत्र संयुक्त टीम ।
ओवर ऑल द्वितीय –	कन्हान क्षेत्र
ओवर ऑल तृतीय–	पेंच क्षेत्र
प्रथम बचाव व रिकवरी–	कन्हान क्षेत्र
द्वितीय बचाव व रिकवरी–	माजरी–वणी क्षेत्र

(3) 50 वीं ऑल इंडिया माइंस रेस्क्यू प्रतियोगिता
(एआईएमआरसी 2019 कोल एंड मेटल)

वेकोलि की रेसक्यू टीम 19 से 22 नवम्बर 2019 तक एम सी एल द्वारा आयोजित की गई 50 वीं अखिल भारतीय खान बचाव प्रतियोगिता–2019 में विजेता टीम बनकर उभरी, 12 कोल कम्पनियों व 6 मेटल कम्पनियों की कुल 26 टीमों ने प्रतियोगिता में भाग लिया और वेकोलि की टीम ने 33 में से 11 पुरस्कार जीते, जिससे वे प्रतियोगिता में सबसे अधिक सम्मानित टीम बनी ।

वेकोलि द्वारा जीते गए पुरस्कार इस प्रकार थे :–

(i)	ओवर आल प्रथम–	एल– बी
(ii)	ओवर आल चतुर्थ–	डब्ल्यूसीए डब्ल्यूसी ल–ए
(iii)	टर्न–आउट और ड्रील में सर्वश्रेष्ठ टीम–	डब्ल्यूसीएल– बी

(iv) सिद्धांत परीक्षण में दूसरी सर्वश्रेष्ठ टीम– डब्ल्यूसीएल–ए

(v) एफएबी में दूसरी सर्वश्रेष्ठ टीम– डब्ल्यूसीएल–ए

(vi) बचाव व रिकवरी में पांचवी– डब्ल्यूसीएल–ए

(vii) सर्वश्रेष्ठ टीम– बचाव व रिकवरी– डब्ल्यूसीएल–बी

(viii) तृतीय सर्वश्रेष्ठ सदस्य– श्री तेज बाहदुर यादव, डब्ल्यूसीएल–ए

(ix) दूसरा सर्वश्रेष्ठ सदस्य– श्री संतोष पटेल, डब्ल्यूसीएल–बी

(x) सर्वश्रेष्ठ सदस्य–श्री आषीष शेलारे, डब्ल्यूसीएल–ए

(xi) सर्वश्रेष्ठ कप्तान–श्री एम.विष्णु, डब्ल्यूसीएल–बी

(4) <u>प्राथमिक चिकित्सा प्रतियोगिता</u> –

2019.20 में लगातार दूसरे साल बचाव सेवाओं में वेकोलि के सभी क्षेत्रों में फर्स्ट एड–प्रतियोगिता ने सफलतापूर्वक आयोजन में सहयोग किया ।

नवम्बर–2019 में विभिन्न क्षेत्रों में आयोजित प्रतियोगिताओं में महिलाओं (26 टीमे) और संविदा कर्मियों की (18 टीमें) से कुल 107 टीमों ने भाग लिया, जो वेकोलि में इस तरह की प्रतियोगिताओं में अब तक का सबसे उच्चतम था ।

<u>नया बचाव कक्ष स्थापित करना–</u>

अप्रेल 2019 में मुरपर यूजी माइन (उमरेर क्षेत्र) में एक नया बचाव कक्ष स्थापित किया गया । यह मौजूदा बचाव इकाइयों से संसाधनों के पुनर्गठन और अनुकूल के द्वारा किया गया था ।

<u>गैस क्रोमैटोग्राफ</u>

एक पौर्टेबल गैस क्रोमैटोग्राफ, शीघ्र और सटीक खान गैस विष्लेषण के लिए माइन्स बचाव स्टेषन नागपुर में स्थापित किया गया है । वर्ष 2018–19 में वेकोलि की विभिन्न खानों से कुल 2450 खदान के हवा के नमूनों का विष्लेषण किया गया ।

भुगतान के आधार पर वेकोलि ने कोयला खनन कंपनियों मे. सनफ्लेग आयरन और मे. स्टील कम्पनी तथा मे. सिलगोगरी कोल माइन में खान वायु नमूनों के विष्लेषण की सुविधा का विस्तार किया है । वर्ष 2019–20 के दौरान इन कंपनियों के द्वारा रू.1.20 लाख की राषि (148 नमूनों) के विष्लेषण के लिए जमा की गई थी ।

10.दूर संचार (टेलीकम्युनिकेशन)

आवाज एवं डेटा सम्प्रेषण प्रणालीः

(i) कुषल संचार नेटवर्क उच्च गति एमपीएलएस–वीपीएन नेटवर्क पर आधारित है जो सभी एएचक्यू, सभी क्षेत्रीय भंडार, केन्द्रीय भंडार, केन्द्रीय कर्मषाला और वेकोलि मुख्यालय नागपुर के साथ सभी क्षेत्रीय चिकित्सालय को सेंट्रलाइज्ड सर्वर और कोल नेट एप्लिकषन को सक्षम करने के लिए जोड़ता है ।

(ii) वीडियो कांफ्रेंसिंग प्रणाली कंपनी मुख्यालय और सभी क्षेत्रीय मुख्यालय और एम.ओ.सी. के साथ एमपीएलएस वीपीएस और नियमित इंटरएक्षन की सुविधा के लिए सार्वजनिक आईपी विडियो के साथ 19 विभिन्न स्थानों पर अंत बिन्दु तक आधारित है।

(iii) कम्पनी मुख्यालय और सभी क्षेत्रीय मुख्यालयों में इंटरनेट के सुगम उपयोग के लिए उच्च गति वाई फाई प्रणाली की स्थापना की गई है ।

(iv) वेकोलि के कर्मचारियों के लिए वाइस और डेटा सेवाओं के लिए मोबाइल संचार हेतु पोस्ट पेड सीम प्रदान की गई है ।

(v) मुख्यालय के सभी क्षेत्रों और खान में आईपी आधारित इपीएबीएक्स सिस्टम की स्थापना की गई है ।

आई टी पहल क्रियान्वयन

(i) जीपीएस/जीपीआरएस आधारित वाहन ट्रेकिंग सिस्टम (व्हीटीएस) के साथ 570 नग, जी खदानों में वाहनों की प्रभावी, निगरानी और कोयले की ढुलाई में बाधा को रोकने के लिए खदान क्षेत्र के जीपीएस सेट और जियो–फेसिंग (भूमि पर बाढ लगाने) का काम जारी है ।
वजनी/पुलों जैसे सभी संवेदनशील बिन्दुओ पर केन्द्रीकृत सीसीटीवी निगरानी प्रणाली के साथ ।

(ii) सभी वजनी संवेदनषील जगह (बिन्दुओं) जैसे– तौलसेतु, आवक/जावक बिंदु, स्टाक यार्ड, मैगजीन, भंडार आदि जगहों पर इलेक्ट्रानिक संविलेंस (जांच/निगरानी) प्रणाली में वृद्धि के साथ केन्द्रीकृत सीसीटीवी सरवालेंस प्रणाली लगाई गई है ।

(iii) सभी रोड तौलसेतु पर आरएफआईडी पर आधारित वेटमेंट एकीकृत का क्रियान्वयन किया गया है।

(iv) खान में अनाधिकृत वाहनों के प्रवेष को रोकने के लिए चेकपोस्ट पर आरएफआईडी पर आधारित बूम बैरियर एक्सेस कंट्रोल सिस्टम लागू किया गया है ।

(v) दूरस्थ इकाईयों से क्षेत्रीय मुख्यालय सर्वरों के लिए उपरोक्त सभी प्रणालियों के एकीकरण के लिए अत्याधुनिक तकनीक के साथ आई पी रेडियो नेटवर्क स्थापित किए गए ।

(vi) कोल स्टॉक, रेल्वे साइडिंग और ओपन कास्ट माइंस की निगरानी के लिए पीटीजेड कैमरों के द्वारा निगरानी प्रणाली स्थापित की गई ।

वर्ष 2019–20 के दौरान प्रमुख पहल

(i) एम/एस बीएसएनएल द्वारा प्रबंधित एमपीएलएस, वीपीएम प्रबंधित नेटवर्क सेवाएं 389 विभिन्न स्थानों की कनेक्टिविटी के लिए जो मध्यप्रदेष व महाराष्ट्र राज्य में डब्ल्यू.सी.एल. के सभी क्षेत्रो में फैली हुई है, जिसमें मुख्यालय/डेटा सेंटर महाराष्ट्र शामिल है, जो डब्ल्यू.सी.एल में इपीआर हेतु कोल नेट एप्लीकेषन/क्रियान्वयन के लिए है ।

(ii) डब्ल्यू.सी.एल की सभी ओपनकास्ट माइन के कोलफेस तक कम्युनिकेषन को बेहतर बनाने के लिए व्हीएचएफ 728 नग वाकी–टाकी सेट तथा 30 नग व्हीएचएफ रिपीटर्स की खरीद और परिचालन किया गया ।

(iii) डीजीएमएस के अनुमोदन के बाद आंतरिक रूप से सुरक्षित आटो सह मैनुअल युजी संचार प्रणाली का एकीकृत डिजिटल स्विच के साथ आपूर्ति, आदेष स्थापित किया गया । और इसी तरह इन्हें 6 युजी माईंस पर फिर से सर्वेक्षण ऑफ और पुरान प्रणालियों के प्रतिस्थापना से चालू किया गया ।

(iv) अतिरिक्त 1846 नगो जी.पी.एस. सेट की खरीद के लिए आपूर्ति आदेष रखा गया । कोयले के उत्पादन/ ओबी हटाने के लिए इस्तेमाल किए जाने वाले सभी कोयले के वाहनों और संविदात्मक, डब्ल्यू.सी.एल. डांपरों के लिए सेट इन्स्टालेषन का कार्य प्रगति पर है ।

(v) न्यू आई.पी. पर आधारित इपीएबीएक्स प्रणाली की खरीद के लिए तथा साथ ही सर्वर गेट वे आर्किटेक्ट मात्रा 04 नग के लिए आपूर्ति आदेष रखा गया है और पुराने इपीएबीएक्स को बदलने तथा उसके जैसा ही नया स्थापित करना ।

(vi) (मानवरहित एरियन व्हीकल) ड्रोन तकनीक जो डब्ल्यू.सी.एल. की ओपन कास्ट माइन की निगरानी करेगा, इसको लागू करने के लिए भी डब्ल्यू.सी.एल. ने पहल की है तथा 05 नग यू.ए.वी. प्रणाली की खरीद का काम भी प्रगति पर है ।

11.वित्तीय वर्ष 2019–20 के दौरान आई.टी. पहल

क्र.	गतिविधियों का विवरण	स्थिति
1.	केन्द्रीय सर्वर के द्वारा कोल नेट की व्यवस्था ।	नियमित अनुप्रयोंगों के अलावा, लिखित क्रियाए शामिल है । व्यापार को आसान बनाने तथा डेटा को सुरक्षित रखने के साथ अनुप्रयोग के महत्व का मानकीकरण ।
		कोलनेट के माध्यम से फार्म–16, फार्म–24 को आयकर से संबंध किया गया ।
		कोलनेट के द्वारा वार्षिक व्ही.व्ही. जनरेट किया गया ।
		कोलनेट के द्वारा वर्ष 2018–19 में पी.आर.पी. प्रक्रिया व बिलिंग ।
		कोलनेट द्वारा रिफंड विवरण, डी.आर. नोट्स/सी.आर. नोट्स बनाना।
		डब्ल्यू.सी.एल. के वेबसाइट पर जो मासिक अपलोड होने वाली सेल्स इन वाइस (विक्रय चालान) कोलनेट के द्वारा बनती है ।
		वित्तीय एवं बिक्री के लिए अंडर/ओवर लोड विष्लेषण के आंकडे बिक्री चालान के द्वारा ।
		कोलनेट के द्वारा डी.ओ. चालान
		त्रैमासिक खातों के साथ–साथ वार्षिक अकाउंट के लिए तैयार किए गए माड्यूल के माध्यम से नोट्स और अनुबंध के साथ–साथ बैलेंस शीट/लाभ और हानि ।
		वेकोलि का फाइनल व लोवर कोलनेट द्वारा तैयार होता है ।
		आन लाइन एमएमएस माड्यूल ने अधिक उपयोगकर्ता के अनुकूल और ई.आर.पी. अनुरूप बना दिया।
		सभी क्षेत्रों में बिल ट्रेकिंग प्रणाली लागू की गई ।
		चिकित्सा विभाग के लिए अनुकूलित बिल ट्रेकिंग एप्लीकेषन प्रदान की गई।
2.	सेंड बिलिंग पोर्टल	रेत विक्रय एवं चालान तैयार करने हेतु एक हैंडी एवं अत्याधिक उपयोगी पोर्टल का वर्तमान में नागपुर क्षेत्र ओ.बी. के द्वारा निकाल रहा है । उपभोक्ता मास्टर का निर्माण/अद्यतन पोर्टल के माध्यम से किया जाता है । बिक्री आदेष के साथ ओ.बी. बिलिंग पोर्टल भी उसी पोर्टल के माध्यम से एकीकृत किया गया ।
3	बायोमेट्रिक अटेंडेंस	फेस रिकोगनाइजेषन आधारित बायोमेट्रिक अटेन्डेन्स कैप्चरिंग को मौजूदा फिंगर आधारित बायोमैट्रिक डिवाइस की तरह पेष किया गया । वेतन प्रक्रिया प्रणाली के साथ बायोमेट्रिक उपस्थिति डेटा का एकीकरण स्थापित किया गया है । इन–हाउस के रूप में विसकिस अटेंडेंस पोर्टल को बायोमेट्रिक और सैलरी सिस्टम के इंटरफेस के रूप में उपयोग किया जा रहा है ।
4	आनलाइन मेडिकल रेफरल प्रणाली	सी.एम.एस मुख्यालय में आनलाइन समीक्षा की गई । रोगियों के रेफरल डेटा दर्ज करने के लिए डब्ल्यू. सी.एल. में आनलाइन मंच प्रदान करने के लिए चिकित्सा विभाग की बहुत ही वांछित आवष्यकता को पूरा करने के लिए यह अत्यधिक महत्वपूर्ण अग्रणी सिस्टम है । क्षेत्र के अनुमोदित उपयोगकर्ता इसे उस रोगी के लिए डाउनलोड कर सकते है, जो उपचार के लिए संदर्भित अस्पताल में जाते है । यह आने वाले ई. आर.पी. अस्पताल प्रबंधन प्रणाली के लिए एक मॉडल संदर्भ बन गया है ।
5	लिगल इन्फोरमेंषन प्रणाली का क्रियान्वयन (एलआईएस सिस्टम)–	वेकोलि सिस्टम विभाग की एक अग्रणी पहल/प्रसारण जो मार्गदर्षन व सलाह द्वारा आई.टी. के तहत आने वाले स्नातक छात्रों के लिए कानूनी प्रभाग के लिए एक उपयोगी पोर्टल है । इसने अन्य सहायक कंपनियों में भी रूचि उत्पन्न की है । लीगेसी डेटा एन्ट्री इंटरफेस भी उपलब्ध है । एरिया, यूनिट के उपयोगकर्ता डेसटाप/लेपटाप/मोबाइल के माध्यम से इसका उपयोग कर सकते है ।
6	ई–आफिस एप्लिकेषन	ई–आफिस एप्लिकेषन क्षेत्रीय मुख्यालय तक बढ़ा दिया गया है । सभी फाइले भौतिक या इलेक्ट्रानिक ई–आफिस के माध्यम से ट्रेक की जाती है । पेंडेंसी और फाइल मूवमेंट की निगरानी की जाती है । वेकोलि मुख्यालय के 266 प्रतिभागी तथा सभी 10 क्षेत्रों व सी.डब्ल्यू.एस. तड़ाली को दिसम्बर 2019 में एफएमपी द्वारा प्रषिक्षित किया गया है ।
7	ग्रेच्यूटी पोर्टल	कार्यकारी और गैर कार्यकारी कर्मचारियों की ग्रेच्युटी गणना पे–रोल डेटा के साथ एकीकृत कर पोर्टल के माध्यम से सभी क्षेत्रो द्वारा किया जाता है । एल.आई.सी. को डेटा भी पोर्टल के माध्यम से प्रदान किया जाता है ।
8	असेट्स प्रबंधन पोर्टल	इसे सीवीओ सीआईएल के निर्देष पर विकसित व डिजाइन किया गया और पोर्टल को औपचारिक रूप से अगस्त 2017 में माननीय सीवीसी द्वारा लांच किया गया । मानक प्रणाली के माध्यम से सहायक कम्पनी का फिक्सड एसेस्ट डेटा को अपलोड करना तथा मूल्यहास गणना की जाती है । यह एक पहला प्रयास है जो एक ही डेटाबेस में सभी सहायक कंपनियों के सभी निष्चित परिसम्पत्तियों के केन्द्रीकरण के लिए है।
9	ई.आर.पी. क्रियान्वयन	वेकोलि पहले चरण में ई.आर.पी. के कार्यान्वयन के लिए कमर कस रहा है। 'सेवन कोर माड्यूल' के साथ अस्पताल प्रबंधन प्रणाली भी एकीकृत हो रही है। सितम्बर–2020 में 'गो–लाइव' की योजना बनाई गई है । सी.आई.एल. के दिषा निर्देषानुसार उपयोगकर्ताओं और एसएमई के लिए आवष्यक प्रषिक्षण चल रहा है। यह ई.आर.पी. आवष्यकतानुसार डब्ल्यू.सी.एल. के पास हर स्तर पर लेनदेन/परिचालन डेटा की अहम दृष्यता सुनिष्चित करेगा।

12.इन्वेंटरी मैंनेजमेंट

एम.एस.ई. खरीद–

डब्ल्यू.सी.एल. ने वित्त वर्ष 2019–20 के दौरान एम.एस.ई. फर्मो पर कुल खरीद मूल्य (भ्त्डवछ्एॅक्सए स्म्च्ए च्व्स- और आयरन एंड स्टील आदि को छोड़कर) के कुल खरीद मूल्य का 45.78 प्रतिशत रखने के आदेष दिए है ।

स्क्रेप निपटान–

इसके निपटान के लिए स्वीकृत लॉट का कुल मूल्य रू. 28.56 करोड़ और कुल बिक्री वसूली तथा वित्त वर्ष 2019–20 के दौरान 17.749 करोड़ ।

भंडार सूची–

पिछले वर्ष के वित्त वर्ष 2018–19 के दौरान वित्त वर्ष 2019–20 के दौरान उत्पादन में लगभग 8.4 प्रतिषत की वृद्धि के बावजूद केन्द्रीय भंडार और क्षेत्रीय भंडार की समग्र सूची में पिछले वित्त वर्ष 2018–19 के दौरान वित्त वर्ष 2019–20 के दौरान 1.84 प्रतिषत की वृद्धि हुई है ।

वित्त वर्ष 2018–19 मुकाबले 2018–20 के दौरान नान–मूविंग इन्वेन्टरी में 1०58 करोड रूपए की कमी आई है।

'जेम पोर्टल' के माध्यम से खरीद–

पिछले वर्ष की तुलना में जेम पोर्टल पर खरीद मूल्य में 328.68 प्रतिशत की वृद्धि हुई है, जैसा कि नीचे दर्शाया गया है ।

वर्ष	आदेश की संख्या	(लाख में)
2019-20	350	995.62
2018-19	228	232.25
2017-18	45	54.50

कैपेक्स– एचईएमएम :

वित्त वर्ष 2018-19 के **सीआईएल** द्वारा खरीद को छोडकर रू. 170 करोड़ के लक्ष्य के विपरीत रखे गए आदेशों का कुल मूल्य 209.27 करोड़ है और कुल आपूर्ति रू. 192.84 करोड़ है, 180 दिनों के मानक वैधता के विरूद्ध 124 दिनों का एक औसत लीड समय के साथ।

13. मानव संसाधन:

श्रम शक्ति की स्थिति

क्र. सं.	श्रेणी	श्रम शक्ति	
		31.03.2019	31.03.2020
1	अधिकारी	2214	2393
2	पर्यवेक्षक	5101	5236
3	लिपिक	2094	2323
4	विशेष कुशल / कुशल	16144	17811
5	अर्धकुशल/अकुशल	14327	15052
6	कंपनी प्रशिक्षु	521	230
	कुल	**40401**	**43045**

<u>मानव संसाधन विकास विभाग (मासंवि)</u>

वित्तीय वर्ष 2019-20 के दौरान, डब्ल्यूसीएल में कार्यकारी अधिकारियों, पर्यवेक्षकों और श्रमिकों के लिए आंतरिक और बाहरी प्रशिक्षण के माध्यम से अधिकारियों, सुपरवाइजरों और कामगारों को कुल 144529 प्रशिक्षण श्रमदिवस हासिल किए गए। लक्ष्य श्रमदिवस था - 120218 कुल 26624 प्रशिक्षण संख्या हासिल किए गए, प्रशिक्षण संख्या का लक्ष्य था - 22370।

वित्तीय वर्ष 2019-20 के दौरान प्रशिक्षण हेतु खर्च की गई राशी - रू॰ 29.47 करोड़ रूपये।

वित्तीय वर्ष 2019-20 के दौरान कुल प्रशिक्षण ब्यौरा निम्ननुसार हैं : -

आंतरिक प्रशिक्षण दिवस				बाह्य कम्पनी प्रशिक्षण दिवस				कुल	
व्यावसायिक प्रशिक्षण केन्द्र एवं प्रशिक्षण संस्थान		आई आई सी एम		इंस्टीट्यूशन आधारित और सेमिनार		विदेश में प्रशिक्षण दिवस			
कुल संख्या	श्रमदिवस	कुल संख्या	श्रमदिवस	कुल संख्या	श्रमदिवस	कुल संख्या	श्रमदिवस	कुल संख्या	श्रमदिवस
25899	141150	158	832	561	2506	6	41	26624	144529

<u>इन कम्पनी प्रशिक्षण</u>

मानव संसाधन के समग्र विकास के लिए अग्रणी ज्ञान, कौशल और दृष्टिकोण में सुधार लाने में इन कम्पनी प्रशिक्षण,एक महत्वपूर्ण भूमिका निभाता है. अधिकारियों, पर्यवेक्षकों और कामगारों के लिए पॉच प्रशिक्षण संस्थान अर्थात् मैनेजमेंट डेवलपमेंट इंस्टीट्यूट (एमडीआई) नागपुर, पर्यवेक्षक प्रशिक्षण संस्थान(एसटीआई) - छिंदवाड़ा, श्रमिक प्रशिक्षण संस्थान(डब्ल्यू टी आई) वर्धा और एच ई एम एम प्रशिक्षण संस्थान दुर्गापुर, कौशल विकास केंद्र, इंदौरा नागपुर तथा 11 व्यावसायिक प्रशिक्षण केन्द्र कार्यात्मक, मिश्रित कार्यात्मक और अन्य प्रशिक्षण पाठ्यक्रम आयोजित किये जाते हैं इसके अलावा अधिकारियों को विशेष प्रासंगिक प्रशिक्षण हेतु इंडियन इंस्टीट्यूट आफ कोल मेनेजमेंट, रांची में भेजे जाते हैं |

(अ) नीचे सारणीबद्ध रूप में 05 संस्थानों और 11 व्यावसायिक प्रशिक्षण केन्द्रों में अधिकारियों, पर्यवेक्षकों और कामगारों की 141150 प्रशिक्षण श्रमदिवस हासिल किया गया:

	अधिकारी	सुपरवाइजर	कामगार	कुल	प्रशिक्षण श्रमदिवस
मैनेजमेंट डेवलपमेंट इंस्टीट्यूट, नागपुर	2481	200	388	3069	5514
श्रमिक प्रशिक्षण संस्थान, वर्धा	0	128	392	520	12248
पर्यवेक्षी प्रशिक्षण संस्थान, छिंदवाड़ा	0	1408	373	1781	8243
एच ई एम एम प्रशिक्षण संस्थान, दुर्गापुर	90	222	1158	1470	4059
कौशल विकास केन्द्र, नागपुर	0	0	219	219	4463
क्षेत्रीय आवश्यकतानुरूप प्रशिक्षण	983	854	8544	10381	16542
प्रारंभिक प्रशिक्षण	0	0	679	679	21186
पुनश्चर्या प्रशिक्षण	0	0	5998	5998	64537
विशेष प्रशिक्षण	0	0	1782	1782	4358
कुल	**3554**	**2812**	**19533**	**25899**	**141150**

ब. वर्ष 2019-20 में इंडियन इंस्टीटयूट ऑफ कोल मैनेजमेंट, राँची में 158 अधिकारियों को प्रशिक्षण दिया गया जोकि 832 श्रम दिवस है।

<u>बाह्य कंपनी के प्रशिक्षण</u>:

विभिन्न शैक्षिक संस्थानों में संस्थागत प्रशिक्षण पाठ्यक्रमों एवम मूल उपकरण निर्माता द्वारा आयोजित प्रशिक्षण पाठ्यक्रमों, विभिन्न संगोष्ठियों, सम्मेलनों,में कर्मचारियों की भागीदारी के माध्यम से कर्मचारियों को वैश्विक और क्षेत्रीय औद्योगिक वातावरण से परिचित कराने हेतु, मानव संसाधन विकास विभाग नोडल विभाग के रूप में कार्य करता है|

देश में प्रशिक्षण : वित्तीय वर्ष 2019-20 के दौरान जिन शैक्षिक संस्थानों द्वारा आयोजित प्रशिक्षण कार्यक्रमों में भाग लेने के लिए नामित किया गया है उनमें इंडियन स्कूल आफ टेक्नालॉजी (आईएसएम), धनबाद, इंडियन इंस्टीट्यूट ऑफ टेक्नालॉजी, खडगपुर, इंडियन इंस्टीट्यूट ऑफ मैनेजमेंट, लखनऊ, आईआईएम, अहमदाबाद, नेशनल इंस्टीट्यूट आफ टेक्नालाजी(एनआईटी), इंडियन इंस्टीट्यूट आफ टेक्नालाजी(आईआईटी), (बी.एच.यु) से हैं| राष्ट्रीय संस्थान के रूप में विभिन्न संगठनों जैसे औद्योगिक इंजीनियरिंग संस्थान (आईआईआईई) मुंबई, इंस्टीट्यूट आफ पब्लिक इंटरप्राइसेस, हैदराबाद, भारतीय प्रशासनिक स्टाफ कॉलेज, हैदराबाद, नेशनल इंस्टीट्यूट आफ पर्सनल मेनेजमेंट, एम जी एम आई, राष्ट्रीय उत्पादकता परिषद (एनपीसी), गांधी लेबर फाउंडेशन पुरी के साथ साथ मूल उपकरण निर्माता जैसे भारत अर्थ मूवर्स लिमिटेड एवम एल & टी| अधिकारियों, पर्यवेक्षकों और कामागारों की दक्षता और उत्पादकता में सुधार करने के लिए तथा प्रबंधकीय तकनीकी और कार्यात्मक कौशल बढाने हेतु प्रशिक्षण के लिए मनोनीत किया जाता है. बाह्य कम्पनी प्रशिक्षण हेतु भेजे गये अधिकारियों, पर्यवेक्षकों और कामगारों का ब्योरा निम्ननुसार हैं:

बाह्य कंपनी के प्रशिक्षण	अधिकारी	सुपरवाइजर	कामगार	कुल	प्रशिक्षण श्रमदिवस
	385	94	82	561	2506

विदेश में प्रशिक्षण : वित्तीय वर्ष 2019-20 के दौरान भारत में विभिन्न प्रकार बाह्य कंपनी के प्रशिक्षण के अलावा, कर्मचारियों को अध्ययन पर्यटन, प्रशिक्षण, विकास के पाठ्यक्रम, अंतरराष्ट्रीय प्रदर्शनियों/ एक्सपो आदि विभिन्न पाठ्यक्रमों हेतु विदेश भी भेजा जाता है। 06 कर्मचारियों ने विदेश में प्रशिक्षण प्राप्त किया, जोकि 41 श्रम दिवस हैं, जिसका ब्योरा निम्ननुसार हैं:

विदेश प्रशिक्षण	अधिकारी	सुपरवाइजर	कामगार	कुल	प्रशिक्षण श्रमदिवस
	6	0	0	6	41

सुरक्षा प्रशिक्षण:

डब्ल्यूसीएल के विभिन्न क्षेत्रों में स्थित 11 व्हीटीसी में खानों में काम कर रहे श्रमिकों के लिए माइंस वोकेशनल ट्रेनिग रूल्स, 1966 के तहत प्रारंभिक, पुनश्चर्या और विशेष प्रशिक्षण के रूप में विभिन्न प्रशिक्षण दिए जा रहे हैं । साथ ही, ठेकेदार श्रमिक जो आज के परिदृश्य में एक महत्वपूर्ण

भूमिका निभाते हैं को भी हमारे व्हीटीसी में प्रारंभिक और पुनश्चर्या प्रशिक्षण दिया जाता है। सुरक्षा सम्मेलन की सिफारिश के अनुसार,पर्यवेक्षकों संबंधित संस्थानों में सुरक्षा प्रशिक्षण प्रदान कर रहे हैं। वर्ष 2019-20 के दौरान प्रदान किये गये विभिन्न प्रकार के सुरक्षा प्रशिक्षण निम्नानुसार सारणीबद्ध है

प्रशिक्षण का प्रकार	कर्मचारियों की संख्या
1. प्रारंभिक प्रशिक्षण	679
2. पुनश्चर्या प्रशिक्षण	5998
3. विशेष प्रशिक्षण	1782
4. क्षेत्रीय आवश्यकतानुरूप प्रशिक्षण	10381
पर्यवेक्षकों के लिए सेफ्टी मैनेजमेंट प्रोग्राम(सुरक्षा सम्मेलन की सिफारिश के अनुसार)	
अ) खनन	406
ब) विद्युत एवम यांत्रिकी	108
स) उत्खनन	31
6. डम्पर आपरेटरों के लिए सिमुलेटर प्रशिक्षण (एनसीएल में)	37
ठेकेदार श्रमिकों के लिए प्रशिक्षुण	
अ) प्रारंभिक प्रशिक्षण	5270
ब) पुनश्चर्या प्रशिक्षण	198
स) क्षेत्रीय आवश्यकता आधारित प्रशिक्षण	532

अनुसूचित जाति/ अनुसूचित जनजाति/ अन्य पिछड़ा वर्ग का प्रशिक्षण :

अनुसूचित जाति/ जनजाति तथा अन्य पिछड़ा वर्ग के उत्थान के लिए प्रशिक्षण, कंपनी के लिए एक महत्वपूर्ण विषय रहा है। इन कम्पनी आऊट कम्पनी प्रशिक्षण में भाग लिये एससी-एसटी- ओबीसी कर्मियो की संख्या नीचे दर्शयी गयी हैं: -

अनुसूचित जाति/ अनुसूचित जनजाति/ अन्य पिछड़ा वर्ग का कंपनी में तथा कंपनी के बाहर प्रशिक्षण

अनुसूचित जाति - 3680

अनुसूचित जनजाति - 1831

अन्य पिछड़ा वर्ग - 7030

कुल - 12541

<u>विशेष उपलब्धि</u>

कौशल विकास गतिविधियाँ 2019-20

अ)"प्रगति" - डब्ल्यूसीएल की सामुदायिक सामाजिक जिम्मेदारियाँ - एक पहल

कुल 5927 परियोजना प्रभावित एवं खदान परिक्षेत्र के पात्र बेराजगार युवकों को विभिन्न कौशल विकास कार्यक्रमों में प्रशिक्षित किया गया।

उपलब्धि (2019-20)	लिंगानुसार			श्रेणी			समूह	
	पुरूष	महिला	उभयलिंगी	अ.जा.	अ.ज.जा.	अ.पि.व.	पीएपीएस	ग्रामीण युवा
5927	4600	1327	0	1232	790	2882	1023	'0

मानव संसाधन - एमओयू के पैरामीटर

2393 अधिकारी (01.04.2019 की स्थिति में) में से 140 अधिकारी यानी 5.85% विभिन्न सेंटर ऑफ एक्सीलेंस जैसे भारतीय प्रौद्योगिकी संस्थान धनबाद, भारतीय प्रौद्योगिकी संस्थान खड़गपुर, भारतीय प्रबंधन संस्थान लखनऊ, भारत का प्रशासनिक स्टाफ कॉलेज हैदराबाद, भारत अर्थ मूवर्स लिमिटेड, सीबीआई अकादमी गाजियाबाद और भारतीय कोयला प्रबंधन संस्थान रांची आदि में एक सप्ताह के टैलेंट मैनेजमेंट और करियर प्रोग्रेस से संबंधित प्रशिक्षण कार्यक्रम में शामिल हुए हैं।

निरंतर स्वरूप के मानव संसाधन पैरामीटर:

i.निर्धारित समय के अनुपालन के साथ सभी अधिकारियों के संबंध में एसीआर एपीएआर ऑनलाइन / जमा करने की निरंतरता।

ii. वरिष्ठ अधिकारियों के लिए ऑनलाइन त्रैमासिक सतर्कता मंजूरी अद्यतन की निरंतरता।

iii. सीआईएल के कार्यकारी प्रतिभा प्रबंधन नीति के अनुसार उत्तराधिकार योजना का संचालन।

iv. डीपीसी के लिए सभी पात्र उम्मीदवारों के बायोडाटा और उसके सत्यापन की तिथि कटऑफ - 30.09.2019 दिनांकतक तक। 30.10.19

v. कम से कम %5 अधिकारियों को सप्ताह का प्रतिभा प्रबंधन और कैरियर प्रशिक्षण प्रदान 1 करना।

vi. ऑनलाइन मानव संसाधन प्रबंधन प्रणाली का नियमित अपडेशन।

vii. 50-55 वर्ष की आयु प्राप्त करने वाले अधिकारियों के लिए प्रारंभिक समीक्षा समिति की सिफारिश प्रस्तुत करना।

viii. एचआर ऑडिट सिफारिश का कार्यान्वयन।

निर्धारित समय सीमा के भीतर अनुपालन किया गया:

एमओयू कैलेंडर के अनुसार कार्य जीवन संतुलन और महिला कर्मचारियों के बीच नेतृत्व विकास को बढ़ावा देने के लिए 15 पहलें निर्धारित समय सीमा के भीतर की गई थीं।

प्रबंधन में कामगारों की भागीदारी :

संचालन समिति कंपनी स्तर पर कार्य कर रही है। कार्यकारी निदेशक तथा डब्ल्यूसीएल में कार्यरत केन्द्रीय श्रमिक संघों बीएमएस, एटक, एचएमएस, सीटू और सीएमओएआई के प्रतिनिधि शामिल है, तथा महाप्रबंधक(कार्मिक/औसं) समन्वयक के रूप में शामिल है। संचालन समिति के विस्तृत कार्यकारी क्षेत्र में निम्न शामिल है।

(I) कार्य योजना/बजट का प्रतिपादन एवं मूल्यांकन

(ii) संसाधनों का उपयोग

(iii)लागत/लाभप्रदता

(iv) कोयले की गुणवत्ता

(v) सुरक्षा

(vi) कर्मचारियों का कल्याण एवं

(vii) पर्यावरण संरक्षण

संचालन समिति की आवधिक बैठके नियमित रूप से की गई है जिससे न केवल सौहार्द पूर्ण औद्योगिक संबंध बनाये रखने में बढ़ावा मिला है बल्कि संगठनात्मक लक्ष्य प्राप्ति में भी मदद मिली है।

आश्रितों को रोजगार :

पिछले दो वर्षों में डब्ल्यूसीएल में एनसीडब्ल्यूए के अंतर्गत आश्रितों को रोजगार एवं आर्थिक मुआवजों के स्वीकृति आदेश निम्नानुसार दिये गये -

	2019-20
रोजगार	248
आर्थिक मुआवजा	13
विशेष महिला स्वैच्छिक सेवा निवृत्ति योजना	12
	-

आर.एंड आर. नीति के तहत भू-अधिग्रहितो को दिये गये रोजगार -

वर्ष	**2018-19**	**2019-20**
रोजगार	410	1035

भर्ती:

वर्ष	**2018-19**	**2019-20**
माइनिंग सरदार	333	निल
स्टाफ नर्स	निल	98

औद्योगिक संबंध :

वित्तीय वर्ष 2018-19 के दौरान डब्ल्यूसीएल में औद्योगिक संबंध दृश्य शांति स्नेह एवं सौहार्दपूर्ण रहा।

विगत दो वर्षों का औद्योगिक संबंध स्थिति का विवरण नीचे दर्शाया गया है

विधि एवं कानून घटनायें	**2018-19**	**2019-20**
श्रमिक भुख हड़ताल	निरंक	निरंक
घेराव	निरंक	निरंक
हमला	निरंक	निरंक
धरना/मोर्चा/प्रदर्शन	निरंक	निरंक
कुल	निरंक	निरंक
हड़ताल/काम रोको		
हड़ताली की संख्या	01*	02**
श्रम दिवसों की हानि	17458	33849
उत्पादन हानि(टन)	71430	87849

* राष्ट्रीय मुद्दों पर केन्द्रीय श्रमिक संघों द्वारा 8 और 9 जनवरी 2019 को दो दिवसीय राष्ट्र व्यापी सामान्य हड़ताल नोटिस।

** पांच दिन जनरल स्ट्राइक 23 से 27 सितंबर 2019 तक (एबीकेएमएस / बीएमएस) द्वारा और इस बीच 24 सितंबर 2019 को एक दिन की सामान्य हड़ताल 5 सीटीयू द्वारा बुलाया गया। 25.09.2019 को एबीकेएमएस / बीएमएस द्वारा हड़ताल बंद की गई ।

8 जनवरी 2020 यानी बुधवार को इंटक , एटक, एचएमएस, सीटू, एआईसीसीटीयू और अन्य द्वारा एक दिन की सामान्य हड़ताल बुलाई गई , जो महाराष्ट्र क्षेत्र की खदान के लिए ऑफ का साप्ताहिक दिन है।

पदोन्नतियाँ:

वर्ष 2019-20 के दौरान कर्मचारियों की जीविका(कैरियर) वृद्धि के लिये 2696 गैर अधिकारियों को पदोन्नति दी गई।

एससी/एसटी/ओबीसी :

दिनांक 31.03.2020 तक कर्मचारियों का ब्यौरा निम्नानुसार है:-

कर्मचारियों की कुल संख्या	एससी	एसटी	ओबीसी
40401	7199	2501	13632

भर्ती तथा पदोन्नति में एससी, एसटी तथा ओबीसी से संबंधित महामहिम राष्ट्रपति के निदेशों का पालन किया जा रहा है।

शिकायत निवारण :

शिकायत निवारण कक्ष (जीआरसी)

डब्ल्यूसीएल के कर्मचारियों तथा अन्य स्टेक होल्डर्स के शिकायतों के निवारण के लिए अच्छा सिस्टम मौजूद है।

वर्ष 2019-20 के दौरान प्राप्त हुई 400 शिकायतों में से 388 (97 %) का निपटारा किया गया।

वर्ष 2019-20 के दौरान कामगारों के प्रतिनिधियों के साथ एरिया तथा मुख्यालय स्तर पर 73 बैठकें आयोजित की गईं।

आंतरिक शिकायत समिति :

कार्यस्थल पर महिलाओं का लैंगिक उत्पीड़न (रोकथाम निषेध एवं निवारण) अधिनियम, 2013 के अनुसार कंपनी में लैंगिक उत्पीड़न विरोधी नीति है ।

लैंगिक उत्पीड़न से संबंधित शिकायतों के निवारण के लिए आंतरिक शिकायत समिति (आईसीसी) गठित की गई। सभी कर्मचारी (स्थाई, ठेकेदारी, अस्थाई, प्रशिक्षु) इस नीति के अंतर्गत आते हैं। समिति को इस संबंध में कोई शिकायत प्राप्त नहीं हुई है।

<u>कल्याण उपाय एवं सामाजिक सुविधायें</u>:

ग्रुप ग्रेच्युटी स्कीम:

वेकोली ने प्रतिवर्ष ग्रेच्युटी दायित्व एवं कर लाभ के दावे प्रदान करने के लिए ठोस वित्तीय प्रबंधन प्रणाली के रूप मे एलआईसी की ग्रुप ग्रेच्युटी स्कीम को अंगीकार किया है। नौकरी में रहते मृत्यु होने पर पूरी पेंशन मिलना इसकी विशेषता है। ग्रुप ग्रेच्युटी स्कीम 10 मार्च 2003 से प्रचलित है। दिनांक31.03.2020 को वास्तविक देय राशि 3270 करोड़ रुपये है एवं लाइफ इन्शुरेंस कार्पोरेशन ऑफ इंडिया की कोई भी अदत्त देयताए नहीं है। ट्रस्ट ने 2019-20 मे पुरानी स्कीम के तहत 8.05% की ब्याज दर से 154.22 करोड़ रुपये तथा आईआरडीए प्रारूपित नयी स्कीम के तहत 0.37 करोड़ रुपए ब्याज के रूप अर्जित किए।

ग्रेच्युटी का भुगतान:

डब्ल्यूसीएल एम्पलॉइज ग्रुप ग्रेच्युटी स्कीम के तहत वित्तिय वर्ष 2019-20 के दौरान कुल 3540 सेवानिवृत्त/ पृथक कर्मचारियोंकों 571.43 करोड़ रुपये की ग्रेच्युटी रशि एवं 458 मृतक कर्मचारियों के नामितों को 57.92 करोड़ रुपये ग्रेच्युटी की राशि के अतिरिक्त 6.25 करोड़ रुपए लाईफ कवर की राशि का भुगतान किया गया।

डब्ल्यूसीएल अपने कर्मचारियों तथा उनके आश्रितों के कल्याण के लिए प्रतिबद्ध है और उनके जीवन स्तर में सुधार लाने के लिए विभिन्न सुविधाएं प्रदान करती है। कर्मचारियों तथा उनके आश्रितों को प्रदान की गई सुविधाओं का ब्यौरा नीचे दिया गया है:-

क्रमांक	**ब्यौरा**	**31.03.20 को**
1	आवास - मानक - 43864 अमानक-10086	53,950
2	जल आपूर्ति (कुल आबादी)	3,23,855
3	विद्यालय (आवर्ती-गैर आवर्ती, अनुदान एवं सुविधा प्राप्त)	15
4	को-आपरेटिव स्टोर	24
5	को-आपरेटिव सोसायटी	45
6	बैंक शाखा / एक्सटेंशन काउंटर	113
7	एम्बुलन्स	82
8	चिकित्सालय	35
9	अस्पताल	10
10	कैन्टीन	75
11	व्यायाम शाला	27
12	स्टेडियम	13

खेलकुद:

डब्ल्यूसीएल ने वर्ष 2019-20 के दौरान कोल इंडिया स्तर के अंतर कंपनी टूर्नामेंट के दो खेलों यानी बॉडी बिल्डिंग, पावर एंड वेट लिफ्टिंग और कबड्डी खेल प्रतियोगिता का आयोजन किया है। डब्ल्यूसीएल ने विभिन्न कोल इंडिया स्तर की प्रतियोगिताओं में निम्न स्थान हासिल किए हैं:-

प्रतियोगिता	स्थान
बॉडी बिल्डिंग, पावर एंड वेट लिफ्टिंग	प्रथम (विजेता)
कबड्डी	द्वतीय (उपविजेता)
क्रिकेट	द्वतीय (उपविजेता)
थेलेटिक्स	द्वतीय (उपविजेता)

चिकित्सा शिविर:

डब्ल्यूसीएल में 45 शिविर जैसे रक्तदान शिविर, स्वास्थ्य शिविर, परिवार नियोजन शिविर (एलटीटी) आदि का आयोजन किया गया, जिसमें 5902 व्यक्ति लाभान्वित हुए हैं।

पेंशन :

पेंशन दावों पर प्रक्रिया और स्वीकृति :

डब्ल्युसीएल सीएमपीएस 1998 के प्रावधानों को लागू करने में सीआईएल में अग्रणी है। वर्ष 2019-20 के दौरान प्राप्त हुए पेंशन के सभी दावों को निपटाया गया।

यह योजना लागू होने के बाद से 31 मार्च 2020 तक कुल 78652 दावे प्राप्त हुए, जिनमे से 78499 दावे सीएमपीएफ कार्यालय, नागपुर तथा छिन्दवाडा रिजन द्वारा निपटाए गए और शेष 153 दावे (62 दावे नागपुर और 91 दावे छिंदवाड़ा) प्रक्रियाधीन है।

पेंशन दावों की प्रक्रिया का कम्प्यूटीकरण :

पेंशन/भविष्य निधि के दावों की प्रक्रिया का पूरी तरह से कम्प्यूटीकरण कर दिया गया है और सभी दावों के संबंध में भावी संदर्भ के लिए डाटा बेस बनाया गया है। हर एक व्यक्ति /दावेदार का डाटाशीट बनाया जाता है और भविष्य में संदर्भ के लिए सिस्टम विभाग के सर्वर में सहेजा गया है।

पेंशन विभाग डब्ल्यूसीएल मुख्यालय द्वारा प्रक्रिया किए गए पेंशन/भविष्य निधि दावे: -

दावों के प्रकार	दावों की संख्या
मिशन विश्वास के अंतर्गत पेंशन विभाग, डब्ल्यूसीएल , मुख्यालय द्वारा प्रक्रिया किए गए तथा सीएमपीएफ कार्यालय (नागपुर एवं छिंदवाडा रीजन कार्यालय) को अग्रेषित कुल पेंशन दावे	2937
मिशन विश्वास के अलावा दावे अर्थात ऑन रोल कर्मचारियों की मृत्यु होने पर/ त्याग पत्र/ सेवा समाप्ति/ बर्खास्तगी तथा मेडिकल अनफिट होने पर पेंशन दावे	565
पेंशनर की मृत्यु होने पर प्राप्त किए गए विधवा एवं चिल्ड्रन पेंशन दावे	724
सीएमपीएफ कार्यालय (नागपुर एवं छिंदवाडा रीजन कार्यालय) को अग्रेषित किए गए कुल पेंशन दावे	4226

पेंशन हेल्प लाइन:

पेशनभोगियों को आने वाली समस्याओं को सुलझाने के लिये पेंशन हेल्प लाइन कर्यरत है और कोई समस्या होने पर उसे हल करने के लिए सार्थक प्रयास किए जाते है। वित्तीय वर्ष 2019-20 के दौरान लिखित शिकायत समेत लैंड लाइन, व्हाट्सएप, मोबाइल और ई-मेल आदि पर कुल 435 शिकायत प्राप्त हुई, जिनमें से 413 मामलों पर कार्यवाई की गई और इसकी जानकारी टेलीफ़ोन, व्हाट्सएप, मोबाइल और ई-मेल पर दी गई। पेंशनभोगी के शिकायत को निपटाने के लिए सीएमपीएफ कार्यालय, नागपुर एवं छिन्दवाडा तथा राष्ट्रीयकृत बैंकों को अनुरोध किया है कि शेष मामलों के निपटान के लिए यथोचित कार्रवाई की जाए। शेष मामलों में क्लियरेंस के लिए कार्यवाही की जा चुकी है।

वर्ष 2018-19 एवं 2019-20 के लिए व्ही व्ही स्टेटमेंट प्रस्तुत करना:

डब्ल्यूसीएल ने दिनांक 31.03.2019 को समाप्त अवधि के लिए व्ही व्ही स्टेटमेंट प्रस्तुत करने में उच्च प्राथमिकता दी है और तदनुसार, क्षेत्रीय कार्यालय नागपुर और छिन्दवाडा के अंतर्गत आने वाले सभी इकाइयों । डब्ल्युसीएल के क्षेत्रों ने समय के अंदर व्ही व्ही स्टेटमेंट प्रस्तुत कर दिया। उसी प्रकार डब्ल्युसीएल के सभी क्षेत्रों को निर्देश दिया जा चुका है कि 31.03.2020 को समाप्त वर्ष के लिए उनकी सभी इकाइयों के व्ही व्ही स्टेटमेंट निर्धारित समयावधि में संबंधित सीएमपीएफ क्षेत्रीय कार्यालय को प्रस्तुत किया जाना सुनिश्चित करें।

14. हिंदी का प्रगामी प्रयोग : 2019-20

भारत सरकार की राजभाषा नीति के अनुसारने सरकारी कामकाज में हिंदी के प्रयोग को बढ़ावा दे , -: के दौरान किए गए कार्य इस प्रकार हैं 20-2019 तथा हिंदी के प्रगामी प्रयोग के लिए वर्ष

1. यह वेस्टर्न कोलफील्ड्स लिमिटेड के लिए गर्व की बात है कि राजभाषा विभाग, गृह मंत्रालय, भारत सरकार द्वारा नगर राजभाषा कार्यान्वयन समिति, नागपुर (कार्यालय-2) के अध्यक्ष का दायित्व वेस्टर्न कोलफील्ड्स लिमिटेड के अध्यक्ष-सह-प्रबंध निदेशक को सौंपा है। इस समिति के अंतर्गत नागपुर शहर में स्थित 77 कार्यालय आते हैं।
2. वर्ष के दौरान मुख्यालय और क्षेत्रीय कार्यालयों में 14 हिंदी कार्यशालाएं आयोजित की गईं, जिसमें कुल 608 अधिकारियों /कर्मचारियों ने भाग लिया।
3. मुख्यालय में राजभाषा कार्यान्वयन समिति की 04 बैठकें आयोजित हुईं, जिनमें राजभाषा हिंदी के प्रयोग की स्थिति तथा राजभाषा के निर्धारित लक्ष्यों की प्राप्ति के लिए उठाए गए कदमों की समीक्षा की गई। वर्ष के दौरान 08 क्षेत्रीय कार्यालयों में राजभाषा संबंधी निरीक्षण किया गया। निरीक्षण के दौरान हिंदी की प्रगति तथा राजभाषा अधिनियम एवं नियमों के अनुपालन की समीक्षा की गई।
4. दैनंदिन सरकारी कामकाज में हिंदी के प्रयोग को बढ़ावा देने के लिए मुख्यालय के प्रवेश द्वार के पास तथा क्षेत्रीय कार्यालयों में "आज के शब्द" के अंतर्गत अंग्रेजी शब्दों के हिंदी पर्याय नियमित रूप से प्रदर्शित किए गए।
5. वर्ष के दौरान पाक्षिक "वॉल पोस्टर" के 24 अंक हिंदी में निकाले गए, जिनमें कंपनी की गतिविधियों एवं उपलब्धियों की जानकारी दी गई।

6. 14 सितंबर, 2019 को 'हिंदी दिवस' के उपलक्ष्य में मुख्यालय में 14 से 30 सितंबर 2019 तक हिंदी पखवाड़ा मनाया गया, जिसके दौरान विविध प्रतियोगिताओं जैसे तात्कालिक भाषण, टिप्पण एवं आलेखन, स्वरचित काव्य स्पर्धा, सामान्य ज्ञान, निबंध, स्कूली बच्चों के लिए प्रतियोगिता, स्लोगन प्रतियोगिता, जेन नेक्स्ट के अधिकारियों के लिए हिंदी कार्यशाला, प्रश्नमंच तथा अंताक्षरी का आयोजन किया गया।
7. हिंदी पखवाड़ा के समापन समारोह में इन सभी प्रतियोगिताओं के विजेताओं को पुरस्कार प्रदान कर सम्मानित किया गया। बोर्ड परीक्षा 2019 में 10 वीं /12 वीं कक्षा में हिंदी विषय में सर्वाधिक अंक प्राप्त करने वाले कर्मचारियों के बच्चों को नकद राशि एवं प्रशस्ति पत्र प्रदान कर सम्मानित किया गया।'पारंगत' पाठ्यक्रम में सर्वाधिक अंक प्राप्त करने वाले प्रथम, द्वितीय तथा तृतीय स्थान पाने वाले कर्मियों को नगद राशि और प्रशस्ति पत्र प्रदान कर सम्मानित किया गया।
8. हिंदी पखवाड़ा के समापन समारोह में 'क' और 'ख' क्षेत्रों में वर्ष के दौरान हिंदी में उत्कृष्ट कार्य के लिए दो क्षेत्रीय कार्यालयों को राजभाषा शील्ड / प्रशस्ति पत्र प्रदान किया गया।उसी प्रकार वर्ष के दौरान तीन समूहों में हिंदी में सर्वाधिक पत्राचार के लिए मुख्यालय के विभागों और हिंदी में सर्वाधिक डिक्टेशन देने वाले कर्मियों को राजभाषा शील्डप्रशस्ति पत्र प्रदान / किया गया। डब्लूसीएलके क्षेत्रीय कार्यालयों में भी विभिन्न प्रतियोगिताओं के साथसाथ - राजभाषा पखवाड़ा मनाया गया।
9. कर्मचारियों के उपयोग हेतु 'दिनकर हिंदी पुस्तकालय' में विविध विषयों पर कुल 6756 हिंदी पुस्तकें और 07 हिंदी पत्रिकाएं उपलब्ध कराई गईं।
10. कर्मचारियों को सरकारी काम हिंदी में करने में दक्ष बनाने के लिए राजभाषा विभाग द्वारा हिंदी शिक्षण योजना, नागपुर के साथ मिलकर डब्लूसीएल मुख्यालय के मानव संसाधन विकास विभाग में 5 माह अवधि के अभ्यास आधारित पाठ्यक्रम 'पारंगत' के 7 बैच आयोजित किये जा चुके हैं और आठवां बैच चल रहा है।
11. हिंदी के महान साहित्यकार मुंशी प्रेमचंद, राजेंद्र यादव और हरिवंशराय बच्चन के जन्म दिवस पर उन्हें आदरांजलि अर्पित की गई और इस अवसर पर आयोजित कार्यक्रम से हिंदी भाषा के प्रचार को बढ़ावा मिला। कार्मिकों में उनकी साहित्यिक पुस्तकों का वितरण किया गया।
12. प्रत्येक माह प्रवेश द्वार पर मुख्यालय के अधिकारियों एवं कर्मचारियों को शपथ पर्ची देकर कार्यालयीन कार्य केवल हिंदी में करने के लिए प्रेरित किया गया।

15. पर्यावणीय उपाय

आपकी कंपनी परियोजना प्रबंधन के "पर्यावरण और पारिस्थितिकी" के प्रति अपनी जिम्मेदारियों से अवगत है और सभी परिचालित खानों में पर्यावरण संरक्षण और प्रदूषण के मितव्ययी उपायों के लिए उचित देखभाल कर रही है। 31-03-2020 को पर्यावरण प्रबंधन के तहत विभिन्न गतिविधियों की स्थिति निम्नानुसार है:

नई परियोजनाओं / मौजूदा परियोजनाओं के लिए पर्यावरण प्रभाव आकलन (ईआईए) / पर्यावरण प्रबंधन योजनाएं (ईएमपी) - पर्यावरणीय मंजूरी की स्थिति:

वित्तीय वर्ष 2019-20 के दौरान, ईआईए अधिसूचना, 2006 के अनुसार पर्यावरण, वन और जलवायु परिवर्तन मंत्रालय से छह परियोजनाओं के लिए नई पर्यावरणीय मंजूरी (ईसी) को सुरक्षित किया गया है। परियोजनाएं हैं - सिंघोरी ओसी विस्तार (विस्तार के लिए, उत्पादन क्षमता में 0.80 एमटीपीए से 1.12 एमटीपीए तक), धनकसा यूजी माइन (582.651 हेक्टेयर के एमएल क्षेत्र में 1.20 MTPA की पीक क्षमता के लिए), अदासा यूजी से ओसी कोयला खदान (उत्पादन क्षमता में 0.50 एमटीपीए से उत्पादन क्षमता के विस्तार तक)। 1.85 MTPA भूमि क्षेत्र में वृद्धि के साथ 221 हेक्टेयर से 594.41 हेक्टेयर), मुंगोली निर्गुण विस्तार का विस्तार। डीप ओसी (4.00 से 4.375 एमटीपीए के साथ भूमि क्षेत्र में 818.05 हेक्टेयर से 1317.55 हेक्टेयर तक की वृद्धि), भाटडी ओपेकैस्ट कोयला खदान का विस्तार (0.975 एमटीपीए से 1.465 एमटीपीए तक 847.37 हेक्टेयर के खदान क्षेत्र में) और नीलजाई विस्तार (डीप) ओसी (1761.22 हेक्टेयर के एमएल क्षेत्र में 3.50 एमटीपीए से 4.50 एमटीपीए तक उत्पादन क्षमता में विस्तार के साथ)।

इसके अलावा, दो परियोजनाओं के संबंध में एमओईएफ और सीसी से ई.सी. में संशोधन किया गया है, अर्थात् जमुनिया यूजी (एमएल क्षेत्र में 376.94 हेक्टेयर में 0.828 एमटीपीए की चरम क्षमता पर) और दुर्गापुर एक्सटेंशन में डीप ओसी चरण - II उत्पादन भूमि परियोजना (उत्पादन क्षमता 3.00 एमटीपीए में) कुल परियोजना क्षेत्र 1622.50 हेक्टेयर)।

उपरोक्त के अतिरिक्त, वैध ईसी के साथ खान संचालन को जारी रखने के लिए अपेक्षित मंजूरी भी उनकी वैधता अवधि के भीतर चार परियोजनाओं के लिए सुरक्षित है। ये परियोजनाएँ हैं - उमरेर ओपनकास्ट कोल माइनिंग प्रोजेक्ट का विस्तार (3.50 से 4.90 एमटीपीए), पेनगंगा ओपनकास्ट कोल माइनिंग प्रोजेक्ट का विस्तार (उत्पादन क्षमता में वृद्धि के लिए 4.50 से 6.30 एमटीपीए 763.06 हेक्टेयर के क्षेत्र में), गोंडेगाँव एक्सटेंशन कोल का विस्तार खदान परियोजना (791.40 हेक्टेयर की खदान लीज क्षेत्र में 2.50 से 3.50 एमटीपीए) और पौनी - II ओपनकास्ट कोल माइनिंग परियोजना का विस्तार (1095.52 हेक्टेयर के लीज खदान क्षेत्र में 0.60 से 3.25 एमटीपीए तक)।

सार्वजनिक सुनवाई:

एमओईएफ और सीसी के विशेषज्ञ मूल्यांकन समिति (ई ए) के टीओआर / निर्देश में निर्धारित शर्त की आवश्यकता की पूर्ति के लिए, पांच परियोजनाओं के लिए सार्वजनिक सुनवाई सफलतापूर्वक संबंधित राज्य प्रदूषण नियंत्रण बोर्डों के माध्यम से पूरी की गई है जो येकोना - I & II मिश्रित ओसी , भताड़ी ओसी विस्तार हैं, नई माजरी यूजी से ओसी विस्तार, मकरधोकरा - I ओसी विस्तार और तवा- III भूमिगत खान ।

संदर्भ की शर्तें (टीओआर):

कंपनी ने विस्तृत पर्यावरणीय प्रभाव आकलन और पर्यावरण प्रबंधन योजना तैयार करने के लिए तीन परियोजनाओं के लिए संदर्भ की शर्तें (टीओआर) प्राप्त की हैं, नई माजरी यूजी से ओसी , मकरधोखरा- I ओसी और गांधीग्राम यूजी (संशोधन) का विस्तार एमओईएफ और सीसी से EIA अधिसूचना , 2006 के अनुसार 2019-20 के दौरान । इसके अलावा, टीओआर की वैधता का विस्तार भी येकोना - I और II एकीकृत ओसी के लिए सुरक्षित था और पिछले वित्त वर्ष के दौरान अदासा यूजी से ओसी परियोजनाओं के लिए ।

पर्यावरण, वन और जलवायु परिवर्तन मंत्रालय द्वारा अनुमोदित ईएमपी का कार्यान्वयन:

पर्यावरण, वन और जलवायु परिवर्तन मंत्रालय द्वारा अनुमोदित ईएमपी वाली परियोजनाएं कार्यान्वित की जाती हैं और संबंधित पर्यावरणीय मंजूरी (ईसी) में दिए गए एमओईएफ और सीसी की शर्तों के अनुपालन पर रिपोर्ट आईएए डिवीजन, एमओईएफ और सीसी, नई दिल्ली और नागपुर और भोपाल में स्थित क्षेत्रीय कार्यालयों में हर छह महीने में प्रस्तुत की जाती हैं।

वित्त वर्ष 2019-20 के दौरान, 10 खानों यानी येकोना - I और II एकीकृत ओसी , गोंडेगांव विस्तार ओसी, मकरधोखरा - I ओसी, नई माजरी यूजी से ओसी विस्तार, पौनी - II ओसी विस्तार, नीलजई विस्तार (डीप) ओसी, उमरेड ओसी विस्तार, पेनगंगा ओसी विस्तार, मंगोली निरगुडा एक्सटेंशन (डीप) ओसी और कामठी डीप ओसी के संबंध में क्षेत्रीय कार्यालय, एमओईएफ और सीसी, नागपुर से ईसी अनुपालन के प्रमाण पत्र प्राप्त किए गए थे।

इसके अलावा, राष्ट्रीय पर्यावरण इंजीनियरिंग और अनुसंधान संस्थान, नागपुर (सीएसआईआर - एनईईआरआई) के माध्यम से ईसी की शर्तों के अनुपालन का तीसरा पक्ष सत्यापन भी सफलतापूर्वक तीन परियोजनाओं के लिए पूरा किया गया, जैसे कि पेनगंगा ओसी विस्तार, उमरेर ओसी विस्तार और पौनी - द्वितीय ओसी विस्तार ।

केंद्रीय भूजल प्राधिकरण से अनापत्ति प्रमाणपत्र :

केंद्रीय भूजल प्राधिकरण (सीजीडब्ल्यूए) द्वारा अधिसूचित शासनादेश की आवश्यकता को पूरा करने के लिए, सभी खानों के भूजल उन्मूलन के लिए अनापत्ति प्रमाणपत्र (एनओसी) प्राप्ति हेतु आवेदन प्रस्तुत किए गए हैं। पिछले वित्त वर्ष 2019-20 के दौरान, 15 परियोजनाओं पेनगंगा ओ सी , उमरेर ओ सी , मकरधोकरा - **III** (दिनेश) ओ सी , गोंडेगाँव ओ सी, इंदर यू जी से ओ सी, कांपटी डीप ओ सी, सिंघौरी ओ सी, दुर्गापुर ओ सी, नई माजरी यू जी से ओ सी,, येकोना- **I & II** एकीकृत ओ सी , न्यू माजरी - **II (A)** ओ सी , पौनी- **II** ओ सी विस्तार, निल्जय डीप ओ सी , मुंगोली निरगुड़ा विस्तार (डीप) ओ सी और भटाड़ी विस्तार ओ सी के लिए अनापत्ति प्रमाण पत्र सुरक्षित कर लिया गया है ।

कोयला नियंत्रक द्वारा प्रगतिशील खदान बंद करने की गतिविधियों की प्रतिपूर्ति:

पिछले वित्त वर्ष 2019-20 के दौरान, कोल नियंत्रक ने प्रगतिशील खदान बंद करने की गतिविधियों के दावे के खिलाफ 24 परियोजनाओं / खानों के एस्क्रो खाते से रुपये 383.88 करोड़ की राशि जारी की है ।

वनीकरण:

राज्य विशेषज्ञ एजेंसियों द्वारा वृक्षारोपण कार्य निष्पादित किया जा रहा है यथा मध्य प्रदेश राज्य मे मध्य प्रदेश राज्य वन विकास निगम लिमिटेड द्वारा । वराश 2019-20 के दौरान, खनन क्षेत्रों में कुल 1,35,000 पौधे लगाए गए हैं। लगाया गया कुल क्षेत्रफल बाहरी ओबी डंप पर 10 हेक्टेयर से अधिक है और अन्य क्षेत्रों अर्थात कालोनी, एवेन्यू, रेलवे साइडिंग्स आदि में 44 हेक्टेयर से अधिक है। इस प्रकार, डब्ल्यू खनन क्षेत्रों में अब तक कुल रोपण 6855.75 हेक्टेयर क्षेत्र को कवर करते हुए 188.549 लाख पौधे हैं।

2019-20 में किए गये अन्य पर्यावरणीय शमन उपाय

रिमोट सेंसिंग तकनीक के जरिए लैंड रिक्लेमेशन मॉनिटरिंग:

5 मिलियन क्यूबिक मीटर (कोल + ओबी) की खुदाई करने वाली 10 प्रमुख ओपनकास्ट खदानों में भूमि के उत्थान की प्रगति पर सीएमपीडीआईएल द्वारा वार्षिक आधार पर, सैटेलाइट इमेजरी के माध्यम से निगरानी की जाती है। इसके अलावा, सीएमपीडीआईएल द्वारा सैटेलाइट इमेजरी के माध्यम से 5 मिलियन क्यूबिक मीटर (कोल + ओबी) से कम की खुदाई करने वाली 11 ओपनकास्ट खदानों की भी निगरानी (3 वार्षिक अंतराल पर की गई) की गई है।

पर्यावरण के प्रति जागरूकता:

हमारी कंपनी मे मुख्यालय स्तर, क्षेत्रीय स्तर और परियोजना स्तरों पर पर्यावरण सप्ताह (1 जून से 7 जून, 2019) और विश्व पर्यावरण दिवस 5 जून, 2019 को मनाया गया।

सप्ताह के दौरान की जाने वाली गतिविधियाँ - इस प्रकार थे: -

कोयला मंत्रालय, भारत सरकार के दिशा-निर्देशों के अनुसार भूमि उद्धार तथा स्ट्रक्चर की डीकमिशनिंग के लिए कंपनी के दायित्व में सरफेस और भूमिगत खान-दोनों के लिए होने वाले व्यय का समावेश है। विस्तृत गणना तथा राशि के तकनीकी निर्धारण और अपेक्षित कार्य को पूरा करने के लिए भविष्य में खर्च होने वाली राशि के समय निर्धारण के आधार पर कंपनी खान बंद करने, स्थान की बहाली एवं डीकमिशनिंग के लिए अपने दायित्व का आकलन करती है। खान बंद करने की अनुमोदित योजना के अनुसार खान बंद करने का व्यय प्रदान करती है। मूल्य वृद्धि होने पर अनुमानित खर्चों की राशि में बढोतरी होती है और उसके बाद छूट की दर में कटौती की जाती है, जो धनराशि के समय मूल्य के वर्तमान मार्केट निर्धारण को दर्शाता है और जोखिम इस तरह है कि दायित्व के निपटान के लिए अपेक्षित खर्चों का वर्तमान मूल्य राशि का प्रावधान दर्शाता है। कंपनी अंतिम भूमि उद्धार एवं खान बंद करने के दायित्व से संबद्ध, तदनुरूप परिसंपत्ति का रिकॉर्ड रखती है। दायित्व एवं तदनुरूप परिसंपत्तियों को उस अवधि में मान्यता दी जाती है, जिसमें देयता के लिए खर्च किया जाता है। खान बंद करने की योजना के अनुसार परिसंपत्ति जो स्थान बहाली की कुल लागत(जो सेंट्रल माइन प्लानिंग एंड डिजाइन इंस्टीट्यूट लिमिटेड द्वारा अनुमानित राशि है) का प्रतिनिधित्व करती है, संपत्ति, संयंत्र एवं उपकरण में अलग वस्तु के रूप में मान्यता दी जाती है और प्रोजेक्ट/ खान के जीवनकाल पर परिशोधन किया जाता है। प्रावधान का मूल्य समय के साथ उत्तरोत्तर बढ़ता है क्योंकि डिस्काउंटिंग अनविंड का प्रभाव, खर्च को वित्तीय व्यय के रूप में मान्यता दी जाती है।

खान बंद करने की अनुमोदित योजना के अनुसार इस प्रयोजन हेतु विशेष इस्क्रो फंड बनाए रखा जाता है। वर्ष प्रतिवर्ष आधार पर प्रगामी खान बंद करने के खर्चों, जो कि खान को पूरी तरह बंद करने के दायित्व का भाग है, को प्रारंभ में इस्क्रो खाते से प्राप्तयोग्य राशि के रूप में मान्यता दी जाती है और इसके पश्चात उसे उस वर्ष में दायित्व के साथ समायोजित किया जाता है, जिसमें सर्टिफाइंग एजेंसी की सहमति से राशि वापस ली जाती है।

2.9 गवेषण एवं परिसंपत्तियों का मूल्यांकन

गवेषण एवं परिसंपत्तियो, के मूल्यांकन में पूंजीगत लागत का समावेश है, जो कोयले के लिए खोज तथा संसाधनों से संबंधित व्यय है। तकनीकी व्यवहार्यता का निर्धारण और चिन्हित संसाधन की व्यापारिक व्यवहार्यता का मूल्यांकन लंबित है, जिसमें अन्य बातों के साथ निम्नलिखित का समावेश हैः-

- अन्वेषण के अधिकारों को प्राप्त करना
- ऐतिहासिक गवेषण डाटा का अनुसंधान एवं विश्लेषण
- टोपोग्राफिकल, जिओ केमिकल एवं जियो फिजिकल अध्ययनों के माध्यम से गवेषण का डाटा एकत्र करना
- एक्सप्लोरेटरी ड्रिलिंग, ट्रेंचिंग एवं सैम्पलिंग
- संसाधन की वैल्यूम एवं ग्रेड ग्रेड का निर्धारण तथा जांच
- परिवहन एवं बुनियादी ढांचे की आवश्यकता का सर्वेक्षण
- विपणन एवं वित्त अध्ययन करना
- उपरोक्त में कर्मचारी का पारिश्रमिक, सामग्रियों की लागत एवं उपयोग किया गया इंधन तथा ठेकेदारों आदि को भुगतान।

अमूर्त घटक व्यय की जाने वाली समग्र अपेक्षित मूर्त लागत का निरर्थक/ अदृश्य भाग दर्शाता है और भावी उपयोग से पूर्ति की जाती है। इन लागतों को अन्य पूंजीगत गवेषण की लागतों के साथ गवेषण एवं मूल्यांकन परिसंपत्तियों के रूप में रिकॉर्ड किया जाता है।

प्रोजेक्ट की तकनीकी व्यवहार्यता व्यापारिक व्यवहार्यता का निर्धारण लंबित रखते हुए प्रोजेक्ट आधार पर गवेषण एवं मूल्यांकन लागतों को प्रोजेक्ट पर कैपिटलाइज किया जाता है और गैर-चालू परिसंपत्तियों के तहत अलग मद के रूप में दर्शाया जाता है, जिसका बाद में लागत लेस संचित क्षति/ प्रावधान पर आकलन किया जाता है। प्रूव्ड रिजर्व का निर्धारण होने तथा खान/ प्रोजेक्ट का डेवलपमेंट स्वीकृत होने के बाद गवेषण और मूल्यांकन परिसंपत्तियों कैपिटल वर्क इन प्रोग्रेस के तहत 'डेवलपमेंट' में हस्तांतरित किया जाता है। तथापि, यदि प्रूव्ड रिजर्व का निर्धारण नहीं होता है तो गवेषण और मूल्यांकन परिसंपत्ति की मान्यता रद्द की जाती है।

2.10 डेवलपमेंट व्यय

प्रूव्ड रिजर्व का निर्धारण होने तथा खान/प्रोजेक्ट का डेवलपमेंट स्वीकृत होने पर पूंजीगत गवेषण एवं मूल्यांकन लागत को निर्माण के तहत परिसंपत्तियों के रूप में मान्यता दी जाती लै और 'डेवलपमेंट' शीर्ष के अंतर्गत कैपिटल वर्क इन प्रोग्रेस के घटक के रूप में दर्शाया जाता है। बाद के सभी डेवलपमेंट व्यय को भी कैपिटलाइज किया जाता है. कैपिटलाइज डेवलपमेंट व्यय डेवलपमेंट चरण के दौरान निकाले गए कोयले की बिक्री से प्राप्त लाभ की निवल राशि है।

वाणिज्यिक प्रचालन

प्रोजेक्ट/खानों को रेवन्यू में लाया जाता है, जब प्रोजेक्ट रिपोर्ट में विशेष रूप से उल्लिखित शर्तों या निम्नलिखित मानदंडों के आधार पर, सतत आधार पर उत्पादन करने की प्रोजेक्ट/खान की वाणिज्यिक तैयारी स्थापित हो जाती हैः-

(क) अनुमोदित प्रोजेक्ट रिपोर्ट के अनुसार जिस वर्ष में प्रोजेक्ट निर्धारित क्षमता का 25 % प्रत्यक्ष उत्पादन प्राप्त कर लेता है, उस वर्ष के तुरंत बाद वित्तीय वर्ष शुरू होने से या

(ख) कोयला लगने के 2 वर्षों से या

(ग) जिस वित्तीय वर्ष में उत्पादन का मूल्य कुल व्यय से अधिक होता है, उस वित्तीय वर्ष के शुरू होने से, जो भी घटना पहले होती है। रेवेन्यू में लाने पर, कैपिटल वर्क इन प्रोग्रेस के तहत परिसंपत्तियों की 'अन्य खनन बुनियादी संरचना' नामावली के अंतर्गत संपत्ति, संयंत्र एवं उपकरण के घटक के रूप में पुनः वर्गीकृत किया जाता है। खान को 20 वर्षों में रेवन्यू के अंतर्गत लाए जाने के वर्ष से या प्रोजेक्ट का जीवनकाल, जो भी कम हो, अन्य खनन बुनियादी संरचना का परिशोधन किया जाता है।

2.11 अमूर्त परिसंपत्तियां

अलग से प्राप्त अमूर्त परिसंपत्तियों का आकलन लागत की प्रारंभिक मान्यता पर किया जाता है। बिजनेस कॉम्बिनेशन में प्राप्त अमूर्त परिसंपत्तियों की लागत अधिग्रहण की तारीख पर उनका उचित मूल्य है। निम्नलिखित प्रारंभिक मान्यता, अमूर्त परिसंपत्ति को लागत लेस संचित परिशोधित (उनके उपयोगी जीवनकाल के लिए स्ट्रेट लाइन आधार पर गणना की गई) और संचित क्षति, यदि कोई हो, पर किया जाता हैः-

आंतरिक रूप में उत्पन्न अमूर्त परिसंपत्तियों, कैपिटलाइज डेवलपमेंट लागत छोड़कर, को कैपिटलाइज नहीं किया जाता है। इसके बजाय जिस अवधि में खर्च किया जाता है, उस अवधि में लाभ एवं हानि विवरण में संबंधित खर्च और अन्य विस्तृत आय को मान्यता दी जाती है। अमूर्त परिसंपत्तियों के उपयोगी जीवनकाल का मूल्यांकन निश्चित या अनिश्चित के रूप में किया जाता है। जब कभी यह संकेत मिलता है कि अमूर्त परिसंपत्ति की क्षति हो

सकती है, निश्चित जीवनकाल की अमूर्त परिसंपत्तियों को उनके उपयोगी आर्थिक जीवनकाल के लिए परिशोधित किया जाता है और क्षति का मूल्यांकन किया जाता है। परिशोधन की अवधि और निश्चित उपयोगी जीवनकाल की अमूर्त परिसंपत्ति की परिशोधन पद्धति की समीक्षा कम से कम प्रत्येक सूचना अवधि की समाप्ति पर की जाती है। परिसंपत्ति में सम्मिलित अपेक्षित उपयोगी जीवनकाल में बदलाव या भावी आर्थिक लाभों के उपभोग का अपेक्षित पैटर्न पर उपयुक्त तरीके से परिशोधन अवधि या पद्धति को संशोधित करने के लिए विचार किया जाता है और लेखाकरण अनुमानों में उसे परिवर्तन के रूप में माना जाता है। निश्चित जीवनकाल की अमूर्त परिसंपत्तियों पर परिशोधन खर्च को लाभ एवं हानि विवरण में मान्यता दी जाती है। अनिश्चित उपयोगी जीवनकाल की अपूर्ण परिसंपत्ति का परिशोधन नहीं किया जाता है किंतु उसका प्रत्येक सूचना की तारीख पर क्षति के लिए परीक्षण किया जाता है। अमूर्त परिसंपत्ति की मान्यता रद्द होने से प्राप्त होने वाले लाभ या हानि को निवल निपटान लाभ और परिसंपत्ति की कैरिंग राशि के बीच के अंतर के रूप में आकलन किया जाता है तथा उसे लाभ एवं हानि विवरण में मान्यता दी जाती है। बिक्री के लिए चिन्हित या बाहरी एजेंसियों को बिक्री के लिए प्रस्तावित ब्लाकों (सीआईएल के लिए नहीं रखे गए ब्लॉक) से संबंधित गवेषण एवं मूल्यांकन परिसंपत्ति को अमूर्त परिसंपत्तियों के रूप में वर्गीकृत किया जाता है और उसका क्षति के लिए परीक्षण किया जाता है। कानूनी अधिकार के प्रयोग की अवधि या तीन वर्षों के लिए, जो भी कम हो, शून्य रिजिड्यूअल मूल्य के साथ स्ट्रेट लाइन पद्धति पर अमूर्त परिसंपत्ति के रूप में सॉफ्टवेयर की लागत का परिशोधन किया जाता है।

2.12 परिसंपत्तियों की क्षति (वित्तीय परिसंपत्तियों के अलावा)

कंपनी प्रत्येक सूचना अवधि की समाप्ति पर आकलन करती है कि क्या ऐसा कोई संकेत है कि परिसंपत्ति की क्षति हो सकती है। यदि ऐसा कोई संकेत है तो समूह परिसंपत्ति की वसूलीयोग्य राशि का अनुमान लगाया जाता है। परिसंपत्ति की वसूलीयोग्य राशि परिसंपत्ति के मूल्य से अधिक है या उपयोग में आने वाली कैश जनरेटिंग यूनिट का मूल्य है और उसका उचित मूल्य लेस लागत का निपटान है और उसका हर एक परिसंपत्ति के लिए निर्धारण किया जाता है, जब तक कि परिसंपत्ति कैश इनफ्लो जनरेट नहीं करती जो अन्य परिसंपत्तियों या परिसंपत्तियों के समूह से स्वतंत्र है, जिसमें कैश जनरेटिंग यूनिट के लिए वसूलीयोग्य राशि निर्धारित की जाती है, जिससे परिसंपत्ति संबंधित है। कंपनी क्षति के परीक्षण के प्रयोजन के लिए हर एक खान को अलग कैश जनरेटिंग यूनिट मानती है। यदि परिसंपत्ति की वसूलीयोग्य राशि उसकी कैरिंग राशि से कम होने का अनुमान है तो परिसंपत्ति की कैरिंग राशि उसकी वलूलीयोग्य राशि से कम की जाती है और लाभ एवं हानि विवरण में क्षति को मान्यता दी जाती है।

2.13 निवेश संपत्ति

संपत्ति का उपयोग उत्पाद या माल की आपूर्ति या सेवाओं या प्रशासनिक प्रयोजनों या व्यवसाय के दौरान बिक्री के लिए करने के बजाय किराए या पूंजीगत मूल्यांकन या दोनों के लिए रखी गई संपत्ति को निवेश संपत्ति के रूप में वर्गीकृत किया जाता है। निवेश संपत्ति का आकलन संबंधित लेन-देन की लागत एवं जहां लागू हो वहां उधारी लागतों सहित प्रारंभिक तौर पर उसकी लागत पर किया जाता है। निवेश संपत्तियों का मूल्य-ह्रास उनकी अनुमानित उपयोगी जीवनकाल पर स्ट्रेट लाइन पद्धति का उपयोग कर किया जाता है।

2.14 वित्तीय इंस्ट्रूमेंट

किसी भी संविदा में वित्तीय इंस्ट्रूमेंट वह होता है जो एक कंपनी की वित्तीय परिसंपत्ति और वित्तीय देयता या दूसरी कंपनी की इक्विटी इंस्ट्रूमेंट को बढ़ावा देता है।

2.14.1 वित्तीय परिसंपत्तियां

2.14.1 प्रारंभिक मान्यता एवं आकलन

जिस मामले में लाभ या हानि, प्लस वित्तीय परिसंत्तियों के अधिग्रहण से संबंधित लेन-देन लागत के माध्यम से वित्तीय परिसंपत्तियों को दर्ज नहीं किया जाता है, वहां सभी वित्तीय परिसंपत्तियों को प्रारंभ में उसके उचित मूल्य पर मान्यता दी जाती है। वित्तीय परिसंपत्तियों की खरीदी या बिक्री जिसके लिए विनिमय या मार्केट स्थान (नियमित, तरीके से व्यापार) की परंपरा द्वारा निर्धारित समयावधि में डिलिवरी अपेक्षित है, को व्यापार की तारीख अर्थात कंपनी जिस तारीख पर परिसंपत्ति खरीदने या बेचने के लिए प्रतिबद्ध है, उस तारीख पर मान्यता दी जाती है।

2.14.2 बाद का आकलन

बाद के आकलन के प्रयोजनों के लिए, वित्तीय परिसंपत्तियों को निम्नलिखित चार श्रेणियों में वर्गीकृत किया जाता हैः-

-परिशोधन लागत पर ऋण इन्स्ट्रूमेंट

-अन्य विस्तृत आय के माध्यम से उचित मूल्य (एफवीटीओसीआई) पर ऋण इन्स्ट्रूमेंट

-लाभ या हानि के माध्यम से उचित मूल्य (एफवीटीपीएल) पर ऋण इन्स्ट्रूमेंट, डिरिवेटिव एवं इक्विटी इंस्ट्रूमेंट

-अन्य विस्तृत आय के माध्यम से उचित मूल्य (एफवीटीओसीआई) पर इक्विटी इंस्ट्रूमेंट का आकलन

2.14.2.1 परिशोधन लागत पर ऋण इंस्ट्रूमेंट

निम्नलिखित दोनों शर्तों को पूरा किए जाने पर 'ऋण इन्स्ट्रूमेंट' का आकलन परिशोधन लागत पर किया जाता हैः-

(क) बिजनेस मॉडेल के दायरे में परिसंपत्ति को रखा जाता है, जिसका उद्देश्य संविदात्मक कैश फ्लो को एकत्रित करने के लिए परिसंपत्तियों को रखना है।

(ख) परिसंपत्ति की संविदात्मक शर्तें उस कैश फ्लो की विशिष्ट तारीखों पर है, जिस पर मूल बकाया राशि का केवल मूल और ब्याज भुगतान होता है।

प्रारंभिक आकलन के पश्चात, इन वित्तीय परिसंपत्तियों का बाद में प्रभावी ब्याज दर प्रणाली का उपयोग कर परिशोधित लागत पर आकलन किया जाता है। अधिग्रहण पर कोई छूट या प्रीमियम और फीस या लागत जो प्रभावी ब्याज दर का अभिन्न अंग है, को ध्यान में रखकर परिशोधित लागत की गणना की जाती है। प्रभावी ब्याज दर का परिशोधन लाभ या हानि में वित्तीय आय में शामिल किया जाता है। क्षति से होने वाली हानि को लाभ या हानि में मान्यता दी जाती है।

2.14.2.2 एफवीटीओसीआई पर ऋण इंस्ट्रूमेंट

निम्नलिखित दोनों मानदंडों को पूरा किए जाने पर एफवीटीओसीआई पर 'ऋण इन्स्ट्रूमेंट' को वर्गीकृत किया जाता हैः-

(क) संविदात्मक कैश फ्लो को एकत्रित कर तथा वित्तीय परिसंपत्तियों को बेचकर बिजनेस मॉडेल के उद्देश्य को प्राप्त किया जाता है। और

(ख) परिसंपत्तियों का संविदात्मक कैश फ्लो एसपीपीआई दर्शाता है।

एफवीटीओआईसी की श्रेणी में शामिल ऋण इंस्ट्रूमेंट का प्रारंभ में तथा प्रत्येक सूचना तारीख पर उचित मूल्य पर आकलन किया जाता है। उचित मूल्य को अन्य विस्तृत आय (ओसीआई) में मान्यता दी जाती है। तथापि, कंपनी ब्याज आय, क्षति एवं उसके विपरीत और लाभ एवं हानि में विदेशी मुद्रा का लाभ या हानि को मान्यता देती है।

परिसंपत्ति की मान्यता रद्द करने पर, ओसीआई में पूर्व में मान्यता दी गई संचित लाभ या हानि को लाभ एवं हानि की इक्विटी से पुनः वर्गीकृत किया जाता है। एफवीटीओसीआई ऋण इन्स्ट्रूमेंट रखते हुए प्राप्त लाभ को प्रभावी ब्याज दर प्रणाली का उपयोग कर ब्याज आय के रूप में दर्ज किया जाता है।

2.14.2.3 एफवीटीपीएल पर ऋण इन्स्ट्रूमेंट

एफवीटीपीसी ऋण इन्स्ट्रूमेंट के लिए रिजिड्यूअल कैटेगरी है। कोई भी ऋण इन्स्ट्रूमेंट, जो परिशोधन लागत पर या एफवीटीओसीआई के रूप में श्रेणीकरण के मानदंडों को पूरा नहीं करता है, उसे एफवीटीपीएल पर वर्गीकृत किया जाता है। इसके अलावा, कंपनी ऋण इन्स्ट्रूमेंट को नामित करने के लिए चुन सकती है जो, अन्यथा एफवीटीपीएल पर परिशोधित लागत या एफवीटीओसीआई मानदंडों को पूरा करती है। तथापि, इस चयन की तभी अनुमति दी जाएगी जब ऐसा करते समय आकलन को कम किया जाता है या समाप्त किया जाता है या असंगति को मान्यता दी जाती है (जिसे लेखाकरण बेमेल के रूप में उल्लेख किया गया है)। कंपनी ने एफवीटीपीएल पर किसी भी ऋण इन्स्ट्रूमेंट को नामित नहीं किया है। एफवीटीपीएल श्रेणी में शामिल ऋण इन्स्ट्रूमेंट का आकलन लाभ एवं हानि में मान्यता दिए गए सभी परिवर्तनों के साथ उचित मूल्य पर किया जाता है।

2.14.2.4 अनुषंगी कंपनियों, सहायक एवं संयुक्त उद्यम में इक्विटी लेखाकरण मानक 101(भारतीय मानक में पहली बार अपनाया गया) के अनुसार, परिवर्तन की तारीख तक विगत जीएएपी के अनुसार इन निवेशों की कैरिंग राशि को लागत राशि माना जाता है। बाद में अनुषंगी कंपनियों, सहायकों एवं संयुक्त उद्यमों में निवेश का आकलन लागत पर किया जाता है।

2.14.2.5 अन्य इक्विटी निवेश

भारतीय लेखाकरण मानक 109 के दायरे में सभी अन्य इक्विटी निवेशों का आकलन लाभ या हानि के माध्यम से उचित मूल्य पर किया जाता है।

अन्य सभी इक्विटी इंस्ट्रूमेंट के लिए, कंपनी उचित मूल्य में अन्य विस्तृत आय के बाद के बदलावों में अपरिवर्तनीय चयन कर सकती है। कंपनी का यह चयन इंस्ट्रूमेंटल प्रति इंस्ट्रूमेंट आधार पर करती है। प्रारंभिक मान्यता पर वर्गीकरण किया जाता, जो अपरिवर्तनीय है।

यदि कंपनी एफवीटीओसीआई पर इक्विटी इन्स्ट्रूमेंट वर्गीकृत करने का निश्चय करती है तो, लाभांश छोड़कर इन्स्ट्रूमेंट पर उचित मूल्य के सभी बदलावों को ओसीआई में मान्यता दी जाती है। निवेश की बिक्री पर भी लाभ एवं हानि में ओसीआई की राशि की रीसाइक्लिंग नहीं होती है। तथापि, कंपनी इक्विटी के भीतर संचित लाभ या हानि का हस्तांतरण कर सकती है।

एफवीटीपीएल श्रेणी में शामिल इक्विटी इन्स्ट्रूमेंट का आकलन लाभ एवं हानि में मान्यता दिए गए सभी परिवर्तनों के साथ उचित मूल्य पर किया जाता है।

2.14.2.6 मान्यता रद्द करना

वित्तीय परिसंपत्ति (या, जहां लागू है वहां, वित्तीय परिसंपत्ति का एक भाग या समान वित्तीय परिसंपत्तियों के समूह का एक भाग) की मान्यता रद्द की जाती है(अर्थात तुलन पत्र से हटाया जाता है) जबः-

- परिसंपत्ति से कैश फ्लो प्राप्त करने के अधिकार समाप्त हो गए हैं; या
- कंपनी ने परिसंपत्ति से कैश फ्लो प्राप्त करने के अपने अधिकार हस्तांतरित कर दिए हैं; या कंपनी ने यह मान लिया है कि 'पास थ्रू' व्यवस्था के तहत तृतीय पक्ष को बिना किसी विलंब के प्राप्त हुई पूरी कैश फ्लो का भुगतान करना उसका दायित्व है और

(क) कंपनी ने परिसंपत्ति के सभी जोखिमों तथा रिवार्ड का हस्तांतरण कर दिया है या
(ख) कंपनी ने न तो परिसंपत्ति के सभी जोखिमों तथा रिकार्ड का हस्तांतरण कर दिया है और न ही उसे अपने पास रखा है परंतु परिसंपत्ति के नियंत्रण का हस्तांतरण कर दिया है।
जब कंपनी ने परिसंपत्ति से कैश फ्लो प्राप्त करने के अपने अधिकार हस्तांतरित कर दिए हैं या पास थ्रू व्यवस्था के लिए सहमति दी है, तो वह इस बात का मूल्यांकन करती है कि क्या और किस सीमा तक उसने स्वामित्व के जोखिम तथा रिवार्ड अपने पास रखे हैं। जब कंपनी ने न तो परिसंपत्ति के सभी जोखिमों तथा रिवार्ड को हस्तांतरित किया है और न ही उसे उसने अपने पास रखा है, और न ही परिसंपत्ति का नियंत्रण हस्तांतरित किया है तो, कंपनी हस्तांतरित परिसंपत्ति की मान्यता समूह के निरंतर समावेश की सीमा तक जारी रखती है। इस मामले में कंपनी संबद्ध दायित्व को भी मान्यता देती है। हस्तांतरित परिसंपत्ति और संबद्ध दायित्व का आकलन उस आधार पर किया जाता है जो कंपनी के अधिकारों एवं दायित्वों को दर्शाता है। निरंतर समावेश जो हस्तांतरित परिसंपत्ति पर गारंटी के रूप में है, का आकलन परिसंपत्ति की मूल कैरिंग राशि के निम्नतर और कंपनी द्वारा अदा किए जाने वाले प्रतिफल की अधिकतम राशि पर किया जाता है।

2.14.2.7 वित्तीय परिसंपत्तियों की क्षति (उचित मूल्य के अलावा)

लेखाकरण मानक 109 के अनुसार, कंपनी निम्नलिखित परिसंपत्तियों एवं क्रेडिट रिस्क एक्सपोजर पर क्षति के आकलन तथा मान्यता के लिए अपेक्षित क्रेडिट हानि मॉडेल लागू करती हैः-
(क) वित्तीय परिसंपत्तियां जो ऋण इंस्ट्रूमेंट हैं और जिनका परिशोधन लागत पर आकलन किया जाता है, जैसे ऋण, प्रतिभूतियां, ट्रेड रिसिवेबल्स तथा बैंक में जमा राशि
(ख) वित्तीय परिसंपत्तियां जो ऋण इन्स्ट्रूमेंट हैं और जिनका आकलन एफवीटीओसीआई पर किया जाता है।
(ग) भारतीय लेखाकरण मानक 17 के तहत लीज रिसिवेबल्स
(घ) भारतीय लेखाकरण मानक 11 तथा भारतीय लेखाकरण मानक 18 के दायरे में होने वाले लेन-देन के परिणामस्वरूप ट्रेड रिसिवेबल्स या नकद या अन्य वित्तीय परिसंपत्ति को प्राप्त करने के किसी भी संविदात्मक अधिकार कंपनी निम्नलिखित पर क्षति भत्ता को मान्यता देने के लिए सरल तरीका अपनाती हैः-
-ट्रेड रिसिवेबल्स या कॉन्ट्रैक्ट रेवेन्यू रसिवेबल्स और
-भारतीय लेखाकरण मानक 17 के दायरे में होने वाले लेन-देन के परिणामस्वरूप सभी लीज रिसिवेबल्स सरल तरीका अपनाने से कंपनी को क्रेडिट जोखिम में परिवर्तन करने की आवश्यकता नहीं है, बल्कि कंपनी अपनी प्रारंभिक मान्यता से ही प्रत्येक सूचना तारीख पर जीवनकाल के आधार पर क्षति भत्ते को मान्यता देती है।

2.14.3 वित्तीय देयताएं

2.14.3.1 प्रारंभिक मान्यता एवं आकलन

कंपनी की वित्तीय देयताओं में ट्रेड तथा अन्य देय राशि, ऋण एवं बैंक ओवरड्राफ्ट समेत उधारी शामिल है। सभी वित्तीय देयताओं को प्रारंभिक उचित मूल्य पर मान्यता दी जाती है और ऋण एवं उधारी तथा देय राशि के मामले में, सीधे लेन-देन लागत की निवल राशि ली जाती है।

2.14.3.2 अनुवर्ती आकलन

वित्तीय देयताओं का आकलन उनके वर्गीकरण पर निर्भर है, जिसका वर्णन नीचे दिया गया हैः-

2.14.3.3 लाभ या हानि के माध्यम से उचित मूल्य पर वित्तीय देयताएं

लाभ या हानि के माध्यम से उचित मूल्य पर वित्तीय देयताओं में व्यवसाय की वित्तीय देयताएं और लाभ या हानि माध्यम से उचित मूल्य पर प्रारंभिक मान्यता पर नामित वित्तीय देयताएं शामिल हैं। वित्तीय देयताओं को

व्यवसाय के लिए वर्गीकृत किया जाता है, यदि उन्हें निकट अवधि में पुनः खरीद के प्रयोजन के लिए व्यय किया जाता है। इस श्रेणी में कंपनी द्वारा किए गए डिरिवेटिव फाइनान्स इन्स्ट्रूमेंट का भी समावेश है, जिन्हें लेखाकरण मानक 109 में परिभाषित हेज रिलेशनशिप में हेजिंग इन्स्ट्रूमेंट के रूप में नामित नहीं किया गया है। अलग हुए इमबेडेड डिरिवेटिव्स को भी व्यवसाय के लिए वर्गीकृत किया जाता है, जब तक कि उन्हें प्रभावी हेजिंग इन्स्ट्रूमेंट रूप में नामित नहीं किया जाता है।

व्यवसाय के लिए निर्धारित देयताओं पर लाभ या हानि को लाभ या हानि में मान्यता दी जाती है। लाभ या हानि के माध्यम से उचित मूल्य पर प्रारंभिक मान्यता पर नामित वित्तीय देयताओं को उसी रूप में भारतीय लेखाकरण मानक 109 में दिए गए मानदंडों को पूरा करने पर ही मान्यता की प्रारंभिक तारीख पर नामित किया जाता है। एफवीटीपीएल के रूप में नामित देयताओं के लिए, स्वयं की क्रेडिट जोखिम में परिवर्तनों के फलस्वरूप उचित मूल्य के लाभ/ हानि को ओसीआई में मान्यता दी जाती है। इन लाभों/ हानि को बाद में लाभ एवं हानि में हस्तांतरित नहीं किया जाता है। तथापि, कंपनी संचित लाभ या हानि को इक्विटी में हस्तांतरित कर सकती है। इस देयता के उचित मूल्य में सभी अन्य परिवर्तनों को लाभ या हानि विवरण में मान्यता दी जाती है। कंपनी ने लाभ एवं हानि के माध्यम से उचित मूल्य पर किसी भी वित्तीय देयता को नामित नहीं किया है।

2.14.3.4 परिशोधित लागत पर वित्तीय देयताएं

प्रारंभिक मान्यता के पश्चात, इनका आकलन प्रभावी ब्याज दर प्रणाली का उपयोग कर परिशोधन लागत पर किया जाता है। लाभ या हानि में लाभ एवं हानि को मान्यता दी जाती है, जब प्रभावी ब्याज दर परिशोधन प्रक्रिया के माध्यम से देयताओं को रद्द किया जाता है। अधिग्रहण पर छूट या प्रीमियम तथा फीस या लागत जो कि प्रभावी ब्याज दर का अभिन्न अंग है, को ध्यान में रखकर परिशोधन लागत की गणना की जाती है। प्रभावी ब्याज दर के परिशोधन को लाभ एवं हानि विवरण में वित्तीय लागत के रूप में शामिल किया जाता है। सामान्यतः यह श्रेणी उधारी में लागू होती है।

2.14.3.5 मान्यता रद्द होना

जब देयता के तहत दायित्व से मुक्ति होती है या रद्द होती है या समाप्त होती है, तब वित्तीय देयता की मान्यता रद्द होती है। जब मौजूदा वित्तीय देयता को विभिन्न अवधि पर समान उधारदाता से दूसरी देयता से बदला जाता है या मौजूदा देयता की अवधि को संशोधित किया जाता है, तब इस विनिमय या संशोधन को मूल देयता की मान्यता रद्द होना और नई देयता को मान्यता देना माना जाता है। वित्तीय देयता (या वित्तीय देयता का एक भाग) की कैरिंग राशि के बीच का अंतर समाप्त हो जाता है या दूसरे पक्ष को हस्तांतरित होता है और हस्तांतरित हुईं गैर-नकद परिसंपत्तियों या मानी गई देयताओं सहित भुगतान किए गए प्रतिफल को लाभ या हानि में मान्यता दी जाएगी।

2.14.4 वित्तीय परिसंपत्तियों का पुनर्वर्गीकरण

कंपनी प्रारंभिक मान्यता पर वित्तीय परिसंपत्तियों एवं देयताओं का वर्गीकरण निर्धारित करती है। प्रारंभिक मान्यता के पश्चात, वित्तीय परिसंपत्तियों, जो इक्विटी इन्स्ट्रूमेंट तथा वित्तीय देयताएं हैं, के लिए कोई पुनर्वर्गीकरण नहीं किया जाता है। वित्तीय परिसंपत्तियों, जो ऋण इन्स्ट्रूमेंट हैं, के लिए पुनर्वर्गीकरण तभी किया जाता है जब इन परिसंपत्तियों के प्रबंध के लिए बिजनेस मॉडेल में परिवर्तन होता है। बिजनेस मॉडेल में परिवर्तन विरले ही होते हैं। बाहरी या आंतरिक परिवर्तन, जो कि कंपनी के प्रचालन के लिए महत्वपूर्ण हैं, होने पर कंपनी का वरिष्ठ प्रबंधन बिजनेस मॉडेल में परिवर्तन निर्धारित करता है। यह परिवर्तन बाहरी पक्षों को दिखाई देते हैं।

बिजनेस मॉडेल में परिवर्तन तब होता है जब कंपनी या तो अपनी वह गतिविधि शुरू करती है या गतिविधि को निष्पादित करना बंद कर देती है, जो उसके प्रचालन के लिए महत्वपूर्ण है। यदि समूह वित्तीय परिसंपत्तियों को पुनर्वर्गीकृत करता है, तो पुनर्वर्गीकरण की तारीख जो कि बिजनेस मॉडेल में परिवर्तन होने से तुरंत अगली सूचना अवधि का पहला दिन है, से पूर्व प्रभाव से पुनर्वर्गीकरण लागू किया जाता है। कंपनी विगत में मान्यता दी गई किसी लाभ, हानि (क्षति या हानि सहित) या ब्याज को पुनः दर्शाती नहीं है।

निम्नलिखित तालिका विभिन्न पुनर्वर्गीकरण तथा उन्हें किस तरह लेखा में लिया गया, इसकी जानकारी देती हैः

मूल वर्गीकरण	संशोधित वर्गीकरण	लेखाकरण की प्रक्रिया
परिशोधन लागत	एफवीटीपीएल	उचित मूल्य का आकलन पुनर्वर्गीकरण की तारीख पर किया जाता है। पिछली परिशोधन लागत और उचित मूल्य के बीच के अंतर को लाभ एवं हानि में मान्यता दी जाती है।
एफवीटीपीएल	परिशोधन लागत	पुनर्वर्गीकरण की तारीख पर उचित मूल्य उसकी नई कुल कैरिंग राशि बनती है। नई कुल कैरिंग राशि के आधार पर ईआईआर की गणना की जाती है
परिशोधन लागत	एफवीटीओसीआई	उचित मूल्य का आकलन पुनर्वर्गीकरण की तारीख पर किया जाता है। पिछली परिशोधन लागत और उचित मूल्य के बीच के अंतर को ओसीआई में मान्यता दी जाती है। पुनर्वर्गीकरण के कारण ईआईआर में कोई परिवर्तन नहीं हुआ है।
एफवीटीओसीआई	परिशोधन लागत	पुनर्वर्गीकरण की तारीख पर उचित मूल्य उसकी नई परिशोधन लागत कैरिंग राशि बनती है। तथापि, ओसीआई में संचित लाभ या हानि उचित मूल्य के मुकाबले समायोजित की जाती है। परिणामस्वरूप, परिसंपत्ति का आकलन ऐसे किया जाता है जैसे कि परिशोधन लागत पर उसका आकलन हमेशा किया जाता था।
एफवीटीपीएल	एफवीटीओसीआई	पुनर्वर्गीकरण की तारीख पर उचित मूल्य उसकी नई कैरिंग राशि बनती है। किसी अन्य समायोजन की आवश्यकता नहीं है।
एफवीटीओसीआई	एफवीटीपीएल	परिसंपत्तियों का उचित मूल्य पर आकलन किया जाना जारी है। विगत में ओसीआई में मान्यता दी गई संचित लाभ या हानि को पुनर्वर्गीकरण की तारीख पर लाभ एवं हानि में पुनर्वर्गीकृत किया जाता है।

2.14.5 वित्तीय इन्स्ट्रूमेंट का ऑफसेटिंग

वित्तीय परिसंपत्तियों तथा वित्तीय देयताओं को ऑफसेट किया जाता है और तुलन पत्र में निवल राशि दर्ज की जाती है, यदि वहां मान्यता दी गई राशि के ऑफसेट के लिए वर्तमान में लागू होने वाला कानूनी अधिकार है और परिसंपत्तियों को प्राप्त करने तथा देयताओं को एकसाथ निपटाने के लिए निवल आधार पर उन्हें निपटाने का इरादा है।

2.14.6 नकद और नकद सम

तुलन पत्र में नकद और नकद सम में बैंकों में जमा राशि तथा हाथ रोकड़ और तीन महीने या उससे कम अवधि की मूल तथा परिवक्वता के साथ अल्पावधि जमा राशियों का समावेश है, जो कि मूल्य में बदलावों के महत्वहीन जोखिम के अधीन है। केश फ्लो के समेकित विवरण के प्रयोजन के लिए, नकद और नकद सम में नकद तथा अल्पावधि जमा राशियों, जैसा कि ऊपर परिभाषित किया गया है, बैंक ओवर ड्राफ्ट के बकाया का निवल शामिल है जिसे कंपनी के रोकड़ प्रबंधन का अभिन्न अंक माना जाता है।

2.15 उधारी लागत

जहां आवश्यकता हो वहां उधारी लागत व्यय की जाती है, उस मामले को छोड़कर जहां वे सीधे क्वालिफाइंग संपत्तियों के अधिग्रहण, निर्माण या उत्पादन से संबंधित हो अर्थात वे परिसंपत्तियां जो उसके उपयोग के लिए तैयार होने के लिए अनिवार्यतः पर्याप्त समय लेती हैं। इस मामले में उन्हें उस तारीख तक के परिसंपत्ति के लागत के एक भाग के रूप में कैपिटलाइज किया जाता है, जब क्वालिफाइंग संपत्ति उसके उपयोग के लिए तैयार है।

2.16 कराधान

आयकर व्यय वर्तमान में देय कर तथा आस्थगित कर का योग दर्शाता है।

अवधि के लिए करयोग्य लाभ (कर हानि) के संबंध में देय आयकर राशि (वसूलीयोग्य) चालू कर है। करयोग्य लाभ 'आयकर पूर्व लाभ' से भिन्न है, जैसा कि लाभ या हानि और अन्य विस्तृत आय में दर्ज है क्योंकि यह आयकर या व्यय के उन मदों को अलग करती है, जो अन्य वर्षों में करयोग्य या कटौतीयोग्य है और यह उन मदों को अलग करती है, जो कभी भी करयोग्य या कटौतीयोग्य नहीं रहे।

चालू कर के लिए कंपनी की देयता की गणना कर उस कर दरों का उपयोग कर की जाती है जिसे अधिनियमित किया गया है या सूचना अवधि की समाप्ति तक अधिनियमित किया गया।

आस्थगित कर को वित्तीय विवरण में परिसंपत्तियों एवं देयताओं की कैरिंग राशि और करयोग्य लाभ की गणना में उपयोग किए गए तदनुरूप कर आधार के बीच अस्थायी अंतर पर मान्यता दी गई। सामान्यतः सभी करयोग्य अस्थायी अंतरों के लिए आस्थगित कर देयताओं को मान्यता दी जाती है। सामान्यतः सभी कटौतीयोग्य अस्थायी अंतर के लिए आस्थगित कर संपत्तियों को उस सीमा तक मान्यता दी जाती है कि इस बात की संभावना हो कि करयोग्य लाभ उपलब्ध होंगे, जिसके विपरीत उन कटौतीयोग्य अस्थायी अंतरों का उपयोग किया जा सके। इन परिसंपत्तियों एवं देयताओं को मान्यता नहीं दी जाती है, यदि अस्थायी अंतर सद्भावना से आता है या लेन-देन में अन्य परिसंपत्तियों एवं देयताओं की उस प्रारंभिक मान्यता (बिजनेस कॉम्बिनेशन के अलावा) से आता है, जो न तो करयोग्य लाभ है और न ही लेखाकरण लाभ को प्रभावित करता है।

अनुषंगी कंपनियों तथा सहयोगी कंपनियों में निवेश से संबंद्ध करयोग्य अस्थायी अंतरों के लिए आस्थगित कर देयताओं को मान्यता दी जाती है, उस मामले को छोड़कर जहां कंपनी अस्थायी अंतर के रिवरसल को नियंत्रित करती है और इस बात की संभावना है कि भविष्य में अस्थायी अंतर रिवर्स नहीं होगा। इन निवेशों तथा ब्याज से संबद्ध कटौतीयोग्य अस्थायी अंतरों से होने वाले आस्थगित कर परिसंपत्तियों को केवल उस सीमा तक मान्यता दी जाती है कि इस बात की संभावना हो कि वहां पर्याप्त करयोग्य लाभ होंगे, जिसके विपरीत अस्थायी अंतरों के लाभों का उपयोग हो। प्रत्येक सूचना अवधि की समाप्ति पर आस्थगित कर परिसंपत्तियों की कैरिंग राशि की समीक्षा की जाती है और उसे उस सीमा तक घटाया जाता है कि जहां इस बात की कोई संभावना नहीं रहती है कि सभी परिसंपत्तियों या परिसंपत्ति के एक भाग की वसूली की अनुमति देने के लिए पर्याप्त करयोग्य लाभ उपलब्ध

होंगे। प्रत्येक सूचना वर्ष की समाप्ति पर मान्यता नहीं दी गई आस्थगित कर परिसंपत्तियों का पुनः निर्धारण किया जाता है और उसे उस सीमा तक मान्यता दी जाती है जहां इस बात की संभावना रहती है कि सभी आस्थगित कर परिसंपत्तियों या आस्थगित कर परिसंपत्ति के एक भाग को वसूली की अनुमति देने के लिए पर्याप्त करयोग्य लाभ उपलब्ध होगा।

आस्थगित कर परिसंपत्तियों एवं देयताओं का आकलन उन कर देयों पर किया जाता है, जिन्हें अवधि में लागू करना अपेक्षित है, जिसमें उस कर दर (और कर कानून) के आधार पर देयता का निपटान किया जाता है या परिसंपत्ति प्राप्त की जाती है, जिन्हें सूचना अवधि की समाप्ति तक अधिनियमित या वास्तविक रूप से अधिनियमित किया गया है। आस्थगित कर देयताओं एवं परिसंपत्तियों का आकलन दर परिणाम दर्शाते हैं, जिससे कंपनी को सूचना अवधि की समाप्ति तक अपनी परिसंपत्तियों एवं देयताओं की कैरिंग राशि वसूली या निपटान करने की उम्मीद है। चालू एवं आस्थगित कर को लाभ या हानि में मान्यता दी जाती है, उस मामले को छोड़कर जहां वे उस मदों से संबंधित हैं जिन्हें अन्य विस्तृत आय में या सीधे इक्विटी में मान्यता दी जाती है। इस मामले में चालू एवं आस्थगित कर को भी क्रमशः अन्य विस्तृत आय में या सीधे इक्विटी में मान्यता दी जाती है। जहां बिजनेस कॉम्बिनेशन के लिए चालू कर या आस्थगित कर प्रारंभिक लेखाकरण से उत्पन्न होता है, वहां बिजनेस कॉम्बिनेशन के लिए कर प्रभाव को लेखाकरण में शामिल किया जाता है।

2.17 कर्मचारी लाभ

2.17.1 अल्पावधि लाभ

सभी अल्पावधि के कर्मचारी लाभों को उस अवधि में मान्यता दी जाती है, जिसमें उन्हें व्यय किया गया।

2.17.2 रोजगार पश्चात लाभ एवं अन्य दीर्घावधि कर्मचारी लाभ

2.17.2.1 परिभाषित अंशदान योजनाएं

परिभाषित अंशदान योजना यह भविष्य निधि तथा पेंशन के लिए एक रोजगार पश्चात लाभ योजना है, जिसके अंतर्गत कंपनी निधि में निर्धारित अंशदान जमा करती है। इस निधि का रखरखाव कानून के तहत गठित अलग सांविधिक निकाय (कोल माइन्स प्रोविडंट फंड) द्वारा किया जाता है और कंपनी को और राशि अदा करने का कोई कानूनी या रचनात्मक बाध्यता नहीं है। परिभाषित अंशदान योजनाओं में अंशदान करने के दायित्वों को उस अवधि के लाभ एवं हानि विवरण में कर्मचारी लाभ व्यय के रूप में मान्यता दी जाती है, जिसके दौरान कर्मचारियों ने अपनी सेवाएं दी हैं।

2.17.2.2 परिभाषित लाभ योजनाएं

परिभाषित लाभ योजना यह एक रोजगार पश्चात लाभ योजना है, जो परिभाषित अंशदान योजना से अलग है। ग्रेच्युटी, छुट्टी नकदीकरण परिभाषित लाभ योजनाएं हैं (लाभों पर उच्चतम सीमा के साथ)। कर्मचारियों द्वारा चालू तथा पूर्व अवधि में अपनी सेवा के बदले प्राप्त भविष्य के लाभों की राशि का आकलन कर परिभाषित लाभ योजनाओं के संबंध में कंपनी के निवल दायित्व की गणना की जाती है। लाभ के वर्तमान मल्य को निर्धारित करने के लिए उसे घटाया जाता है और योजना परिसंपत्तियों के उचित मूल्य, यदि कोई हो, से कम किया जाता है। छूट की दर उस सूचना तारीख तक भारतीय सरकारी प्रतिभूतियों की प्रचलित मार्केट उत्पन्न पर आधारित है, जिसमें कंपनी के दायित्वों की अनुमानित अवधि की परिपक्वता तारीखें हैं और जिसे समान मुद्रा में डिनामिनेट किया जाता है, जिसमें लाभों के भुगतान अपेक्षित है। एक्चुरिअल मूल्यांकन के लागू होने में छूट दर, परिसंपत्तियों पर अपेक्षित दर का रिटर्न, भविष्य में वेतनवृद्धि, मृत्युदर आदि के बारे में पूर्वानुमान शामिल है। इन योजनाओं की लंबी अवधि की प्रकृति के कारण अनुमान अनिश्चितता के अधीन होते हैं। प्रोजेक्ट यूनिट क्रेडिट प्रणाली का

उपयोग कर प्रत्येक तुलन पत्र में गणना की जाती है। जब इस गणना से कंपनी को फायदा होता है, तब मान्यता दी गई परिसंपत्ति को योजना या योजना के भावी अंशदानों में कमी से होने वाले किसी भी भविष्य के रिफंड के रूप में उपलब्ध आर्थिक लाभों के वर्तमान मूल्य तक सीमित किया जाता है। कंपनी को आर्थिक लाभ उपलब्ध है, यदि इसे योजना के जीवनकाल या योजना की देयताओं के निपटान पर प्राप्त किया जाता है। निवल परिभाषित लाभ देयता के पुनः आकलन में योजना परिसंपत्तियों (ब्याज छोड़कर) पर रिटर्न और परिसंपत्तियों की उच्चतम सीमा (यदि कोई हो, ब्याज छोड़कर) के प्रभाव पर विचार कर एक्चुरिअल लाभ एवं हानि का समावेश है, को तुरंत अन्य विस्तृत आय में मान्यता दी जाती है। अंशदान तथा लाभ के भुगतानों के परिणामस्वरूप अवधि के दौरान निवल परिभाषित लाभ देयता (परिसंपत्ति) में किसी परिवर्तनों को ध्यान में रखकर, उस समय के निवल परिभाषित लाभ देयता (परिसंपत्ति) तक वार्षिक अवधि के प्रारंभ में परिभाषित लाभ दायित्व के आकलन के लिए उपयोग की गई छूट की दर लागू करते हुए कंपनी अवधि के लिए निवल परिभाषित लाभ देयता पर निवल ब्याज व्यय (आय) निर्धारित करती है। परिभाषित लाभ योजनाओं से संबंधित निवल ब्याज व्यय एवं अन्य व्यय को लाभ एवं हानि में मान्यता दी जाती है। जब योजना के लाभों में सुधार होता है, तब कर्मचारियों की विगत की सेवा से संबंधित बढ़े हुए लाभ के एक हिस्से को तुरंत लाभ एवं हानि वितरण में व्यय के रूप में मान्यता दी जाती है।

2.17.3 कर्मचारी के अन्य लाभ

कर्मचारी के कुछ लाभ जैसे एलटीए, एलटीसी, लाइफ कवर स्कीम, ग्रूप पर्सनल एक्सिडेंट इन्शुरंस स्कीम, सेटलमेंट एलाउंस, पोस्ट रिटायरमेंट मेडिकल बेनिफिट स्कीम तथा खान दुर्घटनाओं में मृत्यु होने पर उनके आश्रितों को मुआवजा आदि को भी परिभाषित लाभ योजना के लिए ऊपर वर्णित आधार पर मान्यता दी जाती है। इन लाभों के लिए कोई विशेष निधि नहीं है।

2.18 विदेशी मुद्रा

कंपनी की उसके अधिकतर प्रचालनों के लिए रिपोर्टेड करंसी तथा फंक्शनल करंसी भारतीय रुपए में है, जो कि उस आर्थिक मामले में प्रमुख करंसी है, जिसमें उसका चलन है। लेन-देन की तारीख के समय प्रचलित विनिमय दर का उपयोग कर विदेशी मुद्रा में लेन-देन को कंपनी की रिपोर्टेड करंसी में परिवर्तित किया जाता है। सूचना अवधि की समाप्ति पर बकाया विदेशी मुद्रा में डिनॉमिनेट हुई मौद्रिक परिसंपत्तियों एवं देयताओं को सूचना अवधि की समाप्ति के समय प्रचलित विनिमय दरों पर परिवर्तित किया जाता है। मौद्रिक परिसंपत्तियों एवं देयताओं के निपटान से अवधि के दौरान या विगत वित्तीय विवरणों में प्रारंभिक मान्यता पर परिवर्तित किए गए दरों से अलग दरों पर मौद्रिक परिसंपत्तियों एवं देयताओं के परिवर्तन से उत्पन्न विनिमय अंतरों को जिस अवधि में वे उत्पन्न हुए थे उस अवधि में लाभ एवं हानि विवरण में मान्यता दी जाती है। विदेशी मुद्रा में डिनॉमिनेट किए गए गैर-मौद्रिक मदों का मूल्यांकन लेन-देन की तारीख पर प्रचलित विनिमय दरों पर किया जाता है।

2.19 स्ट्रिपिंग गतिविधि व्यय/ समायोजन

ओपनकास्ट माइनिंग के मामले में, माइन वेस्ट मटेरियल (ओवरबर्डन) जिसमें मिट्टी तथा कोयला सीम के शिखर की चट्टान का समावेश होता है, को कोयले तक पहुंचने तथा उसे निकालने के लिए हटाने की आवश्यकता है। इस वेस्ट रिमूवल गतिविधि को 'स्ट्रिपिंग' कहा जाता है। खुली खानों में कंपनी को खान के जीवनकाल (तकनीकी रूप से अनुमानित) तक यह व्यय करना है। अतः नीति के रूप में, प्रति वर्ष एक मिलियन टन एवं उससे अधिक की क्षमता वाले खानों में खानों को रेवन्यू में लाने के बाद स्ट्रिपिंग एक्टिविटी एसेट और रेशो-वेरिएन्स एकाउन्ट के विधिवत समायोजन के साथ प्रत्येक खान में तकनीकी रूप से मूल्यांकित औसत स्ट्रिपिंग

अनुपात (ओबी:कोल) पर स्ट्रिपिंग की लागत का चार्ज लगाया जाता है। तुलन पत्र की तारीख पर स्ट्रिपिंग एक्टिविटी एसेट और रेशो वेरिएन्स के निवल शेष को गैर-चालू प्रावधान/ गैर-चालू परिसंपत्तियों, जैसी स्थिति हो, शीर्ष के अंतर्गत स्ट्रिपिंग गतिविधि समायोजन के रूप में दर्शाया जाता है। रिकार्ड के अनुसार ओवरबर्डन की रिपोर्टेड मात्रा पर ओबीआर लेखाकरण के लिए अनुपात की गणना करते समय विचार किया जाता है, जहां रिपोर्टेड मात्रा और आकलन की गई मात्रा के बीच का अंतर दो वैकल्पिक अनुज्ञेय सीमाओं के निम्नतर के दायरे में है, जिसका विवरण नीचे दिया गया है:-

खान की ओबीआर की वार्षिक मात्रा	अंतर की अनुज्ञेय सीमा(प्रतिशत)
1 मिलियन क्यू.मीटर से कम	+/- 5%
1 और 5 मिलियन क्यू.मीटर के बीच	+/- 3%
5 मिलियन क्यू.मीटर से अधिक	+/- 2%

तथापि, जहां अंतर उपर्युक्त अनुज्ञेय सीमाओं से अधिक है, वहां आकलन की गई मात्रा पर विचार किया जाता है। एक मिलियन टन से कम क्षमता की खानों के मामले में उपर्युक्त नीति लागू नहीं होती है और वर्ष के दौरान स्ट्रिपिंग गतिविधि की वास्तविक लागत को लाभ एवं हानि विवरण में मान्यता दी जाती है।

2.20 वस्तुसूची

2.20.1 कोयले का स्टॉक

कोयला/कोक की वस्तुसूचियों को लागत के निम्नतर तथा निवल प्राप्तियोग्य मूल्य पर दर्शाया जाता है। वस्तुसूचियों की गणना फस्ट इन फस्ट आउट प्रणाली का उपयोग कर की जाती है। निवल प्राप्तियोग्य मूल्य वस्तुसूचियों के लिए बिक्री मूल्य लेस पूर्व होने की सभी अनुमानित लागत एवं बिक्री के लिए आवश्यक लागत दर्शाता है।

कोयले की बुक स्टॉक को लेखा में लिया जाता है, जहां बुक स्टॉक और आकलन किए गए स्टॉक के बीच का अंतर +/-5% तक है और जहां अंतर +/-5% से अधिक है, वहां आकलन किए गए स्टॉक को लिया जाता है। इस प्रकार के स्टॉक का मूल्यांकन निवल प्राप्तियोग्य मूल्य या लागत जो भी कम है, पर किया जाता है। कोक को कोयले के स्टॉक के एक हिस्से के रूप में विचार किया जाता है। कोक एवं कोक-फाइन्स का मूल्यांकन लागत के निम्नतर या निवल प्राप्तियोग्य मूल्य पर किया जाता है और उसे कोयले के स्टॉक के एक हिस्से के रूप में विचार किया जाता है।

स्लरी (कोकिंग/ सेमी कोकिंग) वाशरियों की मिडलिंग और उत्पादों का मूल्यांकन निवल प्राप्तियोग्य मूल्य पर किया जाता है और उसे कोयले के स्टॉक के एक हिस्से के रूप में विचार किया जाता है।

2.20.2 स्टोर्स एवं पुर्जे

केंद्रीय एवं क्षेत्रीय स्टोर्स में स्टोर्स व पुर्जों का स्टॉक (इसमें लूज टूल्स भी शामिल हैं) को प्राइस स्टोर्स लेजर में दिख रहे शेष के अनुसार विचार किया जाता है और उसका मूल्यांकन वेटेड एवरेज मेथड के आधार पर की गई गणना से होने वाली लागत पर किया जाता है। कॉलरियों/ उप स्टोर्स/ ड्रिलिंग कैंप/ उपभोग केंद्रों में रखे गए स्टोर्स एवं पुर्जों की वस्तुसूची को प्रत्यक्ष रूप से सत्यापित स्टोर्स के अनुसार केवल वर्ष की समाप्ति पर ही विचार किया जाता है और उसका मूल्यांकन लागत पर किया जाता है। अनुपयोगी, क्षतिग्रस्त एवं अप्रचलित स्टोर्स तथा पुर्जों के लिए 100 % की दर से और 5 वर्षों से स्थानांतरित नहीं हुए स्टोर्स एवं पुर्जों के लिए 50 % की दर से प्रावधान किए जाते हैं।

2.20.3 अन्य वस्तुसूचियां

वर्क इन प्रोग्रेस समेत वर्कशॉप के कार्यों का मूल्यांकन लागत किया जाता है। प्रेस के कार्यों (वर्क इन प्रोग्रेस सहित), प्रिंटिंग प्रेस में स्टेशनरी तथा केंद्रीय अस्पताल में औषधियों के स्टॉक का मूल्यांकन लागत पर किया जाता है। तथापि, स्टेशनरी (प्रिंटिंग प्रेस में रखी स्टेशनरी के अलावा), ईंटों, रेती, औषधियों (केंद्रीय अस्पतालों की औषधियों को छोड़कर) तथा स्क्रैप के स्टॉक को उनका मूल्य महत्वपूर्ण नहीं मानकर वस्तुसूची में शामिल नहीं किया जाता है।

2.21 प्रावधान, आकस्मिक देयताएं एवं आकस्मिक परिसंपत्तियां

प्रावधानों को मान्यता दी जाती है, जब विगत की घटना के परिणामस्वरूप कंपनी का वर्तमान दायित्व (कानूनी या रचनात्मक) है और इस बात की संभावना है कि दायित्व के निपटान के लिए आर्थिक लाभों के आउटफ्लो की आवश्यकता होगी तथा दायित्व की राशि का विश्वसनीय अनुमान लगाया जा सकता है।

जहां धन का समय मूल्य मटेरियल है, वहां प्रावधानों को दायित्व के निपटान के लिए अपेक्षित व्यय के वर्तमान मूल्य पर दर्शाया जाता है।

प्रत्येक तुलन पत्र की तारीख पर सभी प्रावधानों की समीक्षा की जाती है और वर्तमान के सर्वोत्तम अनुमान को दर्शाने के लिए समायोजित किया जाता है।

जहां इस बात की संभावना नहीं है कि आर्थिक लाभों के आउटफ्लो की आवश्यकता होगी या विश्वसनीय रूप से राशि का अनुमान नहीं लगाया जा सकता है, वहां दायित्व को आकस्मिक देयता के रूप में दर्शाया जाता है, जब तक कि आर्थिक लाभों के आउटफ्लो की संभावना बहुत कम है। संभावित दायित्वों, जिसके अस्तित्व की पुष्टि केवल एक या एक से अधिक भावी अनिश्चित घटनाओं, जो कि कंपनी के पूर्णतः नियंत्रण में नहीं है, के घटित होने या घटित नहीं होने से होगी, को भी आकस्मिक देयताओं के रूप में दर्शाया जाता है, जब तक कि आर्थिक लाभों के आउटफ्लो की संभावना बहुत कम है। आकस्मिक परिसंपत्तियों को वित्तीय विवरणों में मान्यता नहीं दी जाती है। तथापि, जब आय की प्राप्ति वस्तुतः निश्चित है, तब संबंधित परिसंपत्ति आकस्मिक देयता नहीं होती है और उसकी मान्यता उचित होती है।

2.22 प्रति शेयर अर्जन

अवधि के दौरान शेष इक्विटी शेयरों की वेटेड एवरेज नंबर द्वारा कर पश्चात निवल लाभ को विभाजित कर प्रति शेयर मूल अर्जन को कम्प्यूट किया जाता है। इक्विटी शेयरों का वेटेड एवरेज नंबर, जिसे प्रति शेयर मूल अर्जन को प्राप्त करने तथा इक्विटी शेयरों के वेटेड एवरेज नंबर को भी ध्यान में रखा जाता है, जिन्हें सभी डाइलूटिव पोटेंशल इक्विटी शेयरों के परिवर्तन पर जारी किया गया होता, द्वारा कर पश्चात लाभ को विभाजित कर प्रति शेयर डाइलूटेड अर्जन को कम्प्यूट किया जाता है।

2.23 निर्णय, आकलन एवं पूर्वानुमान

भारतीय लेखाकरण मानक के अनुसार वित्तीय विवरणों को तैयार करने से प्रबंधन को आकलन करना, निर्णय लेना तथा पूर्वानुमान लगाना आवश्यक हो जाता है, जो लेखाकरण की नीतियों को लागू करने और परिसंपत्तियों एवं देयताओं की रिपोर्टेड राशि, वित्तीय विवरणों की तारीख तक आकस्मिक परिसंपत्तियों एवं देयताओं का प्रकटन तथा सूचना अवधि के दौरान राजस्व व व्यय की राशि पर प्रभाव डालता है। लेखाकरण नीति लागू होने, जिसमें जटिल एवं व्यक्तिपरक निर्णयों का समावेश है और इन वित्तीय विवरणों में पूर्वानुमानों के उपयोग को दर्शाया गया है। लेखाकरण आकलन में समय-समय पर परिवर्तन हो सकता है। वास्तविक परिणाम इन

आकलनों से अलग हो सकता है। आकलनों एवं अंडरलाइंग पूर्वानुमानों की समीक्षा वर्तमान आधार पर की जाती है। लेखाकरण आकलन में संशोधन उस अवधि में किए जाते हैं, जिसमें आकलनों का संशोधन किया जाता है और उन्हें लागू किए जाने पर उनका प्रभाव वित्तीय विवरणों की टिप्पणियों में दर्शाया जाता है।

2.23.1 निर्णय

कंपनी की लेखाकरण नीतियों को लागू करने की प्रक्रिया में, प्रबंधन ने निम्नलिखित निर्णय लिए हैं, जिसका अधिक महत्वपूर्ण प्रभाव वित्तीय विवरणों में मान्यता दी गई राशि पर पड़ता हैः-

2.23.1.1 लेखाकरण नीतियां बनाना

लेखाकरण नीतियों को इस तरह से बनाया गया जाता है, जिससे वित्तीय विवरण बनते हैं, जिसमें लेन-देन के बारे में संबंधित एवं विश्वसनीय जानकारी, अन्य घटनाएं एवं शर्तें जिसके लिए वे लागू होती हैं, का समावेश होता है। इन नीतियों को लागू करने की आवश्यकता नहीं होती है, जब उन्हें लागू करने का कोई प्रभाव नहीं होता है।

भारतीय लेखाकरण मानक की अनुपस्थिति में, जो विशेष रूप से लेन-देन, अन्य घटना या स्थिति को लागू है, प्रबंधन अपने निर्णय का उपयोग लेखाकरण नीति विकसित तथा लागू करने में करती है, जिससे निम्नलिखित की जानकारी मिलती हैः-

(क) उपयोगकर्ताओं की आर्थिक निर्णय लेने की आवश्यकता संबंधी और

(ख) उन वित्तीय विवरणों की विश्वसनीय जहां :-

(i) वित्तीय स्थिति, वित्तीय कार्य निष्पादन तथा कंपनी के कैश फ्लो को निष्ठापूर्वक दर्शाया जाता है (ii) लेन-देन की आर्थिक वस्तु, अन्य घटनाएं एवं स्थिति जो केवल कानूनी रूप में नहीं हैं, दर्शाते हैं, (iii) जो तटस्थ अर्थात पक्षपात रहित है, (iV) जो बुद्धिमान हैं और (V) एकरूप आधार पर सभी पहलुओं से पूर्ण है। निर्णय करते समय प्रबंधन उपयुक्तता पर विचार कर अवरोही क्रम में निम्नलिखित स्रोतों को रेफर करती हैः-

(क) समान एवं संबंधित मामलों संबंधी भारतीय लेखाकरण मानकों में आवश्यकताएं और

(ख) फ्रेमवर्क में परिसंपत्तियों, देयताओं, आय एवं व्यय के लिए परिभाषाएं, मान्यता के मानदंड तथा आकलन अवधारणा निर्णय करते समय प्रबंधन अंतरराष्ट्रीय लेखाकरण मानक बोर्ड के हाल की घोषणाओं पर विचार करती है और उसकी अनुपस्थिति में मानक निर्धारित करने वाले अन्य निकाय लेखाकरण मानकों को विकसित करने, अन्य लेखाकरण साहित्य तथा स्वीकृत उद्योग प्रथाओं के समान अवधारणा फ्रेमवर्क का उस सीमा तक उपयोग करते हैं कि वे उपर्युक्त पैराग्राफ के स्रोतों के साथ परस्पर विरोधी न हों।

कंपनी माइनिंग सेक्टर में काम करती है (वह सेक्टर जहां गवेषण, मूल्यांकन, विकास उत्पादन की स्थितियां दशकों तक चलने वाली लीज अवधि की विभिन्न टोपोग्राफिकल एवं भू-खनन भूभाग पर आधारित है और उसमें निरंतर संभावना है), उसकी लेखाकरण नीतियां विशेष उद्योग प्रथाओं पर विकास आधारित है, जिसे अनुसंधान समितियों का समर्थन है तथा विगत कई दशकों तक उसके निरंतर प्रयोग के कारण विभिन्न नियामकों द्वारा अनुमोदित है। कुछ विशेष क्षेत्रों में विशेष लेखाकरण साहित्य, मार्गदर्शन तथा मानकों की अनुपस्थिति में वे विकास की प्रक्रिया में हैं। कंपनी लेखाकरण साहित्य के विकास के अनुरूप लेखाकरण नीतियों को विकसित करने के लिए प्रयास करती है और उसमें किसी भी विकास को उपर्युक्त लेखाकरण मानक 8 में विशेष रूप से निर्धारित कार्यविधि के अनुसार पूर्व प्रभाव से हिसाब में लिया जाएगा।

लेखाकरण के एक्रूअल आधार का उपयोग कर वर्तमान महत्व के आधार पर वित्तीय विवरणों को तैयार किया जाता है।

2.23.1.2 मटेरिअलिटी

भारतीय लेखाकरण मानक उन मदों को लागू होता है जो मटेरिअल है। प्रबंधन यह निश्चय करने में निर्णय का उपयोग करती है कि क्या एक-एक मद या मदों के समूह वित्तीय विवरणों में मटेरिअल है। मटेरिअलिटी का आकलन मद के आकार एवं स्वरूप के संदर्भ में किया जाता है। निर्णायक फैक्टर यह है कि क्या त्रुटि या गलत विवरण व्यक्तिगत रूप से या सामूहिक रूप से उन आर्थिक निर्णयों प्रभावित करती है, जिन्हें उपयोगकर्ता वित्तीय विवरणों के आधार पर करते हैं। प्रबंधन भारतीय लेखाकरण मानक की अनुपालन आवश्यकता निर्धारित करने के लिए मटेरिअलिटी के निर्णय का भी उपयोग करती है। किसी भी विशेष परिस्थिति में प्रकृति या मद की राशि या मदों का कुल निर्धारण फैक्टर नहीं हो सकता है। कंपनी को कानून के अनुसार आवश्यकता होने पर अलग से इममटेरिअल मदों को भी प्रस्तुत करने की आवश्यकता हो सकती है।

पूर्व अवधि से संबंधित मौजूदा वर्ष में 01.04.19 से पाई गई त्रुटियों / चूक को वर्तमान वर्ष के दौरान सारहीन और समायोजित माना जाता है, अगर कुल मिलाकर ऐसी सभी त्रुटियां और चूक परिचालन से कुल राजस्व का 1% से अधिक नहीं हैं (सांविधिक करारोपण निवल) कंपनी के पिछले वित्तीय विवरण को समेकित किया गया।

2.23.1.3 प्रचालन लीज

कंपनी ने लीज अनुबंध किए हैं। अनुबंधों के नियमों एवं शर्तों जैसे, लीज की अवधि जो वाणिज्यिक संपत्ति के आर्थिक जीवनकाल का प्रमुख अंग नहीं है तथा परिसंपत्ति का उचित मूल्य, के मूल्यांकन के आधार पर कंपनी ने दृढ़ निश्चय किया है कि वह सभी महत्वपूर्ण जोखिमों तथा इन संपत्तियों के स्वामित्व के रिवार्ड अपने पास रखेंगी और संविदाओं को प्रचालन लीज के रूप में लिया जाएगा।

2.23.2 आकलन एवं पूर्वानुमान

सूचना अवधि में भविष्य से संबंधित प्रमुख पूर्वानुमान और आकलन अनिश्चितता के अन्य प्रमुख स्रोतों, जिसमें अगले वित्तीय वर्ष में परिसंपत्तियों की कैरिंग राशि एवं देयताओं का मटेरिअल समायोजन करने का महत्वपूर्ण जोखिम है, का वर्णन नीचे किया गया है। जब वित्तीय विवरणों को तैयार किया जाता है, तब कंपनी उपलब्ध पैरामीटरों पर अपने पूर्वानुमानों एवं आकलनों को आधार बनाती है। तथापि, वर्तमान परिस्थितयों एवं भावी विकास के बारे में पूर्वानुमान मार्केट में आए बदलावों या उत्पन्न परिस्थितियों के कारण बदल सकते हैं, जो कंपनी के नियंत्रण से बाहर है। जब इस प्रकार के बदलाव होते हैं तो वे पूर्वानुमानों में दिखाई देते हैं।

2.23.2.1 गैर-वित्तीय परिसंपत्तियों की क्षति

यदि परिसंपत्ति का कैरिंग मूल्य या कैश जनरेटिंग यूनिट उसकी वसूलीयोग्य राशि से अधिक होती है तो वहां क्षति का संकेत होता है, जो कि उसके उचित मूल्य का उच्चतम है, लेस निपटान लागत तथा उपयोग में लाया गया उसका मूल्य है। कंपनी क्षति के परीक्षण के प्रयोजन के लिए व्यक्तिगत खान को अलग कैश जनरेटिंग यूनिट के रूप में विचार करती है। उपयोग में लाए गए मूल्य की गणना डीसीएफ मॉडेल पर आधारित है। अगले पांच वर्षों के लिए बजट से कैश फ्लो प्राप्त किया जाता है और उसमें रिस्ट्रक्चरिंग गतिविधियों का समावेश नहीं है, जिसके लिए कंपनी अभी तक प्रतिबद्ध नहीं है या महत्वूर्ण भावी निवेश परीक्षण किए जा रही सीजीयू की परिसंपत्ति के कार्य निष्पादन को बढ़ाएगी। वसूलीयोग्य राशि डीसीएफ मॉडेल तथा अपेक्षित भावी कैश इनफ्लो के लिए प्रयुक्त छूट की दर के लिए संवेदनशील है और एक्स्ट्रापोलेशन प्रयोजनों के लिए वृद्धि दर का उपयोग किया जाता है। ये आकलन अन्य खनन बुनियादी संरचनाओं से संबंधित हैं। विभिन्न सीजीयू के लिए वसूलीयोग्य राशि निर्धारित

करने के लिए प्रयुक्त प्रमुख पूर्वानुमानों को दर्शाया गया है और उसे आगे संबंधित टिप्पणियों में स्पष्ट किया गया है।

2.23.2.2 कर

आस्थगित कर परिसंपत्तियों को अप्रयुक्त कर हानि को उस सीमा तक मान्यता दी जाती है, जब तक कि इस बात की संभावना होती है कि करयोग्य लाभ उपलब्ध होगा, जिसके विपरीत हानि का उपयोग किया जा सकता है। महत्पूर्ण प्रबंधन निर्णय आस्थगित कर परिसंपत्तियों की राशि निर्धारित करने के लिए आवश्यक है, जिसे संभावित समय निर्धारण तथा भावी कर योजना की रणनीतियों के साथ भावी करयोग्य लाभों के स्तर के आधार पर मान्यता दी जा सकती है।

2.23.2.3 परिभाषित लाभ योजनाएं

एक्चुरिअल मूल्यांकनों का उपयोग कर परिभाषित लाभ ग्रेच्युटी योजना तथा नौकरी के पश्चात अन्य चिकित्सा लाभों एवं ग्रेच्युटी देयता के वर्तमान मूल्य का निर्धारण किया जाता है। एक्चुरिअल मूल्यांकन में विभिन्न पूर्वानुमान लगाना शामिल है, जो भविष्य में वास्तविक विकास भिन्न हो सकता है। इनमें छूट दर का निर्धारण, भविष्य में वेतन वृद्धि तथा मृत्युदर का समावेश है। मूल्यांकन में शामिल जटिलताओं तथा उसकी दीर्घावधि प्रकृति के कारण इन पूर्वानुमानों में होने वाले बदलावों के परिभाषित लाभ दायित्व ज्यादा संवेदनशील हैं। प्रत्येक सूचना तारीख पर सभी पूर्वानुमानों की समीक्षा की जाती है। पैरामीटर जो सबसे ज्यादा परिवर्तन के अधीन है, वह है छूट दर। भारत में संचालित योजनाओं के लिए उचित छूट दर निर्धारित करने के लिए प्रबंधन नौकरी पश्चात लाभ दायित्व की करंसी के अनुरूप करंसी में सरकारी बांड के ब्याज दर पर विचार करती है।

